

दैनिक

# जयपुर टाइम्स

जयपुर, सीकर, झुंझुनूं, चुरू, नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

नई सोच नई रफ्तार

jaipurtimes.org
twitter.com/JaipurTimes2
dainikjaipurtimes
youtube.com/c/JaipurTimes
instagram.com/jaipurtimesjt

वर्ष : 10 | अंक : 65 | ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 | जयपुर, शनिवार 29 मार्च, 2025 | ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 | ■ मूल्य : 1.5 रुपए | ■ पृष्ठ : 8+2

## न्यूज़ इनबॉक्स

### सबसे बड़े रक्षा सौदे को केंद्र ने दी मंजूरीः प्रचंड हेलीकॉप्टर से भारत की ताकत होगी 'प्रचंड'

एजेंसी

नई दिल्ली(एजेंसी.)।। भारत ने 156 मेड इन इंडिया प्रचंड हेलीकॉप्टर खरीदने का फैसला लिया है। ये लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर (एलसीएच) हैं। रक्षा अधिकारी के हवाले से आई एक रिपोर्ट में कहा गया है कि यह अब तक का सबसे बड़ा रक्षा सौदा है, जिसे केंद्र सरकार ने मंजूरी दी है। सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की आज हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। रक्षा अधिकारी ने बताया कि रक्षा मंत्रालय ने इस वित्त वर्ष में 2.09 लाख करोड़ रुपये से अधिक के अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए हैं।

#### हथियारों के स्वदेशीकरण को मिलेगा बढ़ा

इस खरीद से रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता की बढ़ेगी, बल्कि हथियारों के स्वदेशीकरण को भी बढ़ावा मिलेगा। बता दें कि, अभी तक एचएएल ने 15 प्रचंड हेलीकॉप्टर बनाए हैं, जिनमें भारतीय वायुसेना के लिए दस और सेना के लिए पांच एलसीएच प्रचंड शामिल हैं।

एलसीएच प्रचंड में दो लोग बैठ सकते हैं। यह 51.10 फीट लंबा, 15.5 फीट ऊंचा है। पूरे सैन्य साजो सामान के साथ इसका वजन 5800 किग्रा है। इसपर 700 किग्रा के हथियार लगाए जा सकते हैं। वहीं अधिकतम रफ्तार 268 किमी प्रतिघंटा है। प्रचंड की रेंज 550 किमी है। यह लगातार 3 घंटे 10 मिनट तक उड़ान भर सकता है। यह वजन के साथ 16,400 फीट की ऊंचाई पर भी टेकऑफ कर सकता है। इसके अलावा प्रचंड में 20 मिमी की एक तोप भी लगी है।

### बृज विश्वविद्यालय भरतपुर के कुलपति निलंबित

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। राज्यपाल व कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने शुक्रवार को आदेश जारी कर महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर के कुलपति प्रो. रमेश चंद्रा को राज्य सरकार के परामर्श से तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।

राज्यपाल ने प्रो. चंद्रा के खिलाफ संभागीय आयुक्त, भरतपुर की जांच रिपोर्ट के आधार पर उन्हें निलंबित किया है। संभागीय आयुक्त, भरतपुर की ओर से प्रथम दृष्ट्या उनके विरुद्ध आरोप प्रमाणित पाए गए।

### सीएम को धमकी देने वाले को धरा

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)।प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को जेल से मिली धमकी के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। मामले में बीकानेर सेंट्रल जेल में बंद कैदी आदिल को पुलिस और जेल प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई में गिरफ्तार किया गया है। जेल प्रशासन की ओर से चलाए गए सर्च ऑपरेशन चलाया में आदिल के पास से एक मोबाइल फोन बरामद हुआ, जिससे उसने मुख्यमंत्री को धमकी दी थी।

### हाईकोर्ट में चार नए न्यायाधीशों ने ली शपथ

जयपुर टाइम्स

जोधपुर(निसं.)।। राजस्थान हाईकोर्ट में शुक्रवार को आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में अधिवक्ता कोटे से नियुक्त चार नए न्यायाधीशों ने पद की शपथ ली। मुख्य न्यायाधीश एम.एम. श्रीवास्तव ने न्यायाधीश मुकेश राजपुरोहित, सुनील बेनीवाल, आनंद शर्मा और संदीप शाह को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इन चार नई नियुक्तियों के बाद अब राजस्थान हाईकोर्ट में न्यायाधीशों की कुल संख्या बढ़कर 38 हो गई है। गौरतलब है कि राजस्थान हाईकोर्ट में कुल 50 न्यायाधीशों के पद स्वीकृत हैं। मुख्य पीठ में आयोजित इस शपथ ग्रहण समारोह में बड़ी संख्या में वरिष्ठ अधिवक्ता, न्यायिक अधिकारी सहित कई लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर न्यायिक प्रणाली को मजबूत करने और लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे की दिशा में नई नियुक्तियों को महत्वपूर्ण कदम बताया गया।

राजस्थान दिवस कार्यक्रम श्रृंखलाः भीलवाड़ा में राज्यस्तरीय विकास व सुशासन उत्सव

# सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास सुशासन का मंत्रः सीएम

- राजस्थान को समृद्ध और विकसित बनाने के लिए हम कृतसंकल्पित
- पत्रकारों के लिए 'राजस्थान पत्रकार स्वास्थ्य योजना' का शुभारंभ






जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास हमारे लिए सुशासन का मंत्र है। विकास और सुशासन के इस संकल्प में जनता का साथ हमारी ताकत है। उन्होंने कहा कि हम राजस्थान को एक समृद्ध और विकसित राज्य के रूप में स्थापित करने के लिए पूरी तरह समर्पित हैं। शर्मा ने शुक्रवार को भीलवाड़ा में राजस्थान दिवस कार्यक्रम के तहत आयोजित विकास व सुशासन उत्सव को संबोधित किया। उन्होंने राजस्थान के एकीकरण में अपना अमूल्य योगदान देने वाली महान विभूतियों को, विशेष रूप से लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी को नमन करते हुए कहा कि उनके अथक प्रयासों के कारण ही राजपूताना की रियासतों का एकीकरण संभव हो सका। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अब से हर साल चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर ही राजस्थान दिवस मनाने का निर्णय किया है।

### पत्रकार हेल्थ कवरेज योजना व चिकित्सा ऐप का शुभारम्भ,मरीज को मिलेगा घर बैठे अपॉइंटमेंट

शर्मा ने कहा कि पत्रकार हमारे लोकतंत्र के प्रहरी और चौथा स्तंभ हैं। विकसित राजस्थान के सपने को साकार करने में उनकी भूमिका अहम है। उनके श्रम और समर्पण को सम्मान देते हुए हमारी सरकार ने पत्रकार हेल्थ कवरेज (आरजेएचएस) योजना का शुभारंभ किया है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए चिकित्सा ऐप लॉन्च किया गया है। इससे मरीज घर बैठे मोबाइल से अपॉइंटमेंट ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय शहरी विकास योजना के आज जारी हुए दिशा-निर्देश शहरों को और अधिक समृद्ध और सुविधाजनक बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

### सुशासन हमारे देश और प्रदेश की प्रगति की कुंजी

मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन हमारे देश और प्रदेश की प्रगति की कुंजी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अनुसार अच्छा शासन वही है, जो लोगों की आकांक्षाओं और उम्मीदों के अनुसार काम करे। इसी को ध्येय मानते हुए हमारी सरकार आमजन की बेहतरी और कल्याण के लिए काम कर रही है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि 30 मार्च 1949 को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन ही वृहद् राजस्थान का गठन हुआ था। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सनातन संस्कृति की परंपरा को कायम करते हुए हर वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को राजस्थान दिवस मनाए जाने की सराहनीय पहल की है। उन्होंने कहा कि सुशासन लोकतंत्र की रीढ़ है और अच्छी नीति व नीयत के साथ ही सुशासन स्थापित होता है। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुए राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट के अन्तर्गत 35 लाख करोड़ रूपए के निवेश एमओयू हुए हैं, जिससे प्रदेश विकास के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगा। उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि राजस्थान वीरों की भूमि है। मुख्यमंत्री की पहल पर साप्ताहिक कार्यक्रमों के माध्यम से राजस्थान दिवस का वृहद स्तर पर आयोजन हो रहा है, जिसके अन्तर्गत विभिन्न वर्गों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। जनस्वास्थ्य व अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री के भगीरथ प्रयासों से डबल इंजन की सरकार प्रदेश में प्रगति के पथ पर नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जिला कलक्टर चित्तौड़गढ़ आलोक रंजन, जिला कलक्टर डूंगरपुर अंकित कुमार सिंह, शासन सचिव कार्मिक के.के. पाठक, महानिदेशक साइबर क्राइम शरद कविराज, महानिदेशक बीकानेर रेंज ओमप्रकाश को अटल ई-गवर्नेंस स्टेट अवार्ड से सम्मानित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद भी किया।

### आमजन को मिली ये सौगातें

मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों की महत्वपूर्ण योजनाओं के दिशा-निर्देश जारी करने के साथ ही 10 हजार करोड़ रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया। उन्होंने नगरीय विकास विभाग से संबंधित डेलीगेशन के आदेश, फायर एनओसी प्राप्त करने की प्रक्रिया के सरलीकरण, नए जिलों में डीएमएफटी के गठन, हरित अरावली विकास परियोजना, अन्नपूर्णा भण्डार, रजिस्ट्रार कार्यालय सप्ताह में 2 दिन सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक खुलने के दिशा-निर्देश जारी किए। इस अवसर पर सभी जिलों की पंचगौरव पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। इससे स्थानीय क्षमताओं और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा।

### पिछली सरकार का शासन था भ्रष्टाचार का पर्याय

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के शासन में महिला उत्पीड़न, पेपर लीक की घटनाएं, बिजली की किल्लत, जल जीवन मिशन में घोटाले, ईआरसीपी के नाम पर राजनीति व आर्थिक कुप्रबंधन जैसे मामलों से प्रदेश अराजकता और अव्यवस्था की गिरफ्त में रहा। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने अपने कार्यकाल के अंतिम वर्ष में केवल जनता को दिखाने के लिए इन्वेस्टमेंट समिट किया था।

जबकि हमारी सरकार ने अपने कार्यकाल के पहले ही साल में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन किया। साथ ही, इस समिट में हुए एमओयू को भी धरातल पर उतारा जा रहा है।

### हमने राज्य में बढ़ाई विकास की रफ्तार

शर्मा ने कहा कि राजस्थान विकास की पटरी पर तेजी से दौड़ रहा है। हमारी सरकार किसान, युवा, मजदूर, महिला के उत्थान के लिए प्रतिबद्धता से काम कर रही है। हमने किसानों को वर्ष 2027 तक दिन में बिजली देने का लक्ष्य रखा है, साथ ही उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए भी विभिन्न नीतियां जारी की हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से जल जीवन मिशन में 12 लाख ग्रामीण परिवारों को नल से जल, पेपर लीक प्रकरणों में गिरफ्तारी, राइजिंग राजस्थान समिट में 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू, राम जल सेतु लिंक परियोजना और यमुना जल समझौते जैसे जनता से किए गए प्रत्येक वादे को पूरा किया जा रहा है।

रतनगढ़ के सेल टेक्स विभाग में एसीबी की कार्रवाई

## एसीटीओ व आईसीटीओ एक लाख की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

रतनगढ़(निस)। एसीबी की चूरू इकाई की ओर से शहर के सेल टेक्स विभाग में कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को रतनगढ़ एसीटीओ व आईसीटीओ को एक लाख रुपए



की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार 25 मार्च को एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चौकी चूरू इकाई की ओर से कार्रवाई करते हुए सहायक वाणिज्यक कर अधिकारी महेश कुमार व कनिष्ठ वाणिज्य कर अधिकारी नरेंद्रसिंह को राजलदेसर की एक फर्म के रिटर्न्स नहीं भरने पर फर्म को डिफाल्टर और उस पर जुर्माना नहीं लगाने के लिए परिवादी व उसके सीए के समक्ष तीन लाख रुपए की रिश्वत की मांग की गई थी। फर्म के सीए के माध्यम से एसीटीओ महेश कुमार के कार्यालय कक्ष में एक लाख रुपए रिश्वत प्राप्त कर अपने कार्यालय में पास की सीट पर बैठे आईसीटीओ नरेंद्रसिंह को दिए, जिसने उक्त राशि मिनी कैरीबैग में डालकर अपनी जेब में रख ली। एसीबी ने रिश्वत राशि प्राप्त करने पर एसीटीओ व आईसीटीओ को रंगे हाथों पकड़ लिया और नरेंद्रसिंह के पास से एक लाख रुपए की रिश्वत राशि प्राप्त की। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ रविप्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी चौकी चूरू को 25 मार्च को एक शिकायत इस आशय की कि मिली कि राजलदेसर की फर्म मुकेश जनरल स्टोर के रिटर्न्स नहीं भरने पर उसे डिफाल्टर घोषित न करने और उस पर जुर्माना नहीं लगाने के लिए परिवादी व उसके सीए से तीन लाख रुपए रिश्वत की मांग कर परेशान किया जा रहा था। अधिकारियों से वार्ता के पश्चात दो लाख रुपए में सौदा तय हुआ।

## जयपुर नगर निगम में अब होगा एक ही मेयर, वार्डों का होगा विस्तार!

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। राजधानी के शहरी विकास को लेकर अब एक महत्वपूर्ण फैसला लिया गया है। राज्य सरकार ने जयपुर नगर निगम ग्रेटर और हैरिटेज की सीमा विस्तार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस मंजूरी के बाद अब जयपुर नगर निगम क्षेत्र में तीन उपखंडों के 78 नए गांव जोड़े गए हैं। इसके साथ ही करीब 30 साल बाद पहली बार नगर निगम की सीमा का विस्तार हुआ है, जो जयपुर के विकास में नया अध्याय जोड़ेगा।

पिछले दिनों जयपुर जिला निर्वाचन शाखा ने 80 गांवों को नगर निगम क्षेत्र में शामिल करने का प्रस्ताव तैयार कर स्वायत्त शासन विभाग के माध्यम से राज्य सरकार को भेजा था। इस पर यूडीएच मंत्री के साथ विचार-विमर्श के बाद 78 गांवों को ही शामिल करने का निर्णय लिया गया। नगर निगम सीमा विस्तार के साथ ही जयपुर नगर निगम ग्रेटर और हैरिटेज के 250 वार्डों का पुनर्गठन कर अब नए 150 वार्ड बनाए गए हैं। खास बात यह है कि इस बार दोनों निगमों में अलग-अलग मेयर नहीं होंगे, बल्कि दोनों के लिए एक ही मेयर चुना जाएगा। साथ ही सभी वार्डों की सीमाओं का पुनर्निर्धारण किया गया है और इस पर आमजन से 17 अप्रैल तक सुझाव और आपत्तियां मांगी गई हैं।



## उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने लाभार्थियों को बांटे स्मार्ट फोन, पट्टे और चैक

अन्त्योदय से होगा प्रत्येक व्यक्ति का विकास : दिया कुमारी

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के अन्तर्गत गुरूवार को अंत्योदय कल्याण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भरतपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से संबोधित किया। वीसी के माध्यम से अजमेर में इसका सीधा प्रसारण डॉ. भीमराव अंबेडकर मेडिकल कॉलेज सभागार में किया गया। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित किया और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को लाभान्वित किया। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि भारत को अब विश्व पटल पर पहचान मिली है। दुनिया भर में भारत को सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विकसित भारत बनाने के ध्येय को लेकर प्रतिबद्ध है। विकसित भारत की संकल्पना जल्द पूर्ण होगी। इसे पूर्ण करने में सरकार और समाज एक साथ लगे हुए है। इसके परिणाम भी सामने आ रहे है। भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। उन्होंने कहा कि केन्द्र के साथ-साथ राज्य सरकार भी देश को आगे बढ़ाने में लगी हुई है। राज्य सरकार राज्य को देश में अग्रणी राज्य बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसके लिए शिक्षा, सड़कें, स्वास्थ्य, पेयजल जैसी मूलभूत आवश्यकताओं को केन्द्र में रख कर कार्य किया है। गत एक वर्ष में आमजन से जुड़े बड़े कार्य किए गए। प्रत्येक क्षेत्र में विकास किया जा रहा है। राज्य में मूलभूत सुविधाओं का वृहद स्तर पर विस्तार हुआ है। डबल इंजन की सरकार बिना रुकावट के प्रगतिशील रहेगी।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा युवा, किसान, महिला, मजदूर सहित हर वर्ग के लिए संवेदनशील है। अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के उत्थान के लिए सरकार कटिबद्ध है। डबल इंजन की सरकार के माध्यम से जनहित के कार्यों की गति को बढ़ावा मिला है। इससे गरीब वर्ग के जीवन में बदलाव आया है। अन्त्योदय कल्याण समारोह के माध्यम से अन्तिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य किया गया है।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रदेशवासी को राजस्थानी होने पर गर्व महसूस करना चाहिए। साथ ही राज्य की प्रगति में भागीदारी निभानी चाहिए। सबके सहयोग व योगदान से राजस्थान देश के अग्रणी राज्य की श्रेणी में जगह सुनिश्चित कर विकसित राज्य बनेगा। बजट घोषणाओं में भी विकास सुनिश्चित किया गया है। इनके माध्यम से राज्य के प्रत्येक व्यक्ति के जीवन को ऊंचा उठाने के लिए प्रयास किए गए हैं। बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन से आमजन तक विकास की गंगा पहुंचेगी। कार्यक्रम में 46 दृष्टिबाधित दिव्यांगों को स्मार्ट फोन वितरित किए गए। इस स्मार्ट फोन में दृष्टिबाधितों की सहायता के लिए विशेष सॉफ्टवेयर एलीमको की ओर से डाले गए है। श्रवण बाधित 10 विद्यार्थियों को श्रवणयंत्र दिए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अन्तर्गत 5 लाभार्थियों को अगली किस्त जारी की गई। जिला परिषद के माध्यम से स्वामित्व योजना के अन्तर्गत 14 लाभार्थियों को प्रॉपर्टी पार्सल पट्टे दिए गए।

दो दिवसीय राजस्थान आईटी डे का समापन

## सीएम भजनलाल के नेतृत्व में राजस्थान टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में बना ट्रेंडसेटरः कर्नल राज्यवर्धन

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग की ओर से आयोजित दो दिवसीय राजस्थान आईटी डे का समापन समारोह शुक्रवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सूचना प्रौद्योगिकी और संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि आज पूरी दुनिया सुलभ टेक्नोलॉजी के लिए भारत की ओर देख रही है। भारत में कम कीमत पर उच्च तकनीक की उपलब्धता इसे दुनिया का सबसे बड़ा बाजार बनाती है। कर्नल राठौड़ ने कहा कि आईटी आज लोगों के जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है, जिससे कम समय में अधिक दक्षता के साथ काम करना संभव हुआ है। आज मेडिकल, स्पेस साइंस, शिक्षा और सेवा क्षेत्र में




आईटी ने लोगों के जीवन को आसान बनाया है। प्रदेश में भी आईटी की मदद से जन कल्याणकारी योजनाएं आमजन तक कम समय में पारदर्शिता के साथ पहुंचाई जा रही हैं।

### 'फायरसाइड चैट राजस्थान' में हुई विस्तृत चर्चा

समापन समारोह के दौरान कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने फायरसाइड चैट राजस्थान सत्र में योरस्टोरी की संस्थापक श्रद्धा शर्मा के साथ विस्तृत चर्चा में कहा कि राजस्थान का आईटी विभाग देश में सर्वश्रेष्ठ है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान आज टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में ट्रेंडसेटर के रूप में उभर रहा है, जिससे यह इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के इच्छुक लोगों की पहली पसंद बनता जा रहा है। उन्होंने राजस्थान के डेटा सेंटर को देश में सर्वश्रेष्ठ बताया।

### सरकार की पारदर्शिता और जनकल्याण की प्रतिबद्धता

कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में बीता एक साल प्रदेश के विकास के लिए महत्वपूर्ण साबित हुआ है। मुख्यमंत्री की जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्धता के कारण राज्य सरकार आमजन की सभी आवश्यकताओं को पूरा करने में सफल रही है।

## राजकीय अवकाश में भी खुलेंगे परिवहन कार्यालय, समस्त कार्यों का किया जाएगा संपादन

जयपुर टाइम्स

अलवर(नि.सं.)। वित्तीय वर्ष 2024-25 की समाप्ति में अंतिम तीन दिवस शेष होने के कारण परिवहन कार्यालय अलवर को आवंटित राजस्व लक्ष्यों की पूर्ति हेतु कार्यालय राजकीय अवकाश दिवस 29 मार्च से 31 मार्च तक नियमित रूप से खुला रहेगा तथा कार्यालय में आमजन संबंधी समस्त कार्य यथा पंजीयन, लाईसेंस, कर संग्रहण, चालानों का निस्तारण इत्यादि का संपादन किया जावेगा।

प्रादेशिक परिवहन अधिकारी अलवर सतीश कुमार ने बताया कि साथ ही वार्षिक कर देयता वाले ऐसे भार वाहन जिनके द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 का कर आदिनांक तक जमा नहीं करवाया गया है, के वाहन स्वामियों को सूचित किए जाता है कि अपने वाहन का कर उक्त तीन दिवसों में जमा करवा दें अन्यथा 03 प्रतिशत शास्ति एवं कर राशि के बराबर प्रशमन राशि की वसूली की जावेगी। ई-रवन्ना बकाया वाले वाहनों के वाहन स्वामी भी उक्त तीन दिवसों में कार्यालय में उपस्थित होकर ई-रवन्ना एमनेस्टी के अन्तर्गत 95 प्रतिशत तक की छूट का लाभ उठाते हुए प्रकरणों का निस्तारण करवा सकते हैं।

विभाग द्वारा नष्ट/खुर्द-बुर्द हो चुके वाहनों हेतु भी एमनेस्टी योजना लाई गई है, जिसके अन्तर्गत नष्ट होने की दिनांक तक कर जमा करवाने पर नष्टीकरण दिनांक से आगे के कर, ब्याज एवं शास्ति में पूर्ण छूट दिए जाने का प्रावधान है। वाहन स्वामी नियमानुसार आवेदन प्रस्तुत कर उक्त एमनेस्टी योजना का लाभ उठा सकते हैं।

## मोतियाबिन्द का सफल ऑपरेशन, दोनों आँखों की रोशनी आई वापस

जयपुर टाइम्स

अलवर(नि.सं.)। महावीर इन्टरनेशनल अलवर केन्द्र द्वारा संचालित आचार्य हस्ति चिकित्सालय, 1 शान्तिकुंज, भवानी तोप सर्किल, मीनल होटल के पास, अलवर में शुक्रवार को मिनाक्षी भारद्वाज पत्नी नितिन भारद्वाज निवासी तिजारा का मोतियाबिन्द का सफल ऑपरेशन किया। ऑपरेशन डॉ. राकेश गुप्ता (नेत्र विशेषज्ञ) द्वारा किया गया। केन्द्र अध्यक्ष जिनेन्द्र जैन ने बताया कि मरीज मिनाक्षी की दोनों आँखों की रोशनी कम थी, जिसे दिखाने के लिये दिल्ली व जयपुर के बड़े चिकित्सालयों में दिखाया गया लेकिन डॉक्टरों के द्वारा आँखों की रोशनी आने के लिये मना कर दिया। अलवर के पार्षद व कांग्रेसी नेता गोरीशंकर विजय की प्रेरणा से आचार्य हस्ति चिकित्सालय, अलवर में दिखाने आई। डॉक्टरों के द्वारा उन्हें आँखों का ऑपरेशन कराने की सलाह दी और विश्वास दिलाया कि ऑपरेशन के बाद आँखों की रोशनी वापस आ जायेगी। मिनाक्षी भारद्वाज ने नेत्र विशेषज्ञ डॉ. राकेश गुप्ता की बातों पर विश्वास कर अपनी दोनों आँखों का ऑपरेशन करवाया और उनकी दोनों आँखो की रोशनी पूर्णरूप से आ गई। इस हेतु भारद्वाज द्वारा आचार्य हस्ति चिकित्सालय के डॉक्टरों का आभार व्यक्त किया।



## मिशन आकाश के तहत 1 से 4 अप्रैल तक विभिन्न आंगनबाडियों पर कैम्प होंगे आयोजित

जयपुर टाइम्स

अलवर(नि.सं.)। जिले में संचालित मिशन आकाश के तहत 1 से 4 अप्रैल तक शहरी प्राथमिक केंद्र एनईबी के अन्तर्गत 60 फुट रोड, सोमवंशी कॉलोनी, बेडीवाला कुआं आंगनबाडी केंद्रों पर कैम्प आयोजित किए जाएंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र शर्मा ने बताया कि अभियान के तहत जिले में अब तक 0 से 6 वर्ष तक के 62 हजार 517 बच्चों एवं 6 हजार 169 गर्भवती महिलाओं की स्क्रीनिंग की जा चुकी है।

## राजस्थान दिवस पर कवि सम्मेलन और सांस्कृतिक कार्यक्रम कल

जयपुर टाइम्स

अलवर(नि.सं.)। राजस्थान दिवस 2025 के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग द्वारा रविवार 30 मार्च को पुरजन विहार में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं कवि सम्मेलन का आयोजित किया जा रहा है।

उप निदेशक पर्यटन टीना यादव ने बताया कि शाम 7 बजे से आयोजित कार्यक्रम में लोक कलाकारों द्वारा कच्ची घोड़ी नृत्य, चरी नृत्य, भपंग वादन और लोकगीत, कथक कला की प्रस्तुति की जाएगी। इसके बाद देशभक्ति आधारित कवि सम्मेलन आयोजित होगा, जिसमें अनेक विधाओ के कवि अपनी कविताएं प्रस्तुत करेंगे। इस कार्यक्रम में इंदौर से शशिकांत शशि, इटावा से कमलेश शर्मा, जयपुर से सिद्धार्थ कुमार, दिल्ली से विनोद पाल, वरिष्ठ कवि बलवीर सिंह करुण, कवि विनीत चौहान, युवा गीतकार योगिता चौहान सम्मलित होंगे।



### राजस्थान दिवस साप्ताहिक समारोह

# वन मंत्री शर्मा ने जिले के पंच गौरव कार्यक्रम की पुस्तिका का किया विमोचन

## जिले के 70 करोड रूपये से अधिक के विकास कार्यों का हुआ शिलान्यास एवं लोकार्पण

जयपुर टाइम्स

अलवर (नि.सं.)। राजस्थान स्थापना दिवस (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, 30 मार्च) के उपलक्ष्य में आयोजित सात दिवसीय कार्यक्रमों की कडी में चौथे दिन शुक्रवार को अलवर के प्रताप ऑडिटोरियम में विकास एवं सुशासन उत्सव का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिला स्तरीय कार्यक्रम का पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री संजय शर्मा, जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला एवं जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया तथा जिले के पंच गौरव कार्यक्रम की पुस्तिका का विमोचन किया।

जिले के पंच गौरवों में एक जिला-एक उत्पाद के रूप में प्याज, एक जिला-एक प्रजाति के रूप में अर्जुन, एक जिला-एक खेल के रूप में कुश्ती, एक जिला-एक पर्यटन स्थल के रूप में सरिस्का टाईगर रिजर्व एवं एक जिला-एक उत्पाद के रूप में ऑटो मोबाइल पार्ट्स सम्मिलित हैं।

**वीसी के माध्यम से हुआ सीधा प्रसारण**

भीलवाडा के चित्रकूट धाम स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वीसी के माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विकसित राजस्थान-समृद्ध राजस्थान के उद्देश्य को साकार करते हुए प्रदेश में करीब 10 हजार करोड रूपये के विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। वहीं राजस्थान पत्रकार स्वास्थ्य योजना (आरजेएचएस) का शुभारंभ किया एवं प्रदेश के सभी जिलों की पंच गौरव पुस्तिकाओं का विमोचन कर ई-उपचार एप को भी लॉन्च किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय निकायों के सशक्तिकरण के नगरीय विकास विभाग द्वारा डेलीगेशन के आदेश, फायर एनओसी प्रक्रिया का सरलीकरण, रजिस्ट्री अब सप्ताह में 2 दिन प्रातः 8 से रात्रि 8 बजे तक, हरित अरावली विकास परियोजना, नये जिलों में डीएमएफटी गठन एवं राशन दुकानों को अन्नपूर्णा भण्डार बनाने के दिशा-निर्देश व आदेश जारी किए।

**विकास एवं सुशासन की ओर अग्रसर राजस्थान**

वन मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार द्वारा सडक, विद्युत, चिकित्सा, पेयजल, रोजगार, उद्योग इत्यादि सभी क्षेत्रों को तहजीह देते हुए प्रदेश को विकास एवं सुशासन की ओर तेजी से आगे बढाने का काम किया जा रहा है।

**जिले के इन विकास कार्यों का हुआ शिलान्यास एवं लोकार्पण**

कार्यक्रम में जिले के चहुंमुखी विकास के लिए 70 करोड 6 लाख 56 हजार रूपये के विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया गया, जिनमें 47 करोड 10 लाख 46 हजार रूपये की लागत के 14 कार्यों का शिलान्यास एवं 22 करोड 96 लाख 1 हजार रूपये की लागत के 23 कार्यों का लोकार्पण किया गया। शिलान्यास कार्यों में कौशल नियोजन एवं उद्यमिता विभाग के 18 करोड 58 लाख रूपये की लागत के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान उमरैण एवं साहडोली में नवीन भवन निर्माण कार्य, उच्च शिक्षा विभाग के 4 करोड 50 लाख रूपये की लागत से राजकीय कन्या महाविद्यालय कठूमर के विकास कार्य, स्कूल शिक्षा विभाग के 1 करोड 35 लाख 14 हजार रूपये की लागत के समसा के तहत विभिन्न विद्यालयों में क्षमता वृद्धि के 6 कार्यों, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के 5 करोड 60 लाख रूपये की लागत के रैणी एवं अलवर में छात्रावास के भवन निर्माण कार्य, परिवहन विभाग के 71 लाख 5 हजार रूपये की लागत के कार्यशाला मर मत एवं अनुरक्षण विकास कार्य एवं जलदाय विभाग के 16 करोड 35 लाख 82 हजार रूपये की लागत से थानागाजी के ग्रामीण जल आपूर्ति एवं स्वच्छता का शहरी जल आपूर्ति एवं स्वच्छता कार्यों में परिवर्तन संबंधी विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया। साथ ही अलवर सहित अन्य जिलों के लिए सरकारी भवनों पर रूफटॉफ सौलर संयंत्र स्थापना हेतु 3 हजार करोड रूपये से अधिक के कार्यों का शिलान्यास किया गया।

इसी प्रकार लोकार्पण कार्यों में स्कूली शिक्षा विभाग के 6 करोड 65 लाख 62 हजार रूपये की लागत के समसा के तहत विभिन्न विद्यालयों में क्षमता वृद्धि के 11 कार्यों, पशुपालन विभाग के 98 लाख 4 हजार रूपये की लागत के पशु चिकित्सा उप केंद्र के 5 निर्माण कार्यों, ऊर्जा विभाग के 11 करोड 9 लाख 16 हजार रूपये की लागत से मोलावास में सौलर संयंत्र स्थापना कार्य, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के 4 करोड 22 लाख 92 हजार रूपये की लागत के 5 विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन रेणु मिश्रा, प्रदीप पंचौली एवं पूर्णिमा पंचौली ने किया।इस अवसर पर एडीएम प्रथम मुकेश कायथवाल, यूआईटी सचिव सुश्री धीगदे स्नेहल नाना, नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका, उपखण्ड अधिकारी अलवर यशार्थ शेखर, यूआईटी के उप सचिव सोहन सिंह नरूका एवं आनन्द बेनीवाल, सागर यादव, नरेश धानावत सहित प्रबुद्ध व्यक्ति, संबंधित अधिकारी एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## जिले में नगर परिषदों और पालिकाओं के वार्ड सीमांकन के लिए सार्वजनिक आपत्ती नोटिस जारी

जयपुर टाइम्स

खैरथल- तिजारा(नि.सं.)। स्वायत शासन विभाग, राजस्थान जयपुर द्वारा जारी विभिन्न अधिसूचनाओं के अंतर्गत खैरथल-तिजारा जिले में नगर परिषदों और नगर पालिकाओं का पुनर्गठन और सीमांकन प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जिले की छह (नगर परिषद भिवाड़ी, नगर परिषद खैरथल, नगरपालिका मुण्डावर, नगर पालिका कोटकासिम, नगर पालिका टपूकड़ा, नगर पालिका किशनगढ़बास) नगर परिषदों और नगर पालिकाओं के वार्ड सीमांकन का प्रस्ताव जारी किया।

**सीमांकन प्रक्रिया के लिए जनसाधारण से आपत्तियां आमंत्रित**

जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने बताया कि उपरोक्त नगर परिषदों और पालिकाओं के वार्ड गठन के प्रस्ताव के संबंध में दिनांक 28 मार्च 2025 से 17 अप्रैल 2025 तक जनसाधारण से आपत्तियां प्रस्तुत करने हेतु सार्वजनिक नोटिस जारी किया गया है। इस अवधि में कोई भी नागरिक अपनी आपत्ति संबंधित उपखंड अधिकारी, तहसीलदार, अधिशासी अधिकारी नगरपालिका अथवा जिला कलेक्टर कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकता है। उन्होंने बताया कि स्वायत शासन विभाग की अधिसूचना के अनुसार, कोटकासिम, किशनगढ़बास और खैरथल की सीमा का विस्तार कर नवीन सीमाएं निर्धारित की गई हैं। इसके अतिरिक्त, मुण्डावर, कोटकासिम और टपूकड़ा को पूर्व में जारी अधिसूचना के तहत नगर पालिका का दर्जा प्रदान किया गया था। स्वायत शासन विभाग, राजस्थान जयपुर के पत्रांक के निर्देशों के आधार पर, सभी नगर परिषदों और पालिकाओं के वार्डों की कुल संख्या का निर्धारण किया जाएगा।



## कृषि उपज मण्डी समिति, खैरथल में प्रधानमंत्री बीमा योजनाओं के तहत पंजीकरण शिविर आयोजित

जयपुर टाइम्स

खैरथल-तिजारा(नि.सं.)। कृषि उपज मण्डी समिति, खैरथल में मण्डी यार्ड में कार्यरत अनुज्ञापत्रधारी पल्लेदार, हम्माल और तुलारा के लिए प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा बीमा योजना में पंजीकरण हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक और यूको बैंक के प्रतिनिधियों ने अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई।

शिविर के दौरान मण्डी सचिव सुरेन्द्र कुमार सैनी और एलडीएम अनुपम नैंथानी ने बीमा योजनाओं के लाभों के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी प्रदान की।

इस अवसर पर 11 पल्लेदारों ने इन दोनों योजनाओं में पंजीकरण करवाया। मण्डी सचिव सुरेन्द्र कुमार सैनी ने बताया कि पल्लेदारों और हम्मालों के जीवन को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से यह पहल की गई है।

इससे पहले, 11 मार्च को आयोजित एक अन्य शिविर में 92 पल्लेदारों ने बीमा योजनाओं में पंजीकरण करवाया था।इन योजनाओं के माध्यम से न्यूनतम प्रीमियम पर बीमा सुरक्षा प्रदान की जाती है, जिससे पल्लेदारों और उनके परिवारों को आकस्मिक घटनाओं से आर्थिक सुरक्षा मिलती है। मण्डी समिति खैरथल द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के बीमा शिविरों का आयोजन कराया जाता है।

# राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के तहत विकास एवं सुशासन उत्सव आयोजित

### जिला कलेक्टर ने पीएम स्वनिधि योजना के तहत लाभार्थियों को किया चेक का वितरण

जयपुर टाइम्स

खैरथल -तिजारा(नि.सं.)। राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के तहत शुक्रवार को विकास एवं सुशासन उत्सव का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में चित्रकूट धाम स्टेडियम, भीलवाड़ा में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वीसी के माध्यम से प्रसारण जिला सचिवालय खैरथल तिजारा के सभागार में किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में पूर्व विधायक किशनगढ़बास रामहेत सिंह यादव, जिला कलक्टर किशोर कुमार, अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, उपखंड अधिकारी मुंडावर सुरेश कुमार बलई, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष शर्मा, नगर परिषद उपसभापति वरुण डाटा, नगर परिषद आयुक्त मुकेश शर्मा सहित अन्य अधिकारी, आमजन एवं लाभार्थी उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला कलेक्टर किशोर कुमार द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं आमजन को शपथ दिलवाई गई। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने निर्धारित प्रारूप अनुसार राजस्थान की महान परंपराओं का सम्मान एवं निर्वहन करते हुए राज्य के विकास एवं खुशहाली में सक्रिय भागीदार बनने की शपथ ली।



**राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वीसी के माध्यम से हुआ सीधा प्रसारण**

इस अवसर पर भीलवाड़ा में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वीसी के माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया। विकास एवं सुशासन उत्सव में मुख्यमंत्री ने लगभग 10000 करोड रुपए के कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया साथ ही राजस्थान पत्रकार स्वास्थ्य योजना, सभी जिलों की पंच गौरव पुस्तिका एवं ई-उपचार एप का शुभारंभ एवं विमोचन किया।

इस दौरान उन्होंने स्थानीय निकायों का सशक्तिकरण, हरित अरावली विकास परियोजना, फायर एनओसी प्रक्रिया का सरलीकरण, नए जिलों में डीएमएफटी का गठन, प्रातः 8:00 बजे से रात्रि 8:00 तक सप्ताह में 2 दिन रजिस्ट्री तथा राशन दुकानों में अन्नपूर्णा भंडार के संबंध में दिशा निर्देश भी जारी किए।

**जिला कलेक्टर द्वारा पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को चैक वितरण**

इस दौरान आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला कलेक्टर किशोर कुमार, अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट द्वारा नगर निकाय विभाग द्वारा संचालित पीएम स्वनिधि योजना के तहत गणेशी राम को 10000 हजार रूपये, निर्मला देवी को 20000 हजार रूपये, तन्नू कौर को10000 हजार रूपये, पहलवान सिंह को 10000 हजार रूपये, केशव कुमार को 10000 हजार रूपये के चेक वितरित किए। इसके साथ ही दीनदयाल अन्त्योदय राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन DAY-NULM के अन्तर्गत काव्या स्वयं सहायता समूह को 5 लाख रूपये चेक दिया गया। DAY-NULM योजना के तहत स्ट्रीट वेण्डर के 5 लाभार्थियों को स्ट्रीट वेण्डर कार्ड का वितरण भी किया।

## राष्ट्रीय पिछडा आयोग के सदस्य ने ली पिछडा वर्ग कल्याण से संबंधित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक

जयपुर टाइम्स

अलवर(नि.सं.)। राष्ट्रीय पिछडा आयोग के सदस्य भुवन भूषण कमल की अध्यक्षता में सर्किट हाउस में पिछडा वर्ग कल्याण से संबंधित योजनाओं एवं अन्य कार्यक्रमों के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। राष्ट्रीय पिछडा आयोग के सदस्य भुवन भूषण कमल ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा पिछडा वर्ग कल्याण के लिए संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रभावी मॉनिटरिंग करें। उन्होंने निर्देश दिये कि इन योजनाओं व कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए पात्र व्यक्तियों को लाभांवित करावे। उन्होंने उपखण्ड अधिकारी अलवर से पिछडा वर्ग के प्रमाण पत्रों के आवेदन एवं स्वीकृति के संबंध में फीडबैक लेकर निर्देश दिये कि नियमानुसार कार्यवाही करते हुए लंबित आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण करावे। उन्होंने निर्देश दिये कि पिछडा वर्ग के कल्याण के लिए संचालित राजकीय छात्रावासों का समय-समय पर निरीक्षण करें, जिससे छात्रावासों में आवश्यक व्यवस्थाएं व्यवस्थित एवं सुचारू बनी रहे। उन्होंने निर्देश दिये कि संविदा कर्मियों से संबंधित समस्याओं का समयबद्ध निराकरण करें। इस दौरान जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सालुखे गौरव रवीन्द्र, उपखण्ड अधिकारी अलवर यशार्थ शेखर, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक लक्ष्मण सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



## राष्ट्रीय पिछडा आयोग के सदस्य ने राजकीय छात्रावासों का किया निरीक्षण

अलवर(नि.सं.)। राष्ट्रीय पिछडा आयोग के सदस्य भुवन भूषण कमल ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित राजकीय छात्रावासों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। राष्ट्रीय पिछडा आयोग के सदस्य भुवन भूषण कमल ने अलवर में राजकीय देवनारायण महाविद्यालय स्तरीय कन्या छात्रावास एवं राजकीय अम्बेडकर छात्रावास अलवर तृतीय का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान छात्रावास परिसर में साफ-सफाई सहित विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही अन्य सुविधाओं का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

राजधानी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
29 मार्च, 2025



## सरकारों को पारदर्शी एवं मानवीय फ्रेमवर्क बनाने की जरूरत- डॉ डीपी शर्मा

जयपुर टाइम्स

धौलपुर(नि.सं.)। सेंट्रल इथोपिया के वाचेमो विश्वविद्यालय में आयोजित एक कॉन्फ्रेंस में की-नोट स्पीच देने के लिए कंप्यूटर वैज्ञानिक एवं अंतरराष्ट्रीय डिजिटल डिप्लोमेट प्रोफेसर डीपी शर्मा सेंट्रल इथोपिया की राजधानी होयसेना पहुंचे।

विश्वविद्यालय पहुंचने पर डॉ शर्मा ने देखा कि भारत और इथोपिया के संबंधों की प्रगाढ़ता को दर्शाने हेतु भारतीय तिरंगे को भी स्वागत स्थल पर लगाया गया।

कॉन्फ्रेंस के स्वागत भाषण में बोलते हुए विश्वविद्यालय के अध्यक्ष कुलपति डॉ दावित हैईसो ने कहा कि दुनियां तेजी से बदल रही है और ऐसे में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग समाज की प्रगति और उसके विकास में समान रूप से सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उद्घाटन सत्र में बोलते हुए डॉ हैईसो ने कहा कि विश्वविद्यालय वैज्ञानिक एवं डिजिटल डिप्लोमेसी विशेषज्ञ हिज ऐक्सीलेंसी डॉ डीपी शर्मा के विचारों को सुनने के लिए उत्सुक है।

इस अवसर पर इथोपिया की परंपरागत वेशभूषा (खादी से बने हुए कोट एवं सॉल) पहना कर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ दावित हैईस ने डॉ शर्मा को सम्मानित किया।

प्रमुख वक्ता के रूप में बोलते हुए डॉ शर्मा ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की दुनियां के दो पहलू हैं। एक पहलू जो हमें 180 डिग्री पर दिखाई दे रहा है एवं जिसे हम पूरी तरीके से दोहन कर इस तकनीक का फायदा उठाने के लिए आतुर हैं तो वहीं एक दूसरा पहलू वह है जो 180 डिग्री पर हमें दिखाई नहीं दे रहा यानी वह एक डार्क जोन है? जो टेक्नोलॉजिकल सिंगुलेरिटी के मार्ग पर जाता है जहां से लौटना मुश्किल है और आगे का रास्ता मानव सभ्यता से के लिए चुनौतियों से भरा हुआ है। इसमें सबसे बड़ी चुनौती दुनियां के दो ध्रुवों को संतुलित की है जहां पर कम ज्ञान वाले लोग अधिक ज्ञान वाली आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित मशीनों को नियंत्रित करने की कोशिश करेंगे मगर वे कर पाएंगे या नहीं यह भविष्य बताएगा। एक सबसे बड़ा खतरा है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से युक्त कंपनियों और देशों के द्वारा ज्ञान आधारित उपनिवेशीकरण की व्यवस्थाएं जिससे दुनिया को सावधान रहना होगा।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एवं केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ मंडेफ्रौत भी भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर प्रख्यात प्रोफेसर यिसाक ने एग्रीकल्चर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग कर विस्तार से चर्चा की और बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से प्रिसीजन एग्रीकल्चर की दुनियां में एक नए युग की शुरुआत हुई है।

## जयपुर में 37 हजार से अधिक यूनिट्स खाद्य सुरक्षा सूची से हटीं, 389 को नोटिस

जयपुर टाइम्स

जयपुर(का.सं.)। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत अपात्र व्यक्तियों को सूची से हटाने के लिए 'गिव अप' अभियान जारी है। जयपुर में अब तक 8,825 परिवारों के 37,064 यूनिट्स खाद्य सुरक्षा सूची से हटा दिए गए हैं, जबकि 389 अपात्र व्यक्तियों को नोटिस जारी किया गया है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है।

### 30 अप्रैल तक का समय, फिर होगी वसूली

जिला रसद अधिकारी श्री त्रिलोकचंद मीणा ने बताया कि 30 अप्रैल 2025 तक स्वेच्छा से नाम हटाने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं होगी। लेकिन इस अवधि के बाद अपात्र व्यक्तियों से 27 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से खाद्यान्न की शास्ति मय ब्याज वसूली जाएगी। सरकारी कर्मचारियों व पेंशनर्स की सूची तैयार कर वेतन से राशि कटौती का निर्देश दिया गया है।

### कैसे करें आवेदन?

नाम हटवाने के लिए उचित मूल्य दुकानों से आवेदन पत्र प्राप्त किया जा सकता है या ऑनलाइन आवेदन food.rajasthan.gov.in पर किया जा सकता है। अभियान के तहत सरकारी-अर्धसरकारी कर्मचारी, 1 लाख रुपये से अधिक वार्षिक आय वाले, आयकरदाता या निजी चौपहिया वाहन धारक परिवारों को प्रेरित किया जा रहा है।

### हजारों परिवारों ने किया गिव अप

जयपुर में पहले ही हजारों परिवारों ने गिव अप अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा सूची से नाम हटवाया है। अभियान की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2025 तक बढ़ाई गई है, जिससे अपात्र लोग स्वेच्छा से लाभ छोड़ सकें।

# राज्य सरकार ने प्रदेश में विकास के नए प्रतिमान किए स्थापित : जिला प्रभारी मंत्री

**राजस्थान दिवस महोत्सव के चौथे दिन हुआ विकास एवं सुशासन उत्सव**

- पंच गौरव पुस्तिका का विमोचन, उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों का सम्मान
- शनिवार को होगा मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन




जयपुर टाइम्स

जयपुर (का.सं.)। राजस्थान दिवस महोत्सव के तहत शुक्रवार को हरिश्चंद्र माथुर राजस्थान लोक प्रशासन अकादमी में जिला स्तरीय विकास एवं सुशासन उत्सव का आयोजन हुआ। इस अवसर पर जिला प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री पटेल ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश में सुशासन और विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार ने जन आकांक्षाओं पर खरा उतरते हुए गौरवशाली परंपरा और संस्कृति को सम्मान दिलाने का कार्य किया है।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष से मुख्यमंत्री ने हिन्दू नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को राजस्थान दिवस मनाने का निर्णय लिया है। 30 मार्च 1949 को राजस्थान का गठन हुआ था और इस वर्ष संयोगवश वही शुभ योग बन रहा है। नगर निगम जयपुर हैरिटेज की महापौर कुसुम यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में तेज गति से विकास कार्य हो रहे हैं और लोक कल्याणकारी योजनाओं से हर वर्ग को राहत मिली है।

भीलवाड़ा में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संबोधित किया, जिसे जयपुर के कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों व किसानों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए देखा।

इस अवसर पर जिला प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल ने जयपुर जिले के पंच गौरव पर आधारित पुस्तिका का विमोचन किया और राजकीय योजनाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को सम्मानित किया। साथ ही, प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को अंतिम किश्त के चेक भी सौंपे गए।

कार्यक्रम में संभागीय आयुक्त पूनम, जिला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी, नगर निगम जयपुर हैरिटेज के आयुक्त श्री अरुण कुमार हसीजा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर मुकेश कुमार मूंड सहित कई अधिकारी और लाभार्थी उपस्थित रहे। शनिवार को जिला स्तरीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

## राजस्थान दिवस पर विद्यालयों में गूंजेगी राजस्थानी भाषा, शिक्षक-विद्यार्थी पहनेंगे पारंपरिक वेशभूषा- डॉक्टर जितेंद्र कुमार सोनी

- नमस्ते-गुड मॉर्निंग की जगह 'खम्मा घणी' और 'राम-राम सा' कहेंगे विद्यार्थी
- पारंपरिक पोशाक में आएंगे शिक्षक-विद्यार्थी, नो बैग डे पर होंगे सांस्कृतिक आयोजन
- भाषण, कविता प्रतियोगिता के साथ राजस्थानी भाषा, मुहावरों और लोकोक्तियों से होगा परिचय

जयपुर। राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेश के सभी राजकीय विद्यालयों में 29 मार्च को विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। चूंकि 30 मार्च को रविवार है, इसलिए एक दिन पूर्व नो बैग डे के तहत राजस्थान दिवस मनाया जाएगा। जिला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी ने इन आयोजनों की प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए हैं।

विद्यालयों में विद्यार्थियों को राजस्थानी भाषा और संस्कृति से जोड़ने के लिए अभिनव पहल की गई है। शिक्षक, विद्यार्थी और विद्यालय स्टाफ पारंपरिक पोशाक—जैसे साफा, धोती-कुर्ता, कुर्ता-पायजामा और राजपूती परिधान पहनकर विद्यालय आएंगे। इससे विद्यार्थियों को राजस्थान की समृद्ध लोक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत से परिचित होने का अवसर मिलेगा।

इस दौरान विद्यालयों में अभिवादन के पारंपरिक स्वरूप को बढ़ावा देने के लिए गुड मॉर्निंग और नमस्ते की जगह खम्मा घणी, राम-राम सा और पधारो सा कहने की परंपरा निभाई जाएगी।

राजस्थान दिवस के तहत विद्यालयों में राजस्थानी भाषा में भाषण और कविता प्रतियोगिता आयोजित होगी। विद्यार्थियों को राजस्थानी शब्दावली, मुहावरों और लोकोक्तियों से परिचित करवाया जाएगा ताकि वे अपनी मातृभूमि की भाषा और संस्कृति को आत्मसात कर सकें।

जिला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि विद्यालयों में इन कार्यक्रमों को प्रभावी रूप से लागू किया जाए ताकि नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ा जा सके। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में राजस्थानी भाषा और परंपराओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।



## धौलपुर में विकास एवं सुशासन उत्सव का भव्य आयोजन, प्रभारी मंत्री बोले- बहुमुखी विकास से साकार हो रही सुशासन की संकल्पना

जयपुर टाइम्स

धौलपुर(नि.सं.)। राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के तहत शुक्रवार को जिला स्तरीय विकास एवं सुशासन उत्सव का आयोजन किया गया। टाउनहॉल में हुए इस कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री एवं राज्य मंत्री गृह, गोपालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग श्री जवाहर सिंह बेढम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में भीलवाड़ा के चित्रकूट धाम स्टेडियम से आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया।राज्य स्तरीय समारोह में 10,000 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण हुआ। मुख्यमंत्री ने राजस्थान पत्रकार स्वास्थ्य योजना, पंच गौरव पुस्तिका, ई-उपचार एप समेत कई योजनाओं की शुरुआत की। इसके अलावा स्थानीय निकायों के सशक्तिकरण, हरित अरावली विकास परियोजना, फायर एनओसी प्रक्रिया के सरलीकरण व नए जिलों में डीएमएफटी गठन संबंधी दिशा-निर्देश भी जारी किए गए।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री बेढम ने कहा कि सरकार बहुमुखी विकास के साथ सुशासन की संकल्पना को साकार कर रही है। ईआरसीपी परियोजना पूर्वी राजस्थान के किसानों के लिए वरदान साबित होगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान दिवस और नव संवत्सर का संयोग राज्य की एकता और समृद्धि का प्रतीक है। समापन पर जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी.टी. ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विधायक जसवंत सिंह गुर्जर, भाजपा जिलाध्यक्ष सत्येंद्र पाराशर, भाजपा नेता जगमोहन बघेल, शिवचरण कुशवाह, नीरजा शर्मा, धीर सिंह जादौन सहित कई गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## 5 अभियंता सहित 1 सहायक लेखाधिकारी - द्वितीय को किया निलंबित

जयपुर टाइम्स

जयपुर, (का.सं.)। राज्य सरकार ने एक आदेश जारी कर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग परियोजना खण्ड-प्रथम पाली के जवाई क्लस्टर चतुर्थ जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जांच कमेटी की प्राथमिक जांच में पाई गई गंभीर अनियमितताओं को लेकर 5 अभियंताओं सहित एक सहायक लेखाधिकारी-द्वितीय को निलंबित कर दिया है। आदेशानुसार महेन्द्र कुमार तत्कालीन अधिशाषी अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग परियोजना खण्ड-प्रथम पाली हाल अधिशाषी अभियंता जन स्वा. अभि. विभाग जिला खण्ड झुंझुनू, महेन्द्र कुमार वर्मा, तत्कालीन अधिशाषी अभियंता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग परियोजना खण्ड-प्रथम पाली हाल अधिशाषी अभियंता, जन स्वा. अभि. विभाग, परियोजना खण्ड झुंझुनू, रामलाल मीना, तत्कालीन अधिशाषी अभियंता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग परियोजना खण्ड-प्रथम पाली हाल अधिशाषी अभियंता, जन स्वा. अभि. विभाग, खण्ड कुचामन, प्रतिभा कटारिया, तत्कालीन सहायक अभियंता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग परियोजना खण्ड-प्रथम पाली हाल सहायक अभियंता, जन स्वा. अभि. विभाग, क्षेत्र जोधपुर स्थानान्तरणाधीन, प्रेमराज मीना, तत्कालीन सहायक अभियंता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग परियोजना खण्ड-प्रथम पाली हाल सहायक अभियंता, जन स्वा. अभि. विभाग, (परियोजना) परियोजना खण्ड मंडरायल जिला करौली सहित युधिष्ठिर सिंह, तत्कालीन सहायक लेखाधिकारी-द्वितीय जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग परियोजना खण्ड-प्रथम पाली हाल कार्यालय विकास अधिकारी, पंचायत समिति रोहट, जिला पाली को निलंबित किया है। निलम्बन अवधि में इनका मुख्यालय अतिरिक्त मुख्य सचिव, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, शासन सचिवालय जयपुर में रहेगा।

## प्रवासी आर्ट प्रदर्शनी और क्रिएटिविटी वर्कशॉप का शुभारंभ

जयपुर टाइम्स



जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान दिवस महोत्सव के तहत शुक्रवार को जवाहर कला केंद्र में तीन दिवसीय 'प्रवासी आर्ट प्रदर्शनी और क्रिएटिविटी वर्कशॉप' का शुभारंभ उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने किया। उन्होंने कहा कि प्रवासी राजस्थानी समुदाय ने प्रदेश की कला और संस्कृति को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई है। राज्य सरकार कारीगरों की कला के संवर्धन और संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है।

इस प्रदर्शनी में 5 देशों और 8 राज्यों के प्रवासी राजस्थानियों की कलाकृतियों को पहली बार एक साथ प्रस्तुत किया गया है। प्रदर्शनी में ज़ेंटैंगल्स, वाटर कलर पेंटिंग, पारंपरिक शाही बोर्ड गेम्स, आकर्षक कशीदाकारी, पेंटिंग्स और स्कल्पचर्स जैसी विभिन्न कलात्मक अभिव्यक्तियों का प्रदर्शन किया जा रहा है। मंत्री राठौड़ ने वर्कशॉप में शामिल प्रतिभागियों से संवाद किया और पारंपरिक खेलों बाघ-बकर, चार-भर, सोलह गुटियां, चतुरंग सेट, रज्जू सरपा और निन्यानवे का फेर में हाथ आजमाया। उन्होंने शिल्पांगन प्रदर्शनी का अवलोकन कर हस्तशिल्पियों से बातचीत भी की।राजस्थान फाउंडेशन की आयुक्त डॉ. मनीषा अरोड़ा ने बताया कि कोलकाता में बसे प्रवासी राजस्थानी अमन गोपाल पारंपरिक रॉयल बोर्ड गेम्स को पुनर्जीवित करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। वर्कशॉप में युवाओं को ज़ेंटैंगल्स आर्ट, वाटर कलर पेंटिंग और पारंपरिक गेम्स का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इस अवसर पर देश-विदेश से आए प्रवासी राजस्थानी, कला प्रेमी और स्थानीय कलाकार बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## राजस्थान पर्यटन को पर्यटन क्षेत्र की विभिन्न श्रेणियों में मिले तीन पुरस्कार

जयपुर, (का.सं.)। प्रदेश को पर्यटन क्षेत्र की विभिन्न श्रेणियों में तीन पुरूस्कारों से सम्मानित किया गया है। केन्द्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने राजस्थान के पर्यटन सचिव रवि जैन को पुरूस्कार प्रदान कर किए। नई दिल्ली के ओबराय होटल में शुक्रवार को आयोजित इंडिया टूडे सर्वेक्षण और पुरूस्कार 2025 समारोह में पुरूस्कार ग्रहण करने के बाद पर्यटन सचिव श्री रवि जैन ने बताया कि जयपुर जिले के आमेर किले को बेस्ट हेरिटेज श्रेणी (सर्वश्रेष्ठ विरासत गंतव्य श्रेणी) में, कुंभलगढ़ को बेस्ट माउंटेन डेस्टिनेशन श्रेणी (सर्वश्रेष्ठ पर्वतीय गंतव्य श्रेणी) तथा बीकानेर का बेस्ट कलीनेरी डेस्टीनेशन श्रेणी (सर्वश्रेष्ठ पाक-कला) श्रेणी में यह तीन पुरूस्कार दिए गए हैं। इस अवसर पर सिक्किम में पर्यटन मंत्री, विभिन्न राज्यों के पर्यटन सचिव और पर्यटन अधिकारियों सहित राजस्थान पर्यटन के दिल्ली स्थित कार्यालय के सहायक निदेशक छतरपाल यादव भी उपस्थित थे।

**केन्द्रीय पर्यटन मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से पर्यटन सचिव श्री रवि जैन ने ग्रहण किए पुरस्कार**

———



## सड़क सुरक्षा जिला प्रशासन की प्राथमिकता-जिला कलक्टर

जयपुर टाइम्स

जयपुर (का.सं.)। जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक का आयोजन जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ।

जिला कलक्टर ने बताया कि भांकरोटा सड़क हादसे मे हुई जन हानि के पश्चात् जिला प्रशासन निरंतर आमजन के लिए जयपुर जिले के सड़क परिवहन को सुरक्षित बनाने के लिए हर सम्भव प्रयास कर रहा है व सड़क सुरक्षा की प्राथमिकता में है। उन्होंने बताया कि 88 ब्लैक स्पोट्स पर अस्थाई सुधार कार्य पूर्ण कर लिये गये हैं। वहीं स्थाई तौर पर 7 ब्लैक स्पोट्स पर फ्लाई ओवर का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। 7 ब्लैक स्पोर्ट्स पर कार्य प्रगतिरत है। 4 ब्लैक स्पॉट्स के स्थाई निराकरण हेतु विस्तृत तकमीना बनाकर परिवहन विभाग को स्वीकृति हेतु भिजवाया गया है। वहीं 3 ब्लैक स्पॉट्स के फ्लाईओवर का निर्माण के कार्यों की निविदा प्रक्रियाधीन हैं।

जिला कलक्टर ने बताया कि 30 अन्य अधिक दुर्घटना वाले क्षेत्रों का चयन कर सम्बन्धित विभागों को संयुक्त जांच हेतु प्रकरण भेजे गए हैं ताकि दुर्घटना में होने वाली जन-माल हानि को बचाया जा सके।

# वाद को वाद ही रहने दें, विवाद न बनने दें

गन कल्चर के नाम पर हरियाणा में कुछ गायकों के यू ट्यूब से डिलीट किए गए गानों पर इशारों-इशारों में रार जारी है। यह गायकों के साथ-साथ हरियाणवीं म्यूजिक इंडस्ट्रीज के लिए भी अच्छा संकेत नहीं है। मौका पड़ते ही एक दूसरे पर छींटाकशी या टोंटबाजी से बात सुधरने के चांस कम, बिगड़ने के ज्यादा है। दस दिन के अंतराल में जो नुकसान इंडस्ट्रीज को हुआ है, उसके नुकसान की भरपाई होने में बहुत समय लगेगा। समय रहते वाद को विवाद होने से बचाने की पहल जरूरी है। अब ये पहल सरकार करे या गायकों के चुनिंदा नुमाइंदे। इसके बिना कोई समाधान नहीं निकलने वाला। देशभर में अपना विशेष स्थान रखने वाला हरियाणा पिछले दस दिन से अलग ही मूड में है। जिधर देखो, उधर गन कल्चर के नाम पर डिलीट किए गए गानों की चर्चा है। रोजाना सैकड़ों रील सोशल मीडिया पर अपलोड हो रही है। ध्यान रहे कि हरियाणा पुलिस ने इन दिनों गन कल्चर को बढ़ावा देने वाले गानों को निशाने पर लिया हुआ है। मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद से लगातार इस तरह के गानों की सूची बनाई जा रही हैं। जानकारी अनुसार अभी तक इस प्रकार के 10 गानों को यू ट्यूब से हटाया जा चुका है। माना जा रहा है कि इस तरह के 100 गाने और पुलिस के भेंट चढ़ने वाले हैं। जिन दस गानों के डिलीट होने की बात है, उनमें से सात एक ही गायक के बताए जा रहे हैं। ऐसे में उक्त गायक को दर्द होना तो लाजमी है। ये दर्द किसी दवा से कम होने वाला नहीं है। यह बात वो गायक भी जानते हैं और उनके चाहने वाले। नुकसान कितना होगा, यह अभी कोई नहीं जानता। हां जितना समय गुजरता जायेगा, नुकसान की मात्रा बढ़ती जायेगी। बौखलाहट, हड़बड़ाहट या बिना कुछ सोचे विचारे उठाए गए कदम लाभ की जगह नुकसान ही ज्यादा पहुंचाते हैं। फिलहाल हो भी यही रहा है। सरकार में पदासीन एक गायक की सोशल मीडिया पर विरोध रूपी हौसला अफजाई फॉलोवर्स लगातार कर रहे हैं। उद्वेगजनक कटु सर्पित वाक् शिलिमुख घाव को हरा ही कर रहे हैं। रही सही कसर ये माइक वाले भाई पूरी कर रहे हैं। जैसे ही किसी एक का कोई बयान आता है तो अपनी फैन फॉलोइंग बढ़ाने के चक्कर में दूसरे के पास पहुंच जाते हैं। जब तक उसके श्रीमुख से दूसरे के लिए कोई कड़वी बात न निकले, माइक को हटाते ही नहीं। जैसे ही कुछ बोला, उसे दूसरे को हैशटैग कर उसकी प्रतिक्रिया की बाट जोहना शुरू कर देते हैं। इन महानुभावों की दरियादिली तो देखिए ये दूसरे पक्ष के बुलावे का इंतजार भी नहीं करते, खुद ही अपना झोला झंडी उठाकर पहुंच जाते हैं एक नई फिल्म बनाने को। पिछले दस-बारह दिनों से यही तो हो रहा है। इनकी एक खास बात और भी है कि अगला कुछ न भी कहना चाहे तो उसे बातों में ले कोई दुखती रग छेड़कर उससे कुछ उल्टा पुल्टा कहलवा ही देते हैं। अब बात आती है कि ये स्थिति पैदा ही क्यों हुई? एक कहावत है कि दूसरों को अपने घर में झांकने का मौका दोगे तो कमियां तो बाहर जाएंगी ही। यही फिलहाल हरियाणा म्यूजिक इंडस्ट्रीज में हो रहा है। एक गायक का गाना थोड़ा पॉपुलर क्या हुआ, दूसरे को मिर्ची लग जाती है। कुछ नया कंटेंट की जगह उसी को नीचा दिखाने में न सिर और न पैर वाली अपनी अमूल्य रचना निर्मित कर अपने आप को सुप्रीम साबित करने का अलौकिक और अदभुत प्रयास करते हैं।


सुशील कुमार 'नवीन'

# शहरों का घुटता आसमान

आज से साढ़े तीन-चार दशक पहले तक स्थिति इतनी भयावह नहीं थी। तब सड़कों पर दौड़ने वाले वाहनों की संख्या काफी कम थी। हवा में मौजूद जहर को सोखने के लिए हमारे पास पर्याप्त मात्रा में पेड़ भी थे। लेकिन पिछले कुछ दशकों में स्थितियां बहुत तेजी से बदलीं। सड़कों पर गाड़ियों की भरमार हो गई और विकास की अंधी दौड़ में पेड़ों को अंधाधुंध काटकर हमने उस सहारे को खुद से ही छीन लिया जो न केवल हमें तेज धूप में छाया दिया करता था बल्कि पर्यावरण संरक्षण की आश्वस्ति भी देता था। हवा में घुलने वाला जहर उस जहरीले धुएं का परिणाम होता है, जो धुआं वाहनों से- कारखानों से और पटाखों से उत्सर्जित होता है। इस धुएं में शामिल कार्बन मोनो ऑक्साइड, सल्फर डाईआक्साइड, नाइट्रोजन डाईआक्साइड जैसी गैसें और सीसे के कण वातावरण को जहरीला कर देते हैं। ये जहर बच्चों और बुजुर्गों पर सर्वाधिक प्रभाव डालता है।


विजय गर्ग

हवा में घुलने वाला जहर उस जहरीले धुएं का परिणाम होता है, जो धुआं वाहनों से- कारखानों से और पटाखों से उत्सर्जित होता है। इस धुएं में शामिल कार्बन मोनो ऑक्साइड, सल्फर डाईआक्साइड, नाइट्रोजन डाईआक्साइड जैसी गैसें और सीसे के कण वातावरण को जहरीला कर देते हैं। ये जहर बच्चों और बुजुर्गों पर सर्वाधिक प्रभाव डालता है।

राजधानी दिल्ली की हवा में घुले जहर ने एक बार फिर लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। राजधानियों की हवा में जहर की बात आमतौर पर मुहावरे में की जाती है, लेकिन दिल्ली और उसके आसपास के इलाकों, शहरों में रहने वाले लोग सचमुच दमघोंटू हवा में सांस लेने को विवश हैं। सड़क पर बेतहाशा दौड़ रहे वाहनों और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के आसपास के इलाके के खेतों में जलाई जाने वाली पराली के धुएं ने सांस लेना दूभर कर दिया है। रही-सही कसर दीपावली पर हुई आतिशबाजी के धूम-धड़ाके ने पूरी कर दी। दिल्ली ही क्या, देश के अधिकांश शहरों की हवा में प्रदूषण की मात्रा दीवाली के दिनों में खतरनाक स्तर पर पहुंच जाती है। उदाहरण के लिए राजस्थान के कोटा शहर को लिया जा सकता है। हर साल करीब दो लाख बच्चे देश के शीर्षस्थ इंजीनियरिंग या मेडिकल कॉलेजों में दाखिले की परीक्षा के लिए कोचिंग लेने के लिए कोटा आते हैं और इन छात्रों की आमद ने कोटा को आर्थिक समृद्धि के नवसोपान सौंपे हैं। यों भी बच्चों को देश का भविष्य कहा जाता है और जिस इलाके में इतनी बड़ी संख्या में बच्चे रहते हों, उस इलाके के पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामान्य जन को भी अतिरिक्त रूप से संवेदनशील होना चाहिए। शहर के एक अस्थमा विशेषज्ञ ने दीवाली की रात कोटा की हवा में प्रदूषण की पड़ताल की तो पाया कि वहां की हवा में जहरीले कणों की मात्रा मानक स्तर से सात गुना अधिक है। पिछले कुछ सालों में हम अपने स्वभाव से ही नहीं, अपने व्यवहार से भी हवा में जहर घोलने के आदी हो चुके हैं। वायु प्रदूषण की भयावहता का अनुमान इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि विश्व स्वस्थ्य संगठन (डब्ल्यूटीओ) वायु प्रदूषण को 'पब्लिक हेल्थ इमरजंसी' अर्थात जन स्वास्थ्य के लिए आपातकाल कहता है। डब्ल्यूटीओ की एक रिपोर्ट के अनुसार वायु प्रदूषण के कारण हर साल दुनिया में करीब सात करोड़ लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ता है। बर्मिंघम विश्विद्यालय ने अपनी एक शोध के दौरान दुनिया में निमोनिया के कारण होने वाली मौतों और वायु प्रदूषण के मध्य सीधा संबंध पाया। लंदन के किंग्स कॉलेज के एक अध्ययन में पाया गया कि वायु प्रदूषण युवाओं में कई मनोविकृतियों को जन्म देता है। सामान्य तौर पर माना जाता है कि वायु प्रदूषण के कारण मनुष्य के फेफड़ों पर बुरा असर पड़ता है, लेकिन वैज्ञानिकों ने पाया है कि वायु प्रदूषण शरीर के हर अंग पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। जहरीली हवाओं का असर फेफड़ों में समा कर समस्त कोशिकाओं को प्रभावित करता है।

वायु प्रदूषण के कारण व्यक्ति में तनाव पैदा करने वाले हार्मोनों का स्तर बढ़ जाता है और वह अवसाद का शिकार हो सकता है। बुजुर्गों में समझने की क्षमता में गिरावट संबंधी डिमेंशिया रोग हो जाता है। गर्भवती महिलाओं को गर्भपात जैसी समस्याओं का सामना करना होता है, गर्भस्थ शिशु का जन्म समय से पूर्व ही हो जाता है- जिससे उसका शारीरिक और मानसिक विकास प्रभावित होता है। ब्रोंकाइटिस, अनिद्रा, यकृत के कैंसर, प्रजनन क्षमता में कमी, उच्च रक्तचाप, हृदयरोग जैसे कितने ही रोग वायु प्रदूषण के कारण बढ़ रहे हैं। चीन में किए गए एक अध्ययन में तो यह भी पाया गया कि वायु प्रदूषण बच्चों को गणित और भाषा जैसे विषय सीखने पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है।

वस्तुत वायु प्रदूषण अपनी चपेट में आने वाले व्यक्ति के जीवन से इस तरह खिलवाड़ करता है कि स्वास्थ्य की दृष्टि से पीढ़ियां प्रभावित होती हैं। शायद यही कारण है कि हमारे पुरखों ने अपने पर्यावरण के संरक्षण को एक जरूरी मुद्दा माना और वेदों ने लगातार प्रतीकों में पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया। ऋग्वेद में एक स्थान पर 'पृथ्वी पू च उर्वी भव' कह कर आह्वान किया गया है कि समस्त पृथ्वी और संपूर्ण परिवेश शुद्ध रहे, तभी जीवन का समग्र विकास हो सकेगा। अथर्ववेद में वायु को प्राण कहा गया है। वेदों के अनुसार वायु पिता के समान पालक, बंधु के समान धारक, पोषक और मित्रवत सुख देने वाली है। कहा तो यह भी गया है कि वायु अमरत्व की निधि है, क्योंकि वह हमें जीवन देती है। लेकिन बदलती हुई जीवन शैली ने हमारी पारंपरिक मान्यताओं से खिलवाड़ किया और मानो प्रदूषण ही हमारे लिए तरक्की का पर्याय बन गया।

इस वर्ष भी जब कुछ संवेदनशील लोगों ने वातावरण को प्रदूषण से बचाने के लिए दीवाली के पूर्व पटाखों के संयमित उपयोग की बात की, तो कतिपय लोग तरह-तरह के कुतर्क से आतिशबाजी के समर्थन में उतर आए। कुछ लोगों का तो यहां तक कहना था कि दीवाली पर जो आतिशबाजी प्रारंभ से हो रही है, उसके खिलाफ बोलना वस्तुत एक सुनियोजित साजिश है। ऐसा कुतर्क देने वाले इस ऐतिहासिक तथ्य को भी बिसरा बैठे कि जिन रामचंद्र की अयोध्या वापसी का संदर्भ दीपावली से जोड़ा जाता है, उनका समय ईसा से करीब साढ़े पांच हजार साल पहले का आंका गया है, जबकि आतिशबाजी की शुरुआत तो सदियों बाद हुई। कुछ लोगों ने इस बार यह भी तर्क दिया कि पटाखे से होने वाले धुएं से वातावरण में मौजूद मच्छर मरते हैं, इसलिए पटाखे तो जी भर कर चलाए जाने चाहिए। ऐसा कहने वाले भूल गए कि वातावरण को जहरीला कर देने से केवल मच्छरों पर ही प्रभाव नहीं पढ़ता, पीढ़ियां भी प्रतिकूलताओं का सामना करती हैं।

हवा में घुलने वाला जहर उस जहरीले धुएं का परिणाम होता है, जो धुआं वाहनों से- कारखानों से और पटाखों से उत्सर्जित होता है। इस धुएं में शामिल कार्बन मोनो ऑक्साइड, सल्फर डाईआक्साइड, नाइट्रोजन डाईआक्साइड जैसी गैसें और सीसे के कण वातावरण को जहरीला कर देते हैं। ये जहर बच्चों और बुजुर्गों पर सर्वाधिक प्रभाव डालता है। सर्दी के दिनों में वातावरण की आर्द्रता के कारण जहरीले कण जमीन से कुछ ऊपर ही एक ऐसा आवरण बना लेते हैं कि हवा बहुत बोझिल हो जाती है। दीवाली के दिनों में चूंकि आतिशबाजी के कारण हवा में नुकसानदायक कहे जाने वाले कणों की मात्रा बहुत बढ़ जाती है और वही समय ऋतु परिवर्तन का भी होता है, इसलिए लोगों को ज्यादा परेशानी होती है।

आज से साढ़े तीन-चार दशक पहले तक स्थिति इतनी भयावह नहीं थी। तब सड़कों पर दौड़ने वाले वाहनों की संख्या काफी कम थी। हवा में मौजूद जहर को सोखने के लिए हमारे पास पर्याप्त मात्रा में पेड़ भी थे। लेकिन पिछले कुछ दशकों में स्थितियां बहुत तेजी से बदलीं। सड़कों पर गाड़ियों की भरमार हो गई और विकास की अंधी दौड़ में पेड़ों को अंधाधुंध काटकर हमने उस सहारे को खुद से ही छीन लिया जो न केवल हमें तेज धूप में छाया दिया करता था बल्कि पर्यावरण संरक्षण की आश्वस्ति भी देता था।

अमेरिका के शिकागो विश्वविद्यालय में भारत में पर्यावरण के बुरे प्रभावों का अध्ययन किया तो चौंकाने वाला तथ्य यह सामने आया कि गंगा के मैदानी इलाकों में रहने वालों की औसत उम्र में वायु प्रदूषण के कारण साढ़े तीन से लेकर सात वर्ष तक की कमी हो रही है। स्थिति यह है कि 1998 से 2016 के बीच इस इलाके में प्रदूषण सत्तर फीसद से भी अधिक बढ़ गया है, जबकि देश की चालीस फीसद आबादी भी इसी इलाके में रहती है। ऐसे में आने वाले समय में वायु प्रदूषण के कारण पनपने वाली बीमारियों से ग्रसित लोगों की संख्या में कितनी वृद्धि होगी, इसका अनुमान आसानी से लगाया जा सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन वायु प्रदूषण को 'पब्लिक हेल्थ इमरजंसी' यों ही नहीं कहता।

# अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मायने अराजकता नहीं

**आज भारतीय बौद्धिक जगत अपनी खामोशी की वज़ह से अविश्वसनीय और बदनाम है। इसे ही निर्मल वर्मा ने 'चुनी हुई चुप्पी' कहा था, जिसे सामान्यतः 'सलेक्टिव खामोशी' कहा जाता है। क्या एक लोकतांत्रिक देश में सेलेक्टिव चुप्पी और सलेक्टिव होना स्वस्थ प्रवृत्ति मानी है सकती है ?**


हरीश शिवनानी

भारतीय राजनीति,साहित्य,संस्कृति और अकादमिक दायरों में जिस पदबंध का प्रयोग जोर-शोर से किया जाता है, वो है- अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता। जितने जोर-शोर से इसे दोहराया जाता है उससे भी दुगुने मौकों पर इसका दुरुपयोग भी उतने ही खुले तौर पर किया जाता है। हालिया एक कॉमेडियन कुणाल कामरा के प्रकरण से ऐसा ही कुछ हुआ जा रहा है। जो लोग यह 'तर्क' देते हैं कि अगर आप किसी से असहमत भी हों, तब भी आपको किसी के बोलने के अधिकार का समर्थन करना ही चाहिए। 'फ्रीडम ऑफ़ स्पीच' पर तभी प्रश्न उठाए जा सकते हैं जब वह हिंसा फैला रही हो। कामरा ने ऐसा कुछ नहीं किया है। दूसरी ओर सुतर्क यह है कि किसी के 'बोलने' इसका व्यावहारिक और तर्कसंगत पहलू भी होना चाहिए कि उसके 'बोलने' का वास्तविक मंतव्य,उद्देश्य क्या है। कोई अगर कॉमेडी की आड़ या अन्य किसी भी नज़रिए से किसी व्यक्ति, जाति, धर्म, संप्रदाय, समुदाय या किसी भी उद्देश्य से निर्मित समूह के प्रति सार्वजनिक रूप से अभद्र-अशालीन-अमर्यादित भाषा-बोली का प्रयोग कर उसकी मानहानि करते हैं, सामाजिक रूप से अपमानित करते हैं, फूहड़ तरीके से हँसी-मखौल उड़ाते हैं या उसके हितों नुकसान करते हैं तो यह भी उसके प्रति वाचिक हिंसा,सार्वजनिक अपमान करना ही हुआ, इसे 'स्वतंत्रता की अभिव्यक्ति' तो कतई नहीं कहा जा सकता। कामरा ने पिछले दिनों अपने कॉमेडी शो में महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के तरफ़ संकेत कर जो कुछ कहा है, उसे समझना,उसके निहितार्थ निकालना कोई मुश्किल काम नहीं है। यह महज़ कॉमेडी नहीं, विशुद्ध रूप से अभद्र तरीक़े का राजनीतिक वक्तव्य है। भारत में दल-बदल कर सत्ता हासिल करने का लंबा राजनीतिक इतिहास रहा है। 1977 और 1979 में हरियाणा में मुख्यमंत्री भजनलाल के समूची कैबिनेट सहित दलबदल करने का इतिहास तो जाना-पहचाना है ही, राजनीतिक मुहावरा 'आयाराम-गयाराम' भी हरियाणा के एक विधायक की ही देन है।

अभिव्यक्ति के स्वतंत्रता की आड़ में हमें उन मूल्यों को भी नहीं भूलना चाहिए जो एक सभ्य,सुसंस्कृत, मर्यादित और शिष्ट समाज की बुनियाद होते हैं। अनुशासन, मर्यादाओं की एक सीमा-रेखा होती है। हर अभिव्यक्ति के मायने अराजकता नहीं हो सकता।भारतीय संविधान में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता अनुच्छेद 19(1)(क) के तहत नागरिकों को दी गई है। हालांकि यह भी असीम नहीं है।इसे अनुच्छेद 19(2) के तहत कुछ उचित प्रतिबंधों के अधीन रखा गया है। लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए वाचिक और शाब्दिक हिंसा पर भी अंकुश उतना ही ज़रूरी है जितना दैहिक हिंसा पर।

भारतीय बौद्धिक जगत की दिक्कतें यह भी कम नहीं कि उसकी बौद्धिकता किसी व्यक्ति, समूह, जाति,समुदाय को परखने,उसका मूल्यांकन करने या उसके पक्ष-विपक्ष में खड़े होने के मूल में उसके पैमाने, उसके निकष, मापदंड उसकी विचारधारा के अनुरूप बदलते रहते हैं। कला और साहित्य-संस्कृति की स्वायत्तता के स्वयम्भू ठेकेदारों ने अपने स्तर पर एक पैमाना बना रखा है जिससे वे अभियक्ति की आज़ादी की हद तय करते है। सच यही है कि आज भारतीय बौद्धिक जगत अपनी इस खामोशी की वज़ह से ज्यादा अविश्वसनीय और बदनाम है। इसे ही निर्मल वर्मा ने 'चुनी हुई चुप्पी' कहा था, जिसे सामान्यतः 'सलेक्टिव खामोशी' कहा जाता है। यदि कोई अपनी वैचारिकता के निकट है तो गलत होकर भी सही, वरना विरोधी होने पर खामोशी। क्या एक लोकतांत्रिक देश में सेलेक्टिव चुप्पी और सलेक्टिव होना स्वस्थ प्रवृत्ति मानी जा सकती है ?

कहने को देशी-विदेशी सिनेमा या सीरीज़ में देशज शब्दों की भरमार होती है। ऑस्कर पाने वाली 'अनोरा' में एक गाली का प्रयोग सैकड़ों बार हुआ। मार्टिन स्कोर्सेसी जैसे बड़े फ़िल्मकार ने भी 'द वुल्फ़ ऑफ़ वॉल स्ट्रीट' में भी एक यौन शब्द का इस्तेमाल सैकड़ों बार किया। किसी रचना,चाहे वो फ़िल्म हो या किताब, उसमें अगर गाली या कथा या पात्रों के स्तर के अनुसार गालियों या किसी देशज किस्म की भदेस भाषा का प्रोयग होता है तो उसे रचनात्मक अनिवार्यता कही जा सकती है, राही मासूम रज़ा के 'आधा गांव' या काशीनाथ सिंह की 'अस्सी का अस्सी ' कृति-फ़िल्म; लेकिन आज के दौर में जब 'स्टैंडिंग कॉमेडी' के नाम जो छिछोरापन परोसा जाता है,वह अस्वीकार्य है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता मर्यादित बोध से होनी चाहिए।

वैसे कामरा का विवादों से पुराना नाता रहा है। वे वरिष्ठ पत्रकार अर्नब गोस्वामी से लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक के संदर्भ में विवादों में रह चुके हैं। नए वीडियो में कामरा ने शिंदे के अलावा मुकेश अंबानी के बेटे का उसके वज़न के लिए भी मज़ाक उड़ाया है। वास्तविकता यह है कि आज के दौर में जब कॉमेडियन का जब मार्केट ठंडा हो जाता है तब वापस मार्केट में चर्चा में आने के लिए धर्म , राजनीतिक, जाति आदि विषयों पर निजी रूप से व्यंग्य करते हैं ताकि विवाद हो और वह फिर चर्चा में आ जाएं। पैसे और चर्चा में बने रहने के लिए उनका एक तरह का पेशा है। इसे आप इस प्रकरण से भी समझ सकते हैं कि इस विवाद के बाद 'सुपर थैंक्यू' के नाम पर कामरा को दो दिन में ही लाखों रुपए की फंडिंग हो चुकी है।

# खेलों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी

**विजय गर्ग**

''मैं हमेशा ये सोच के रोता रहा कि छोरा होता तो देश के लिये गोल्ड लाता। ये बात मेरे समझ में न आई कि गोल्ड तो गोल्ड होता है, छोरा लावे या छोरी।'' साल 2016 में आई आमिर खान की फिल्म 'दंगल' का ये डायलॉग तो हम सभी ने सुना ही होगा। ये महज एक फिल्म का डायलॉग भर नहीं है जिसका आनंद लिया और छोड़कर आगे बढ़ गए, बल्कि ये बहुत गहरी बात है जिसे आज तक हमारा भारतीय समाज पूरी तरह से आत्मसात नहीं कर पाया है। जी हाँ, लिंग समानता को लेकर हम कितनी भी बड़ी-बड़ी बातें क्यों न कर लें, लेकिन वास्तविकता यह है कि आज भी भारत में लिंग असमानता बड़े पैमाने पर है जिसका एक जीता जागता उदाहरण खेल की दुनिया है। वैसे भी खेलों को लेकर भारत का रवैया हमेशा से सुस्ती भरा रहा है, उसमें भी महिलाओं को प्रोत्साहन मिलना तो बहुत दूर की बात है। ऐसे में पर्याप्त समर्थन के अभाव व सामाजिक वर्जनाओं को तोड़कर अपना परचम लहराने वाली मैरी कॉम, विनेश फोगाट, बबिता फोगाट, मानसी जोशी, दुति चंद, पी.वी सिंधु, हिमा दास जैसी महिला खिलाड़ियों को भूला नहीं जा सकता है। आज हम इस लेख में, अपनी प्रतिभा से खेल की दुनिया और समाज में मिसाल बनीं इन महिला खिलाड़ियों के बारे में तो जानेंगे ही, साथ ही यह भी जानेंगे कि आखिर इस क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी तुलनात्मक रूप से कम होने की क्या वजह है; क्यों आज भी अधिकाँश घरों के लोग अपनी बेटियों को खेल के क्षेत्र में करियर बनाने का समर्थन नहीं करते।

राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलों में पुरुषों के वर्चस्व को चुनौती दे रहीं इन महिला खिलाड़ियों के संघर्ष की दास्तां सुनकर आप भी यह कहने को मज़बूर हो जाएंगे कि ''म्हारी छोरियां छोरों से कम हैं के''।

हिमा दास- ढिंग एक्सप्रेस के नाम से मशहूर हिमा दास का जन्म 9 जनवरी 2000 को असम के नगांव जिले के ढिंग गाँव में हुआ था। उनके परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी। उनके पिता के पास मात्र दो बीघा जमीन थी जिस पर खेती करके वह आजीविका चलाते थे। शुरू में हिमा अपने धान के खेतों में ही अभ्यास करती थीं। पैसों की कमी की वजह से उनके पास अच्छे जूते भी नहीं थे। हिमा फुटबॉल में स्ट्राइकर बनना चाहती थीं। एक दिन उनके दौड़ने की क्षमता देखकर किसी ने उन्हें एथलीट बनने की सलाह दी और यहीं से शुरू हुआ उनके एथलीट बनने का सफर। बता दें कि, हिमा ट्रैक स्पर्धा में विश्व स्तर पर गोल्ड जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी हैं। हिमा के ज़ज्बे और प्रदर्शन को देखते हुए असम पुलिस में उन्हें उप अधीक्षक (डीएसपी) बनाया गया है। हिमा दास ने कई प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक जीता है।

मैरी कॉम- बॉक्सर मैरीकॉम का जन्म 1 मार्च 1983 को भारत के पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर के एक छोटे से गाँव में हुआ था। उनका बचपन भी बहुत गरीबी में गुजरा। बॉक्सिंग शुरू करने के बाद मैरी को पता था कि उनका परिवार उनके बॉक्सिंग में करियर बनाने के विचार को कभी नहीं मानेगा, जिस वजह से उन्होंने इस बात को अपने परिवार से छिपाकर रखा था। साल 1998 से 2000 तक वे अपने घर में बिना बताये इसकी ट्रेनिंग लेती रहीं। सन 2000 में जब मैरी ने मणिपुर में 'वीमेन बॉक्सिंग चैम्पियनशिप' में जीत हासिल की, और उन्हें बॉक्सर का अवार्ड मिला तब परिवार को उनके बॉक्सर होने का पता चला। बड़ी बात यह है कि, भारत में जहाँ शादी और बच्चों के बाद महिला खिलाड़ी का करियर खत्म माना जाता है, ऐसे में मैरीकॉम ने माँ बनने के बाद भी खेलना नहीं छोड़ा। तीन बच्चों की माँ बनने के बाद भी मैरीकॉम ने वर्ल्ड चैंपियनशिप जीती। वह दुनिया की एकमात्र बॉक्सर हैं जिन्होंने कुल आठ वर्ल्ड चैंपियनशिप मेडल जीते हैं।

विनेश फोगाट- पहलवान विनेश फोगाट का जन्म 25 अगस्त 1994 को भारत के हरियाणा राज्य में हुआ था, जो कि भारत के सबसे कम लिंगानुपात वाले राज्यों में से एक है। जब विनेश ने अपने गाँव में कुश्ती का अभ्यास शुरू किया तो लड़कों का खेल समझे जाने वाले खेल पहलवानी चुनने और कपड़ों की च्वाइस के लिये विनेश को बहुत कुछ झेलना पड़ा, लेकिन विनेश ने हार नहीं मानी और इस यात्रा में पिता के बाद उनका साथ उनके ताऊ ने दिया। खेल की इस दुनिया में विनेश ने वर्ल्ड चैंपियनशिप में कांस्य पदक और कॉमनवेल्थ गेम्स में स्वर्ण पदक जीतकर तिरंगे की शान बढ़ाई है। यह भी जानना ज़रूरी है कि, विनेश वर्ल्ड चैंपियशिप में दो पदक जीतने वाले देश की पहली महिला पहलवान हैं।

दुति चंद- विनेश फोगाट जैसी खिलाड़ियों ने जहाँ पुरुष प्रधान मानसिकता को चुनौती दी, वहीं दुति चंद ने गरीबी और जेंडर के इर्द-गिर्द बनी रूढ़ियों को तोड़ा। दुति का जन्म 3 फरवरी 1996 को उड़ीसा राज्य के जाजपुर जिले में हुआ था। इनके पिता एक बुनकर थे। इनकी मां भी बुनकर का काम करती थीं। घर की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी लेकिन दुति की मेहनत को देखते हुए उनके घर और गाँव वाले सभी को यकीन था कि एक दिन वह बहुत आगे तक जाएँगी। एक कहावत 'होनहार बिरवान के चिकने पात' दुति पर पूरी तरह से लागू होती है। इतना ही नहीं, दुति को खेल में भाग लेने के लिये भी कानूनी लड़ाई लड़नी पड़ी थी, लेकिन दुति ने यह लड़ाई भी जीती। आज दुति भारत की सबसे तेज भागने वाली एथलीट्स में से हैं।

पी.वी सिंधु- तेलंगाना में रहने वाली पीवी सिंधु भारत की पहली बैडमिंटन खिलाड़ी हैं जिन्होंने सिर्फ 21 साल की उम्र में रियो ओलंपिक में रजत पदक जीता है। वह दुनिया के टॉप-10 खिलाड़ियों में से हैं। महिला हो या पुरुष, सिंधु से पहले किसी भी भारतीय खिलाड़ी ने वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप नहीं जीती है।

आँकड़ों की बात करें तो राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बीते पाँच वर्षों में महिला खिलाड़ियों की संख्या में काफ़ी इज़ाफा देखने को मिला है। खेल मंत्रालय की एक रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2018 से 2020 की अवधि में खेलो इंडिया गेम्स में महिला खिलाड़ियों की भागीदारी में कुल 160 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, ओलंपिक डेटाबेस के अनुसार, साल 2000 में ओलंपिक खेलों में कुल 38 फीसदी महिलाओं की भागीदारी देखी गई थी, जो कि साल 2016 में बढ़कर 45 फीसदी और साल 2020 में 47 फीसदी हो गई।

खेल में महिलाओं की पर्याप्त संख्या में भागीदारी न होने के कुछ कारण ये हो सकते हैं-

एक रिसर्च के दौरान लोगों ने बताया कि स्कूलों द्वारा खेल पर ज़ोर न दिया जाना व सुविधाओं का अभाव इसकी बड़ी वजहें हैं।

महिलाओं को रोज़मर्रा के आधार पर लिंगवाद के कई मुद्दों का सामना करना पड़ता है, चाहे वह कार्यस्थल हो या घर। उनके पहनावे, उनकी बातचीत व व्यवहार की निगरानी की जाती है और उसी आधार पर उनका आंकलन किया जाता है।

अधिकतर लोगों का मानना है कि महिला एथलीटों को मातृत्व और खेल करियर के बीच संतुलन स्थापित करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

इसके अलावा, पुरुष खिलाड़ियों की तुलना में महिला खिलाड़ियों को कम धन मिलता है, जिससे उनके लिये प्रतिस्पर्द्धा करना एवं लंबे समय तक खेल में लिप्त रहना मुश्किल हो जाता है। खेल जगत में महिलाओं के अथक प्रयासों के बावजूद उन्हें अपने पुरुष समकक्षों की तुलना में बराबर सम्मान या मान्यता प्राप्त नहीं होती है।



## 'रेड 2' में फिर इनकम टैक्स ऑफिसर बनकर छापेमारी करने आ रहे अजय देवगन





अभिनेता अजय देवगन एक बार फिर इनकम टैक्स ऑफिस के किरदार में बॉक्स ऑफिस पर छापेमारी करने आ रहे हैं। एक लंबे इंतजार और कई तारीखों के बदलाव के बाद अब 2018 में आई अजय देवगन की फिल्म 'रेड' की सीक्वल फिल्म 'रेड 2' अपनी रिलीज को तैयार है। अजय देवगन ने आज फिल्म की नई रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। अजय देवगन ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म 'रेड 2' का एक नया पोस्टर शेयर करते हुए फिल्म की नई रिलीज डेट का भी एलान कर दिया है। पोस्टर जारी करते हुए अजय ने अपने कैप्शन में लिखा, नया शहर, नई फाइल और अमय पटनायक की एक नई रेड। 'रेड 2' 1 मई से आपके नजदीकी सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है।

### रितेश देशमुख और वाणी कपूर भी आएंगे नजर

फिल्म 'रेड 2' में अजय देवगन के अलावा रितेश देशमुख, वाणी कपूर और सौरभ शुक्ला भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन राजकुमार गुप्ता करेंगे।

### कई बार टल चुकी है फिल्म की रिलीज डेट

'रेड 2' की रिलीज को लेकर इससे पहले भी कई तारीखें दी गई, लेकिन फिल्म आगे बढ़ गई। पहले फिल्म को 15 नवंबर 2024 को ही रिलीज होना था, लेकिन फिर इसकी रिलीज को 21 फरवरी 2025 तक के लिए आगे बढ़ा दिया गया था। हालांकि, फिल्म तब भी रिलीज नहीं हो सकी। अब फिल्म की नई रिलीज डेट जारी की गई है। फिल्म की अधिकांश शूटिंग दिल्ली और लखनऊ में की गई है।



## रश्मिका मंदाना ने बांधे सलमान खान की तारीफों के पुल

**सलमान खान और रश्मिका मंदाना अभिनित फिल्म सिकंदर इस महीने की 30 तारीख को रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म का प्रमोशन जोरो-शोरो से चल रहा है। फिल्म प्रमोशन के दौरान रश्मिका ने सिकंदर की जमकर तारीफ की।**

सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म सिकंदर को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। इस फिल्म में सलमान के साथ पहली बार रश्मिका मंदाना की जोड़ी नजर आएगी, जो प्रशंसकों को बेहद पसंद भी आ रही है। वहीं फिल्म का प्रमोशन लगातार चल रहा है और इसी बीच रश्मिका ने सलमान की जमकर तारीफ की।

### रश्मिका ने सिकंदर को बताया महान कलाकार

टॉलीवुड और बॉलीवुड अभिनेत्री रश्मिका मंदाना लगातार लगातार कई हिट फिल्में देती आई हैं, जिसमें रणबीर कपूर के साथ एनिमल और अल्लू अर्जुन के साथ पुष्पा 2 द रूल शामिल हैं। वहीं अब उन्होंने बॉलीवुड दबंग खान के साथ काम करने के अपने अनुभव को लेकर अपनी एक्साइटमेंट जाहिर की है।

### सलमान के साथ काम करना सम्मान की बात

एक खबर के मुताबिक, रश्मिका मंदाना ने सलमान की तारीफ करते हुए कहा कि उनके साथ फिल्म सिकंदर में काम करना, उनके लिए बेहद सम्मान की बात है क्योंकि वह बॉलीवुड के एक ऐसे अभिनेता हैं, जिन्हें हर कोई पसंद करता है और वह भारतीय सिनेमा में सबसे प्रसिद्ध



अभिनेताओं में से एक हैं। साउथ की कई बेहतरीन फिल्मों के बाद अब बॉलीवुड फिल्मों में कदम जमा चुकीं रश्मिका का मानना है कि फिल्म सिकंदर उनके करियर के लिए मील का पत्थर साबित होगी। इसके अलावा रश्मिका ने सलमान के स्टारडम से लेकर उनके साथ काम करने के अनुभव की भी जमकर प्रशंसा की।

### सिकंदर में मिलेगा- एक्शन, रोमांस और भरपूर ड्रामा

सिकंदर का निर्देशन और लेखन ए आर मुरुगादॉस ने किया है। फिल्म में सलमान और रश्मिका मंदाना के अलावा सत्यराज, प्रतीक बब्बर, काजल अग्रवाल, शरमन जोशी ने अहम भूमिका निभाई है। फिल्म का दमदार संगीत प्रीतम ने तैयार किया है। यह फिल्म 30 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है।



## अपनी नानी और मां को सुपरवुमन मानती हूं, दोनों ने हमारे लिए कई कुर्बानियां दी हैं

अदा शर्मा उन एक्ट्रेसेस में से हैं, जिन्हें चर्चा में रहना खूब आता है। केरला स्टोरी हो या बस्तर जैसी फिल्में अथवा हो सोशल मीडिया पर उनके अजब-गजब पोस्ट, वे हमेशा खबरों में रहती हैं। इन दिनों वे चर्चा में हैं आईवीएफ के एक्सपर्ट डॉक्टर अजय मुर्डिया की रियल लाइफ स्टोरी तुमको मेरी कसम से।

**आम तौर पर महिलाओं को सुपरवुमन कहा जाता है, आपके लिए सुपर वुमन कौन हैं?**

मेरी नजर में हाउसवाइफ सुपरवुमन होती है। मगर यदि आप उन्हें उचित सम्मान और श्रेय देना चाहते हैं, तो इसकी शुरुआत घर से होनी चाहिए। घर में अगर आपका बेटा है, तो उसे और सभी बच्चों को सिखाना होगा कि एक मां, हाउसवाइफ किस तरह से पूरा घर संभालती है। उसे एक दिन का भी वीक ऑफ नहीं मिलता। मैंने हाउसवाइफ के रूप में अपनी मां और नानी को देखा है और वे मुझे हमेशा से एक परफैक्ट गृहिणी लगी हैं। मैं इन लोगों को सुपरवुमन मानती हूं। ये अध्यात्म में भी रत रहती हैं, तो घर के कार्यों में भी उतनी ही निपुण हैं। उन्होंने हमारे लिए कई कुर्बानियां दी हैं और उनका काम निरंतर चलता रहता है।

**अदा इंस्टाग्राम पर आपके 9.7 मिलियन से भी ज्यादा की फैन फॉलोविंग है, आपको सोशल मीडिया पर काफी प्यार मिलता है, मगर क्या आपको नहीं लगता कि ओवर एक्सपोज हो रहा है?**

नहीं मैं इस तरह से नहीं सोचती। मैं इसे एक ऐसा प्लेटफॉर्म मानती हूं, जहां मैं अपने फैंस से डायरेक्ट कनेक्ट कर सकूं। मैं तो रेंडम विडियोज ले कर पोस्ट करती रहती हूं। मैं अपनी ऑडियंस की शुक्रगुजार हूं, जो उन्होंने मुझे मेरे रूप में स्वीकार किया है। मुझे उनके सामने बनावटी नहीं होना पड़ता। मैं सोशल मीडिया पर फिल्टर के साथ नहीं आती। अपने सोशल मीडिया पर आप जितने रियल रहो, उतना अच्छा है, वरना आप कभी न कभी तो पकड़े ही जाते हो।

**आज कल एकाध फिल्म के अलावा कोई फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कमाल नहीं दिखा पाई है? बॉक्स ऑफिस का कोई प्रिडिक्शन नहीं कर पा रहा। वजह?**

आप एक फिल्म बनाते हैं, जो लोगों को बहुत अच्छी लगती है, मगर फिर आप उसी जैसी फिल्म बनाएंगे, तो वो शायद लोगों को अच्छी न लगे। मेरे कहने का अर्थ ये है कि जब साइंस के पास जवाब नहीं है, तो फिल्म उद्योग के पास कैसे होगा? मैं इसमें कोई बुराई नहीं समझती, जिस चीज को हम प्रिडिक्ट नहीं कर पाते, वही तो मैजिक होता है न?

**आपने विक्रम भट्ट की 1920 से अपने करियर का आगाज किया था और अब उनके साथ एक बार फिर आप अपनी इस ताजा-तरीन फिल्म में नजर आ रही हैं?**

साल 2008 में जब हमारी फिल्म 1920 आई, तब हॉरर इरॉटिक कॉन्टेंट के लिए जाना जाता था। डरावनी फिल्मों में सेक्स बेस्ड सीन्स हुआ करते थे, मगर विक्रम भट्ट 1920 में लव स्टोरी के साथ हॉरर को लेकर आए। वो मेरी पहली फिल्म थी। मैं बहुत खुशकिस्मत हूं, जो फिल्म चली और अब मैं विक्रम भट्ट के साथ तुमको मेरी कसम में हूं। विक्रम भट्ट एक ऐसे निर्देशक हैं, जो बहुत पैंपर करते हैं। वे बहुत प्यार से काम करवाते हैं। बहुत ही मजेदार इंसान हैं। सेट पर वाइब्स हमेशा पॉजिटिव रखते हैं। इस फिल्म की खासियत यह है कि ये मर्दों की मर्दानगी और औरतों की फर्टिलिटी के मुद्दे पर बात करती है। तुमको मेरी कसम देश की सबसे बड़ी आईवीएफ श्रृंखला चलाने वाले डॉक्टर अजय मुर्डिया की असली कहानी पर आधारित है, मगर इसके सभी महिला पात्र बहुत ही मजबूत हैं। मेरा किरदार काफी सशक्त है।



## क्या धनुष के निर्देशन में बनी फिल्म में काम करेंगे अजित?



इन दिनों टॉलीवुड के ड्रीम प्रोजेक्ट की चर्चा तेज हो रही है, जो धनुष और अजित कुमार की फिल्म है। काफी समय से खबरें आ रही हैं कि अजित साउथ सुपरस्टार और निर्देशक धनुष के निर्देशन में बनने वाली फिल्म में काम करेंगे। दोनों सुपरस्टार्स का साथ काम करना दर्शकों को उत्साहित कर रहा है। जहां एक ओर प्रशंसक आधिकारिक पुष्टि का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, वहीं निर्माता आकाश भास्करन ने आखिरकार यह साफ कर दिया है कि फिल्म पर बातचीत चल रही है।

### फिल्म पर आया नया अपडेट


हाल ही में दिए एक साक्षात्कार में आकाश ने पुष्टि की कि अजित और धनुष की फिल्म की अटकलें सच हैं। पिंकविला की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने कहा, हां, अजित कुमार के साथ धनुष की फिल्म अभी भी शुरुआती चरण में है। चर्चा जारी है। उन्होंने कहा कि अभी तक कुछ भी तय नहीं हुआ है।

### इडली कढ़ाई की रिलीज में हुई देरी

अगर यह सहयोग सफल होता है तो यह तमिल सिनेमा में एक ऐतिहासिक पल होगा, जिसमें दो सुपरस्टार्स एक साथ आएंगे। वहीं, डॉन पिक्चर्स के आकाश भास्करन धनुष की फिल्म इडली कड़ाई का निर्माण कर रहे हैं। इससे पहले खबर आई थी कि अजित की फिल्म को निर्देशित करने के लिए इडली कढ़ाई की रिलीज डेट टाल दी गई है। हालांकि, फिल्म की देरी का कारण साफ नहीं है।

### धनुष का अगला प्रोजेक्ट

साथ ही आकाश भास्करन ने पुष्टि की है कि धनुष लुबर पंधु के निर्देशक तमिझरासन पचमुथु के साथ एक फिल्म कर रहे हैं। यह प्रोजेक्ट जल्द ही फ्लोर पर आएगा। अगर अजित धनुष द्वारा निर्देशित किसी फिल्म में काम करते हैं, तो यह निश्चित रूप से साउथ की सबसे रोमांचक फिल्मों में से एक होगी।



## 'एडोलसेंस' की कहानी से प्रभावित हुए करण जौहर

**नेटफ्लिक्स की मिनी सीरीज 'एडोलसेंस' लगातार प्रशंसाएं बटोर रही है। इस सीरीज को भारत में भी काफी पसंद किया जा रहा है और बॉलीवुड के कई दिग्गज फिल्ममेकर इसकी कहानी की तारीफ कर रहे हैं। अब इस कड़ी में निर्माता-निर्देशक करण जौहर का भी नाम शामिल हो गया है। करण जौहर ने 'एडोलसेंस' की तारीफ करते हुए इसे पेरेंट्स के लिए जबरदस्त क्लास बताया है। करण ने सीरीज की तारीफ करते हुए अपने इंस्टाग्राम पर एक लंबा-चौड़ा नोट लिखा है।**

### कोई भी किताब नहीं बना सकती आपको बेस्ट पेरेंट

'एडोलसेंस' की प्रशंसा करते हुए करण जौहर ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, मैं जानता हूं कि एक बच्चे का पालन-पोषण करना जितना बड़ा आशीर्वाद है, उतनी ही कठिन जिम्मेदारी भी है। कोई भी किताब या पॉडकास्ट आपको पेरेंट के रूप में खुद को बेस्ट बनाने के लिए नहीं सिखा सकता। सबसे पहले आपको खुद अच्छा बनना पड़ेगा।

### बच्चे आपका प्रतिबिंब होते हैं

करण ने आगे लिखा, आप क्या बोलते हो, कैसे बोलते हो, क्या महसूस करते हो, आपकी आदतें, आपका व्यवहार, आपकी विचारधारा, आपका सबकुछ आपके बच्चे पर असर डालने वाला है। वे आपका ही एक हिस्सा हैं। आपको एहसास नहीं होता, लेकिन बच्चे माता-पिता का ही एक रूप होते हैं। वो आपके जैसा ही करते हैं।

### महामारी अब है, हम इसे देख नहीं पाते

आगे एडोलसेंस की समीक्षा करते हुए करण अपनी पोस्ट में लिखते हैं, एडोलसेंस उन माता-पिता को जगाने वाली कहानी है जो सोशल मीडिया के दौर में अपने बच्चों को बड़ा कर रहे हैं। मैं उन बातों को सुनकर बड़ा हुआ हूं, जो वो इमोजी में बोलते हैं, मैं उन किताबों को सुनकर बड़ा हुआ हूं, जो वो रील में स्क्रॉल करते हैं। मैं अपने आप को ढूंढता हुआ बड़ा हुआ हूं और वो तुलनाओं में घिरे हुए हैं। महामारी अब है। हम इसे देख नहीं पाते। यह दिल दहला देने वाला शो पेरेंटिंग और सोशल मीडिया को आईना दिखाता है।

### इस कहानी ने मुझे हैरान कर दिया

करण ने आगे एडोलसेंस को लेकर लिखा, हाल ही में मैंने जो कुछ भी देखा या जिससे भी प्रभावित हुआ यह उससे ज्यादा है। कथित मर्दानगी की नजर, बदमाशी का असर, बच्चों की आदतों पर आंख मूंद लेना। यह चार एपिसोड की मिनी सीरीज माता-पिता के लिए एक जबरदस्त क्लास है। चार लंबे शानदार शॉट्स की तकनीक ने एक फिल्ममेकर के रूप में मुझे हैरान कर दिया, लेकिन इस कहानी ने एक अभिभावक के रूप में मुझे तोड़ दिया। मैं जुड़वा बच्चों की परवरिश कर रहा हूं। मैं इस शो को मेरी जागरुकता को बढ़ाने के लिए धन्यवाद देता हूं। यह एक सीरीज से कहीं ज्यादा है, यह एक हमेशा के लिए सबक है।

## खुशी कपूर को बेसब्री से है सिकंदर का इंतजार



दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी और निर्माता बोनी कपूर की बेटी खुशी कपूर भी फिल्मों का हिस्सा बन चुकी हैं। हाल ही में उनकी एक फिल्म नादानियां ओटीटी पर रिलीज हुई। हाल ही में खुशी कपूर ने एक फिल्म का ट्रेलर अपने इंस्टाग्राम पेज के स्टोरी सेक्शन में साझा किया। इस फिल्म को देखने के लिए वह काफी उत्साहित हैं। खुशी कपूर जिस फिल्म को थिएटर में देखने के लिए उत्साहित हैं, वह उनकी अपनी फिल्म नहीं है। खुशी असल में सलमान खान की आने वाली फिल्म सिकंदर को लेकर एक्साइटेड नजर आ रही हैं। इस फिल्म का ट्रेलर उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट पर साझा किया है। सलमान खान की फिल्म सिकंदर ईद के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। इस फिल्म को लेकर दर्शकों में काफी क्रेज देखा जा रहा है।

एंकर कंज्यूमर ने प्रीमियम साबुन सेगमेंट में अपनी उपस्थिति मजबूत की

# मृणाल ठाकुर को डायना सोप्स का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया

नए कैंपेन पहली झलक करे खूबसूरत असर का अनावरण किया



**जयपुर टाइम्स**

मुंबई(नि.सं.)। एंकर कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के प्रीमियम ब्यूटी सोप ब्रांड डायना, जो अपने बेहतरीन स्किनकेयर फॉर्मूलेशन के लिए जाना जाता है, ने मशहूर अभिनेत्री मृणाल ठाकुर को अपना नया ब्रांड एंबेसडर घोषित किया है। अपनी खूबसूरती, आत्मविश्वास और प्राकृतिक सुंदरता के साथ, मृणाल डायना के सार को बखूबी दर्शाती हैं, जो उन्हें ब्रांड के नवीनतम कैंपेन, पहली झलक करे खूबसूरत असर के लिए आदर्श चेहरा बनाती है। यह घोषणा डायना द्वारा प्रीमियम ब्यूटी सोप सेगमेंट में अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए एक रणनीतिक कदम है, जो उन उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करता है जो मूल्य से समझौता किए बिना एक शानदार स्किनकेयर अनुभव चाहते हैं। एक महत्वाकांक्षी आइकन के रूप में, मृणाल आधुनिक महिलाओं के साथ गहराई से जुड़ती हैं जो सुंदरता, आत्मविश्वास और आत्म-देखभाल को प्राथमिकता देती हैं।मृणाल ठाकुर ने डायना के साथ ऐसे समय में करार किया है जब यह ब्रांड प्रीमियम ब्यूटी सेगमेंट में अपनी मौजूदगी बढ़ा रहा है। यह 76त्न ज्ञ्स्रू(टोटल फैटी मैटर) और 0त्न फिलर्स वाला ग्रेड 1 साबुन पेश कर रहा है, जो बेहतरीन शुद्धता और प्रभावशीलता की पहचान है। असली सामग्री से भरपूर डायना गहरा पोषण, लंबे समय तक ताजगी और चमकदार त्वचा सुनिश्चित करता है, जिससे यह उन महिलाओं के लिए पसंदीदा विकल्प बन जाता है जो शानदार स्व-देखभाल की आकांक्षा रखती हैं। एंकर कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के निदेशक करण शाह ने कहा, मृणाल ठाकुर डायना की हर बात का प्रतिनिधित्व करती हैं- शालीनता, संतुलन और शाश्वत सुंदरता। टेलीविजन से बॉलीवुड तक का उनका सफर हमारे ब्रांड के विकास को दर्शाता है, जो उन्हें एक आदर्श राजदूत बनाता है। हम इस सहयोग को लेकर उत्साहित हैं और हमारा मानना??है कि यह सौंदर्य के प्रति जागरूक उपभोक्ताओं के बीच डायना की अपील को बढ़ाएगा। मृणाल ठाकुर ने कहा, ÷मैं डायना के साथ साझेदारी करके रोमांचित हूं, यह एक ऐसा ब्रांड है जो वास्तव में सुंदरता और आत्मविश्वास के सार को समझता है। नया कैंपेन पहली छाप के जादू को खूबसूरती से दर्शाता है, और मुझे पसंद है कि डायना किस तरह महिलाओं को हर दिन अपना सर्वश्रेष्ठ महसूस करने के लिए सशक्त बनाती है। यह एक रोमांचक यात्रा है, और मैं इसका हिस्सा बनने के लिए उत्सुक हूं।

उजेर खान द्वारा निर्देशित और 30 सेक ऑफ़ फेम द्वारा निर्मित डायना के नवीनतम टीवीसी में मृणाल को एक आत्मविश्वासी, उज्ज्वल महिला के रूप में दिखाया गया है, जिसकी उपस्थिति एक अविस्मरणीय प्रभाव छोड़ती है। दृश्य कहानी इस बात पर जोर देती है कि डायना सुंदरता और आत्मविश्वास को कैसे बढ़ाती है, जो इसकी टैगलाइन पहली झलक करे खूबसूरत असर के साथ सहजता से मेल खाती है। एंकर के क्रिएटिव डायरेक्टर कुणाल शाह कहते हैं, डायना की नई पैकेजिंग प्रीमियम भव्यता और संधारणीयता का मिश्रण है, जिसे हरित भविष्य के लिए पुनर्चक्रणीय सामग्रियों से तैयार किया गया है। डायना के चेहरे के रूप में हमेशा दमकने वाली मृणाल ठाकुर के साथ, यह खूबसूरती, आत्मविश्वास और सचेत जीवन को दर्शाता है। इस कैंपेन को टेलीविजन, डिजिटल मीडिया (यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक और ओटीटी प्लेटफॉर्म) और इन-स्टोर ब्रांडिंग सहित कई प्लेटफार्मों पर प्रसारित किया जाएगा, जिससे व्यापक पहुंच और जुड़ाव सुनिश्चित होगा। त्वचा की देखभाल के लिए लाभकारी प्रीमियम ब्यूटी सोप की बढ़ती मांग के साथ, डायना की मृणाल ठाकुर के साथ रणनीतिक साझेदारी बाजार में ब्रांड की उपस्थिति को बढ़ाने के लिए तैयार है। इस सहयोग का उद्देश्य ब्रांड के प्रति लगाव को मजबूत करना और उपभोक्ता जुड़ाव को बढ़ाना है, साथ ही डायना को एक भरोसेमंद ब्यूटी सोप के रूप में अधिक जागरूकता और पसंद बढ़ाना है। इसके अतिरिक्त, ब्रांड आधुनिक व्यापार, सामान्य व्यापार और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपनी बाजार पहुंच का विस्तार करना चाहता है, जिससे व्यापक दर्शकों तक पहुंच सुनिश्चित हो सके। इस साझेदारी के माध्यम से, डायना गुणवत्ता, नवाचार और स्व-देखभाल के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की।




# जिग्ली ने चार स्टोर और 2 अस्पताल शुरू किया

हैप्पी पेट्स के लिए अपने पंख फैलाए, 1-2 वर्षों में ARR के दोगुने से अधिक होने की उम्मीद

**जयपुर टाइम्स**

नई दिल्ली(नि.सं.)। भारत के पहले टेक-आधारित ओमनीचैनल पेट केयर ब्रांड ज़िगली (कॉस्मो फर्स्ट लिमिटेड) ने देशभर में पेट केयर सेवाओं की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अपने विस्तार की गति बढ़ाई है और इसके तहत इस ब्रांड ने उत्तर और दक्षिण भारत में चार नए स्टोर्स खोलकर बाजार में अपनी उपस्थिति को और मजबूत किया है। ज़िगली ने महीने-दर-महीने के आधार पर अपने राजस्व में लगातार वृद्धि दर्ज की है और वर्तमान में ऋक्र (नेट रेवेन्यू) लगभग 56 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है, और कंपनी अगले 1-2 वर्षों में इसे दोगुना से भी अधिक करने का लक्ष्य बना रही है ।

**कहां कहां खुलेंगे नए स्टोर्स -**

- जेपी नगर और बेल रोड, बेंगलुरु
- सेक्टर 35 बी, चंडीगढ़ - 24×7 सुविधा
- शंकर रोड, राजिंदर नगर, दिल्ली

इसके साथ ही, ज़िगली ने दो पेट अस्पताल भी शुरू किए हैं, जो पेट पैरेंट्स और उनके प्यारे दोस्तों के लिए एक ओवरऑल पेटकेयर इकोसिस्टम प्रदान करेगा जो ब्रांड के मिशन से मेल खाता है। यह पहल पालतू पशुओं की देखभाल को बड़े पैमाने पर वेट-सर्विस (पशु चिकित्सा सेवा) जोड़कर और उन्हें और समय पर उपचार देकर कंपनी के दृष्टिकोण को और भी सार्थक बनाती है।

**नए अस्पतालों के स्थानः**

- कैलाश कॉलोनी एक्सपीरिएंशल सेंटर, दिल्ली - पूर्ण रूप से संचालित पेट अस्पताल में परिवर्तित
- जुबली हिल्स, हैदराबाद - दक्षिण के मार्केट में उपस्थिति बढ़ाने के लिए नया अस्पताल

इसके अतिरिक्त, जेपी नगर, बेल रोड और शंकर रोड केंद्रों पर विशेष वेट केयर सेवाएं उपलब्ध हैं, जिनमें टीकाकरण, परामर्श, सर्जरी और रेडियोलॉजी शामिल हैं। चंडीगढ़ स्टोर 24×7 वेट केयर सेवाओं के साथ-साथ आपातकालीन देखभाल, आईपीडी और अल्ट्रासाउंड जैसी सुविधाएं प्रदान करता है।इस अवसर पर कोस्मो फर्स्ट के ग्रुप सीईओ, श्री पंकज पोद्दार ने कहा, ÷नए साल के साथ, हम अपने नए और मौजूदा पेट पैरेंट्स के लिए देश में एक एडवांस किस्म का पेटकेयर इकोसिस्टम प्रदान करने की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। हमारी विस्तार रणनीति पेट हेल्थकेयर के मानकों को ऊंचा उठाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसमें हमारे प्रतिष्ठित कैलाश कॉलोनी एक्सपीरिएंशल सेंटर को अस्पताल में बदलना और हैदराबाद में एक नया अस्पताल खोलना शामिल है। ये पहल हमारी सेवाओं की तो अभी शुरुआत मात्र हैं। गौरतलब है कि कंपनी अपने वेटरनरी विशेषज्ञता को भी मजबूत कर रही है और इस दिशा में डॉ. महेंद्रन को मेडिकल लीडरशिप टीम में शामिल किया है, जो पेट हेल्थकेयर में दशकों का विशेष अनुभव रखते हैं। डॉ. महेंद्रन के पास 35 से अधिक वर्षों का अनुभव है और वे ज़िगली में अस्पतालों के प्रमुख हैं। भारत में पेटकेयर उद्योग तेजी से बढ़ रहा है, जिसमें अगले दशक में 19त्न की वार्षिक वृद्धि दर की उम्मीद है। यह मुख्य रूप से बढ़ती आय और मिलेनियल्स और जेन-ज़ी द्वारा पेट अपनाने की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण है, जो पेट्स को अपने परिवार का ही सदस्य मानते हैं। दिलचस्प बात यह है कि टियर 2 और 3 शहरों से भी पेट अपनाने में वृद्धि देखी गई है, जो पेट-केयर उद्योग की वृद्धि को बढ़ावा दे रही है। पेट पैरेंट्स और उनके प्यारे दोस्तों के बीच इस भावनात्मक संबंध के कारण, जिगली ने प्रीमियम उत्पादों, जैसे उच्च-गुणवत्ता वाले भोजन, पर अधिक खर्च होते देखा है।

## सीआईईएल एचआर ग्रुप ने अपने एचआर समाधान पोर्टफोलियो को मजबूत करने के लिए वाइब्रेंट स्क्रीन प्राइवेट लिमिटेड का किया अधिग्रहण

**जयपुर टाइम्स**

राष्ट्रीय(नि.सं.)। सीआईईएल एचआर ग्रुप को भारत के सबसे बड़े बैकग्राउंड वेरिफिकेशन समाधान प्रदाताओं में से एक वाइब्रेंट स्क्रीन प्राइवेट लिमिटेड (वीएसपीएल) के अधिग्रहण की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।

24 से अधिक वर्षों की विशेषज्ञता के साथ, वीएसपीएल रोजगार, शिक्षा, पता, आपराधिक रिकॉर्ड, डेटाबेस लिस्टिंग, क्रेडिट इतिहास, ड्रग टेस्ट और पहचान जाँच सहित सत्यापन सेवाओं का एक व्यापक सेट प्रदान करता है, जिसे संगठनों को जोखिम कम करने और सुरक्षित भर्ती प्रथाओं को सुनिश्चित करने में मदद करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। कंपनी फॉर्च्यून 500 कंपनियों सहित बीएफएसआई क्षेत्रों में 240 से ज़्यादा संगठनों के विविध क्लाइंट बेस को सेवा प्रदान करती है। इसकी परिचालन दक्षता, तकनीकी नवाचार और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुपालन के लिए एक मजबूत प्रतिष्ठा है। सीआईईएल एचआर ने जोम्बे, आर्गी स्टाफिंग, कोर्सप्ले, थॉमस असेसमेंट/पीपल मेट्रिक्स सहित रणनीतिक अधिग्रहणों के माध्यम से अपने पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। इन परिवर्धनों के आधार पर, सीआईईएल एचआर ने अपने पोर्टफोलियो में ॥क्र तकनीकी समाधान जोड़कर अपनी पेशकशों को मजबूत किया है। इन प्लेटफ़ॉर्म को एकीकृत करके, इसने खुद को उद्योग में एक तकनीक-आधारित ॥क्र समाधान कंपनी के रूप में स्थापित किया है। भारत में व्यापक, तकनीक-संचालित समाधान प्रदान करने वाली एकमात्र कंपनी के रूप में, सीआईईएल एचआर कर्मचारी जीवनचक्र के हर चरण का समर्थन करती है।

वीएसपीएल का ट्रैक रिकॉर्ड, स्केलेबल बिजनेस मॉडल और मजबूत विकास रणनीति इसे तेजी से बढ़ते बैकग्राउंड वेरिफिकेशन उद्योग में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित करती है। यह रणनीतिक अधिग्रहण सीआईईएल के एक व्यापक एचआर समाधान प्रदाता होने के दृष्टिकोण के अनुरूप है, जो उन्हें ग्राहकों को बेहतर मूल्य प्रदान करने में सक्षम बनाता है।

## कल्याण ज्वैलर्स ने एक भावनात्मक डिजिटल कैंपेन के साथ गुड़ी पड़वा का स्वागत किया

**जयपुर टाइम्स**

नेशनल(नि.सं.)। भारत के सबसे विश्वसनीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित आभूषण ब्रांडों में से एक, कल्याण ज्वैलर्स ने ब्रांड एंबेसडर पूजा सावंत के साथ एक भावनात्मक डिजिटल कैंपेन शुरू करते हुए गुड़ी पड़वा का स्वागत किया है। यह कैंपेन नए आरंभ, समृद्धि और उन अटूट रिश्तों के सार को खूबसूरती से दर्शाता है, जो समय और दूरी से परे होते हैं।गुड़ी पड़वा महाराष्ट्रीयनों के लिए सोना खरीदने के सबसे महत्वपूर्ण मुहूर्तों में से एक माना जाता है। गुड़ी पड़वा को समृद्धि और परंपरा का प्रतीक माना जाता है। कल्याण ज्वैलर्स के इस नए कैंपेन में एक माँ और बेटी की दिल छू लेने वाली कहानी दिखाई गई है - जहाँ पूजा अपनी माँ की अनुपस्थिति में जीवन के एक नए चरण में कदम रखने को लेकर अपनी चिंता व्यक्त करती हैं। इसके जवाब में,



उनकी माँ उन्हें एक विशेष गुड़ी पड़वा गिफ्ट बॉक्स देती हैं, जिसमें उत्सव से जुड़े आवश्यक सामान और कल्याण ज्वैलर्स का मंगलसूत्र ब्रेसलेट शामिल होता है - जो प्रेम, जुड़ाव और हमेशा बने रहने वाले सहारे का प्रतीक है। यह अनमोल आभूषण दर्शाता है कि प्यार की कोई सीमा नहीं होती और यह यादगार परंपराओं एवं विरासत में मिले आभूषणों के रूप में हमेशा जीवित रहता है। परंपरा में निहित होते हुए भी आधुनिक सोच को अपनाते हुए, यह अभियान कल्याण ज्वैलर्स की वैश्विक सोच को दर्शाता है -जहाँ परंपराओं को संजोते हुए उन्हें आधुनिकता के साथ जोड़ा जाता है। अपनी वैश्विक उपस्थिति के साथ, कल्याण ज्वैलर्स यह सुनिश्चित करता है कि हर दुल्हन, चाहे वह दुनिया में कहीं भी अपनी नई यात्रा शुरू करे, उसके पास उत्कृष्ट कारीगरी और भरोसेमंद आभूषण सेवाओं तक पहुंच हो।अपनी शुद्धता और भरोसे की प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हुए, कल्याण ज्वैलर्स अपने ग्राहकों को 4-स्तरीय एश्योरेंस सर्टिफिकेट प्रदान करता है, जिससे ग्राहकों को शुद्धता प्रमाणपत्र, आजीवन मुफ्त मेंटेनेंस, विस्तृत उत्पाद जानकारी और पारदर्शी एक्सचेंज व बाय-बैक पॉलिसी जैसी सुविधाएँ मिलती हैं।

## स्टड्स एक्सेसरीज लिमिटेड ने सेबी के समक्ष दायर किया डीआरएचपी

**जयपुर टाइम्स**

स्टड्स एक्सेसरीज लिमिटेड (÷कंपनी÷) ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (÷सेबी÷) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (÷डीआरएचपी÷) दाखिल किया है।

यह वित्त वर्ष 2023 में राजस्व के मामले में भारत में सबसे बड़ी दोपहिया हेलमेट निर्माता कंपनी और कैलेंडर वर्ष 2024 में मात्रा के हिसाब से दुनिया की सबसे बड़ी दोपहिया हेलमेट निर्माता कंपनी भी है। कंपनी आरंभिक सार्वजनिक पेशकश के ज़रिए इक्विटी शेयर पूंजी की पेशकश के ज़रिए धन जुटाने की योजना बना रही है। सार्वजनिक पेशकश में 5 रुपये प्रति शेयर अंकित मूल्य वाले 7,786,120 इक्विटी शेयरों की बिक्री के लिए पेशकश शामिल है। स्टड्स एक्सेसरीज 'स्टड्स' और 'एसएमके' ब्रांड के तहत दोपहिया हेलमेट और 'स्टड्स' ब्रांड के तहत अन्य एक्सेसरीज (जैसे दोपहिया सामान, दस्ताने, हेलमेट लॉकिंग डिवाइस, रेन सूट, राइडिंग जैकेट और आई वियर) डिजाइन, निर्माण, विपणन और बिक्री करती है। कंपनी के उत्पाद पूरे भारत में और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 70 से अधिक देशों में बेचे जाते हैं, इसके प्रमुख निर्यात बाजार अमेरिका, एशिया (भारत को छोड़कर), यूरोप और बाकी दुनिया में स्थित हैं।

## टाटा न्यू एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड की महत्वपूर्ण उपलब्धि: जारी किए हुए कार्ड्स की संख्या पहुंची 2 मिलियन के पार

**जयपुर टाइम्स**

राष्ट्रीय(नि.सं.)। टाटा न्यू और एचडीएफसी बैंक ने आज एक महत्वपूर्ण उपलब्धि की घोषणा की। टाटा न्यू एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड ने जारी किए हुए कार्ड्स की संख्या 2 मिलियन पर पहुंच चुकी है। इस महत्वपूर्ण पड़ाव को पार करके टाटा नेउ एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड ने भारत के पसंदीदा रिवॉर्ड क्रेडिट कार्ड में से एक के रूप में अपनी स्थिति को मज़बूत किया है। यह उपलब्धि देश भर के ग्राहकों को मूल्य और एक सहज रिवॉर्ड इकोसिस्टम प्रदान करने में कार्ड की उल्लेखनीय सफलता को रेखांकित करती है।

अगस्त 2022 में लॉन्च होने के बाद से, टाटा नेउ एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड ने प्रगति की बड़ी छलांग लगाई है। भारतीय क्रेडिट कार्ड बाज़ार में सबसे सरल और पारदर्शी रिवॉर्ड इकोसिस्टम की पेशकश करने के लिए यूज़र्स इसे काफी ज़्यादा पसंद करते हैं। जारी किए गए नए कार्डों की एक महत्वपूर्ण हिस्सेदारी (क्त3 स्नङ्घ25-ऋह्ळ में जारी किए गए 13त्न से ज़्यादा नेट नए कार्ड) के साथ, इसने देश भर के ग्राहकों का विश्वास और वफादारी तेज़ी से हासिल की है।

**मुख्य विशेषताएंः**

2 मिलियन से अधिक कार्ड जारी किए गएः बाज़ार में बहुत अच्छी स्वीकृति और ग्राहकों द्वारा वरीयता दी गयी है।

13 बाज़ार हिस्सेदारीः वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में उद्योग में जारी किए गए नए कार्डों में से 13त्न से अधिक ये कार्ड हैं (डेटा के अनुसार), जो भारत में किसी भी को-ब्रांडेड कार्ड के लिए सबसे अधिक है।

एकीकृत रिवार्ड्स इकोसिस्टमः टाटा न्यू इकोसिस्टम में किराने का सामान, दवाइयां, बिल भुगतान, , उपहार कार्ड और वित्तीय सेवाओं से लेकर फैशन, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, यात्रा और मनोरंजन जैसी जीवनशैली से जुड़ी पेशकशों तक के पुरस्कारों को सहजता से एकीकृत किया जाता है।

उच्च जुड़ावः सुविधा एक बड़ी सफलता है, जिसमें हर महीने 12 मिलियन से ज़्यादा लेनदेन होते हैं, यानी क्छ्ठ पर हर महीने 800 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए जाते हैं।

सबसे ज़्यादा खर्च जिनमें किए जाते हैं ऐसी श्रेणियांः किराने का सामान, ईंधन और यूटिलिटीज़ ऐसी श्रेणियां हैं जिनमें सबसे ज़्यादा यानी कुल खर्च का लगभग 30त्न खर्च किए जाते हैं। यह श्रेणियां दर्शाती हैं कि यह ग्राहकों के लिए एक टॉप-ऑफ़-द-वॉलेट कार्ड है जो ग्राहकों की रोज़मर्रा की ज़रूरतों को पूरा करता है।

विविध ग्राहक वर्गः नेउ कार्ड को नए बैंक ग्राहकों को फिक्स्ड डिपॉज़िट के आधार पर भी दिया जाता है। लोगों के लिए वित्तीय यात्रा को पूरी तरह से डिजिटल बनाते हुए यह कार्ड छात्रों, सेवानिवृत्त लोगों, गृहिणियों और स्व-नियोजित वर्गों सहित कई अलग-अलग ग्राहक वर्गों को सेवाएं प्रदान करता है।

**बड़ी कीमतों के खर्च**

हर दिन न किए जाने वाले, इलेक्ट्रॉनिक्स और आभूषण श्रेणियों के बड़ी कीमतों के खर्च के साथ, नेउ कार्ड मजबूत मूल्य प्रस्ताव को प्रदर्शित करता है और सोच-समझदार कदम उठाने वाले ग्राहकों को आकर्षित करता है।

मजबूत डिजिटल अपनापनः सहज डिजिटल ऑनबोर्डिंग, तत्काल स्वीकृति और संपर्क रहित लेनदेन आधुनिक डिजिटल जीवन शैली को पूरा करते हैं।

देश भर में पहुंचः महानगरों और छोटे शहरों दोनों में इसे भारी मात्रा में अपनाया जा रहा है, यह बात इसकी व्यापक अपील को दर्शाती है।

## टीवीएस क्रेडिट अलवर के नारायणपुर गांव में आयोजन कर रहा है 'चौपाल'

**जयपुर टाइम्स**

अलवर (नि.सं.)। आरबीआई-रेजिस्टर्ड एनबीएफसी टीवीएस क्रेडिट, सुनिधि मोटर्स के सहयोग से 29 मार्च 2025 को सुबह 10ः30 बजे से शाम 5-00 बजे तक 'चौपाल' कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। यह कार्यक्रम सरपंच भवानी के मार्गदर्शन में नारायणपुर गांव में होगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों व उनके परिवारों को सहयोग प्रदान करना है।यह कार्यक्रम सभी के लिए निःशुल्क है जिनमें इन सभी चीजों का लाभ आप उठा सकतें हैं।

## श्री बैद्यनाथ महादेव मंदिर का भव्य मेला गैर एवं प्रसादी का आयोजन आज शुक्रवार को हुआ

जयपुर टाइम्स

**बाली पाली(निसं.)** बाली पाली/नगर के बड़ा तालाब के निकट स्थित श्री बैद्यनाथ महादेव मंदिर का भव्य मेला गैर एवं प्रसादी का आयोजन आज 29 मार्च, शनिवार को होगा महादेव मंडल के दिनेश वैष्णव ने बताया की श्री बैद्यनाथ महादेव मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी संत महापुरुषों की सद्प्रेरणा व महादेव के सभी कार्यकर्ताओं के अथक प्रयास से भव्य मेला महोत्सव एवं भोजन प्रसादी का मंगल आयोजन आज शनिवार को आयोजित हो रहा है। प्रातः 9 बजे महा आरती होगी। 10 बजे के बाद महा प्रसादी का आयोजन होगा। शाम 3 बजे से 6 बजे तक भव्य गैर मेला आयोजित होगा। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से गैर दल भाग लेकर अपनी प्रस्तुति देंगे बाली स्थित श्री बैद्यनाथ महादेव मंदिर।



## जिलाध्यक्ष राजेश गुर्जर का किया स्वागत

जयपुर टाइम्स



**कानोता(निसं.)**। जयपुर देहात दक्षिण के जिलाध्यक्ष राजेश गुर्जर का कानोता बस स्टैंड पर भाजपा कार्यकर्ताओ के द्वारा स्वागत किया गया।इस दौरान जिलामहामंत्री ऐडवोकेट हरिमोहन शर्मा, जिलाउपाध्यक्ष शिवजीराम, मण्डल अध्यक्ष श्रवण लाल मीना, जगमोहन मीना,आशिष कालवानिया, रवि दुधोरिया,मनीष, सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कोटखावदा पुलिस की बड़ी कार्यवाही मोबाइल स्नेचिंग की वारदात करने वाले 2 अभियुक्त गिरफ्तार किया

### मोबाइल व प्रकरण की वारदात मे प्रयुक्त मोटरसाईकिल जप्त

जयपुर टाईम्स

**चाकसू(निसं.)**। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण के मार्गदर्शन एवं सुरेंद्र सिह आर.पी. एस. सहायक पुलिस आयुक्त चाकसू जयपुर दक्षिण के निर्देशन में थानाधिकारी कोटखावदा भरत महर पु.नि. के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा थाना क्षेत्र में मोबाइल स्नेचिग कर परिवादी का मोबाइल छीन कर ले जाने की वारदात करने वाले दो अभियुक्तो को गिरफ्तार किया गया।अभियुक्तो के कब्जे से परिवादी का मोबाइल व मोटरसाईकिल जप्त की गयी है। पीड़ित अर्जुन राम माली पुत्र गोपाल लाल माली



निवासी अरणीया वाली ढाणी कोटखावदा जयपुर ने थाने में 14 मार्च 2025 को शाम को मेरे घर से शिवजी के मंदिर मे बती लगाने जाते वक्त मेरे हाथ मे फोन था जोकि पीछे से दो लड़्के आये और मेरे हाथ से फोन छीनकर ले गये। इसके बाद मैने इनका पीछा भी किया लेकिन इनका पता नहीं चला। मेरे फोन मे कई आवश्य दस्तावेज थे जो पूरे फोन को रिसेट कर दिया गया। वहीं पीड़ित के फोन मे से 11060 रुपये दो अलग अलग खातो से फोनपे से अन्य खाते डाल दिये गये। घटना की गंभीरता व अभियुक्तगण की त्वरित गिरफ्तारी हेतु थानाधिकारी कोटखावदा भरत महर पु.नि. के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा आसूचना संकलन व तकनीकी सहयोग से परिवादी का मोबाइल छीनकर ले जाने की वारदात करने वाले अभियुक्त नवल किशोर मीना पुत्र श्योजीराम जाति मीना उम्र 20 साल निवासी बाढ मुरलीपुरा थाना कोटखावदा, प्रधान मीना उर्फ छोटेलाल उर्फ कालू पुत्र जयनारायण जाति मीना उम्र 20 साल निवासी बाढ मुरलीपुरा थाना कोटखावदा को गिरफतार किया गया।

## हज यात्रा-2025 के लिए तीसरी किस्त 3 अप्रैल तक होगी जमा

जयपुर टाईम्स

**जयपुर(कासं.)** हज कमेटी ऑफ इंडिया, मुंबई द्वारा सूचित किया गया है कि अन्तर्राष्ट्रीय सांगानेर एयरपोर्ट, जयपुर से हज-2025 पर जाने वाले सभी हाजियों को तीसरी किस्त की राशि 57,500/- प्रति हज यात्री के रूप में 3 अप्रैल 2025 तक जमा करनी होगी। इसके अतिरिक्त, यदि हज आवेदन करते समय हज कमेटी के माध्यम से कुर्बानी का विकल्प चुना गया है, तो 16,600/- की अतिरिक्त राशि भी जमा करनी होगी। इस प्रकार, कुर्बानी सहित कुल राशि 74,100/- 3 अप्रैल 2025 तक हज कमेटी ऑफ इंडिया, मुंबई के खाते में जमा करना अनिवार्य है। जो शिशु (इन्फेंट) यात्रा प्रारंभ करने के दिन 2 वर्ष से कम आयु का होगा, उसके लिए 15,750/- प्रति शिशु की राशि भी जमा करानी होगी। साथ ही, जिन हज आवेदकों पर पहले से कोई बकाया राशि है, उन्हें वह भी इस किश्त के साथ निर्धारित तिथि तक जमा करनी होगी। हज कमेटी की वेबसाइट www.hajcommittee.gov.in पर जाकर वास्तविक जमा राशि की जानकारी प्राप्त की जा सकती है और शेष राशि जमा करने के लिए चालान जनरेट किया जा सकता है। यह अवश्य ध्यान रखें कि हज अदायगी की पूरी राशि निर्धारित तिथि तक जमा नहीं करने पर यात्रा रद्द कर दी जाएगी और प्रतीक्षा सूची के आवेदकों का चयन किया जाएगा।

## गुलाबी नगरी में राष्ट्र सेविका समिति का पथ संचलन

जयपुर टाईम्स

**जयपुर(कासं.)** राष्ट्र सेविका समिति जयपुर विभाग का शुक्रवार को झोटवाड़ा में पथ संचलन निकाला। घोष वादन के साथ कदम से कदम मिलाती सेविकाएं उत्साह के साथ पथ संचलन में चल रही थी। सैंकड़ों की संख्या में समिति से जुड़ी युवतियां एवं महिलाएं इसमें शामिल थी। पथ संचालन झोटवाड़ा आदर्श विद्या मंदिर के खेल मैदान से प्रारंभ होकर कांटा चौराहा, कालवाड़ रोड होते हुए मेडिकल सेंटर से पुनः खेल मैदान में आकर समापन हुआ। मार्ग में स्थानीय नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर पथ संचलन का स्वागत किया। भारत माता के जयकारों के साथ पूरा वातावरण देशभक्ति मय हो गया। राष्ट्र सेविका समिति जयपुर प्रांत बौद्धिक शिक्षण प्रमुखा नर्बदा इन्दौरिया ने कहा कि महिलाएं परिवार की धूरी होती है। राष्ट्र सेविका समिति देश सेवा का संस्कार देती हैं।

## name changed

I Arisudan Saraf son of Devkinandan Saraf age 44 years residence at Jalan Marg Ward Number 34 Sardarshahar Churu Rajasthan declares that my son's correct name is SHIVANSHU SARAF and is recorded in all documents such as aadhar card , educational certificates , etc. but due to mistake his name in Passport Number X8111791 his name recorded only SHIVANSHU. Now I declare that in future my son will be call as Shivanshu Saraf..

### कार्यालयः सिविल न्यायाधीश, निम्बाहेडा जिला चित्तौडगढ़ राज.

क्रमांक / सिविल / 2025 / 116 दिनांक- 25/03/25

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि इस न्यायालय के प्रकरण संख्या मूल दीवानी 23/2017 उनवान कुलदीप बनाम श्रीमती रविता में श्रीमती रविता पत्नी श्री श्याम जी गोयल अग्रवाल जरिये प्रोपराईटर रिया टेलीकॉम सी-82, स्टार मेन्सन, श्याम मार्ग, शास्त्री नगर, जयपुर (राज.) का सम्मन संलग्न कर भिजवाया जा रहा है। उक्त सम्मन को आपके अखबार में साया कर, अखबार की एक प्रति व बिल इस न्यायालय में दिनांक 11.4.2025 से पूर्व पेश करें।

उक्त सम्मन को अखबार में साया करने का शुल्क वादी से प्राप्त करें।

संलग्न - उक्तानुसार सम्मन

सिविल न्यायाधीश
निम्बाहेडा जिला चित्तौडगढ

---

राजस्थान सरकार

## कार्यालय जिला कलक्टर, चूरू (राज0)

क्रमांकः एफ.34 (1)() निर्वा/नपा/ वार्ड पुन. / 2025/368 दिनांक- 27.03.2025

### आपत्ति आमंत्रण सूचना

स्वायत शासन विभाग, राजस्थान जयपुर के पत्र क्रमांकः एफ.10() चुनाव / जन/ स्वाशा./2024/1624 दिनांक 13.02.2025, 2301-41 दिनांक 19.02.2025 एवं 5651-5690 दिनांक 18.03.2025 में दिये निर्देशानुसार नगरीय निकायों नगर परिषद / नगरपालिका में वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर नगरपालिका बीदासर के 35 वार्डो का परिसीमन होना है। वार्डो के परिसीमन उपरान्त प्रस्ताव नियमानुसार राज्य सरकार से अनुमोदन करवाया जाना है। उक्त अधिसूचना की पालना में नगरपालिका बीदासर में 35 वार्डों के प्रस्ताव तैयार किये गये हैं, जिनके सीमांकन का वार्डवार विवरण निम्नांकित स्थानों पर चस्पा किया गया है-

1. नोटस बोर्ड कार्यालय जिला कलक्टर, चूरू
2. नोटिस बोर्ड, कार्यालय, उपखण्ड अधिकारी, बीदासर
3. नोटिस बोर्ड कार्यालय नगरपालिका, बीदासर

अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आज दिनांक 27.03.2025 को नगरपालिका, बीदासर के वार्डो का प्रारूप प्रकाशन किया जाता है तथा नवगठित वार्डो के पुर्नगठन एवं परिसीमन से संबंधित किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 28.03.2025 से 17.04.2025 तक कार्यालय नगरपालिका, बीदासर / उपखण्ड अधिकारी, बीदासर में लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकते है ।

(अभिषेक सुराणा )
जिला कलक्टर,
चूरू

---

राजस्थान सरकार

## कार्यालय जिला कलक्टर, चूरू (राज0)

क्रमांकः एफ.34 (1)() निर्वा/नपा/वार्ड पुन./2020/364 दिनांक 27.03.2025

### आपत्ति आमंत्रण सूचना

स्वायत शासन विभाग, राजस्थान जयपुर के पत्र क्रमांक एफ.10() चुनाव / जन / स्वाशा. / 2024/1624 दिनांक 13.02.2025, 2301-41 दिनांक 19.02.2025 एवं 8651-8890 दिनांक 18.03.2025 में दिये निर्देशानुसार नगरीय निकायों में नगर परिषद / नगरपालिका में वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर नगरपालिका रतनगढ़ के 45 वार्डो का परिसीमन होना है। वार्डो के परिसीमन उपरान्त प्रस्ताव नियमानुसार राज्य सरकार से अनुमोदन करवाया जाना है। उक्त अधिसूचना की पालना में नगरपालिका रतनगढ़ में 45 वार्डों के प्रस्ताव तैयार किये गये हैं, जिनके सीमांकन का वार्डवार विवरण निम्नांकित स्थानों पर चस्पा किया गया है-

1. नोटस बोर्ड कार्यालय जिला कलक्टर, चूरू
2. नोटिस बोर्ड, कार्यालय, उपखण्ड अधिकारी, रतनगढ़
3. नोटिस बोर्ड कार्यालय नगरपालिका, रतनगढ़

अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आज दिनांक 27.03.2025 को नगरपालिका, रतनगढ़ के वार्डो का प्रारूप प्रकाशन किया जाता है तथा नवगठित वार्डो के पुर्नगठन एवं परिसीमन से संबंधित किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 28.03.2025 से 17.04.2025 तक कार्यालय नगरपालिका, रतनगढ़ / उपखण्ड अधिकारी, रतनगढ़ में लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकते है।

(अभिषेक सुराणा)
जिला कलक्टर,
चूरू

---

## कार्यालय नगर परिषद, चूरू (राजस्थान)

क्रमांक :- न.प./चूरू/भू.उ.प./2024-25/राजकाज रीफ नं.- 14444909 दिनांक :- 27.03.2025

### सार्वजनिक विज्ञप्ति ( आपति आमन्त्रण-पत्र)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि संबंधित आवेदक द्वारा निम्नांकित विवरण- पत्र में अपने नाम के सम्मुख अंकित कार्य की स्वीकृति हेतु इस कार्यालय को अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है, अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था/हितधारक को कोई आपति हो तो उक्त सार्वजनिक विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर उपर्युक्त साक्ष्य सहित अपनी लिखित आपति निम्न अधोहस्ताक्षर कर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है बाद मियाद गुजरने पर प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा तथा नियमानुसार प्रकरण का निस्तारण संबंधित आवेदक के पक्ष में कर दिया जावेगा :-

| क्र. सं. | नाम आवेदक/ आवेदिका | आवेदित भूमि की अवस्थिति | भूखण्ड का क्षेत्रफल | उत्तर | दक्षिण | पूर्व | पश्चिम | मास्टर/जोनल प्लान में भू-उपयोग | अपेक्षित स्वीकृति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री चन्द्र प्रकाश सोनी पुत्र सत्यनारायण सोनी, मोचीवाड़ा, वार्ड नं. 33, चूरू | सुभाष चौक वर्तमान वार्ड नं. 07, चूरू | 40.43 वर्ग मीटर | श्री श्रवण कुमार की भूमि | राधेश्याम शर्मा का मकान | आम रास्ता | शंकर लाल पनवाड़ी | वाणिज्यिक | आवासीय से वाणिज्यिक प्रायोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन |

अभिलाषा सिंह : आयुक्त - नगर परिषद् चूरू

---

राजस्थान सरकार

## कार्यालय जिला कलक्टर, चूरू (राज0)

क्रमांक- एफ.34 (1)() निर्वा/नपा/वार्ड पुन./2025/374 दिनांक- 27.03.2025

### आपत्ति आमंत्रण सूचना

स्वायत शासन विभाग, राजस्थान जयपुर के पत्र क्रमांक एफ.10 ( ) चुनाव / जन / स्वाशा. / 2024 / 1624 दिनांक 13.02.2025, 2301-41 दिनांक 19.02.2025 एवं 5851-5690 दिनांक 18.03.2025 में दिये निर्देशानुसार नगरीय निकायों में नगर परिषद / नगरपालिका में वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर नगरपालिका छापर के 25 वार्डो का परिसीमन होना है। वार्डो के परिसीमन उपरान्त प्रस्ताव नियमानुसार राज्य सरकार से अनुमोदन करवाया जाना है। उक्त अधिसूचना की पालना में नगरपालिका छापर में 25 वार्डो के प्रस्ताव तैयार किये गये हैं, जिनके सीमांकन का वार्डवार विवरण निम्नांकित स्थानों पर चस्पा किया गया है-

1. नोटस बोर्ड कार्यालय जिला कलक्टर, चूरू
2. नोटिस बोर्ड, कार्यालय, उपखण्ड अधिकारी, सुजानगढ़
3. नोटिस बोर्ड कार्यालय नगरपालिका, छापर

अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आज दिनांक 27.03.2025 को नगरपालिका, छापर के वार्डो का प्रारूप प्रकाशन किया जाता है तथा नवगठित वार्डो के पुर्नगठन एवं परिसीमन से संबंधित किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 28.03.2025 से 17.04.2025 तक कार्यालय नगरपालिका, छापर / उपखण्ड अधिकारी, सुजानगढ़ में लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकते है।

(अभिषेक सुराणा)
जिला कलक्टर,
चूरू

---

राजस्थान सरकार

## कार्यालय जिला कलक्टर, चूरू (राज0)

क्रमांकः एफ.34 (1)() निर्वा/नपा/ वार्ड पुन. / 2025/376 दिनांक- 27.03.2025

### आपत्ति आमंत्रण सूचना

स्वायत शासन विभाग, राजस्थान जयपुर के पत्र क्रमांक एफ.10() चुनाव / जन/ स्वाशा./2024/1624 दिनांक 13.02.2025, 2301-41 दिनांक 19.02.2025 एवं 5651-5690 दिनांक 18.03.2025 में दिये निर्देशानुसार नगरीय निकायों में नगर परिषद / नगरपालिका में वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर नगर परिषद सरदारशहर के 55 वार्डो का परिसीमन होना है। वार्डो के परिसीमन उपरान्त प्रस्ताव नियमानुसार राज्य सरकार से अनुमोदन करवाया जाना है। उक्त अधिसूचना की पालना में नगर परिषद सरदारशहर में 55 वार्डो के प्रस्ताव तैयार किये गये हैं, जिनके सीमांकन का वार्डवार विवरण निम्नांकित स्थानों पर चस्पा किया गया है -

1. नोटस बोर्ड कार्यालय जिला कलक्टर, चूरू
2. नोटिस बोर्ड, कार्यालय, उपखण्ड अधिकारी, सरदारशहर
3. नोटिस बोर्ड कार्यालय नगर परिषद सरदारशहर

अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आज दिनांक 27.03.2025 को नगर परिषद सरदारशहर के वार्डो का प्रारूप प्रकाशन किया जाता है तथा नवगठित वार्डो के पुर्नगठन एवं परिसीमन से संबंधित किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 28.03.2025 से 17.04.2025 तक कार्यालय नगर परिषद सरदारशहर उपखण्ड अधिकारी, सरदारशहर में लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकते है।

(अभिषेक सुराणा )
जिला कलक्टर,
चूरू

---

## OFFICE OF GRAM PANCHAYAT GHASIPURA
### P.S. PATAN (SIKAR)

DATE : 28-03-2025

### Notice Inviting Bid

Bid for construction works undar Other Scheme are invited from intersted bidders upto 28-03-2025, 09:30 AM to 02-04-2025, 02:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the state. The approximate value of the work is maximum RS 2.50 Lac

UBN No. PKP2425WSOB00304-09

Sarpanch
GP GHASIPURA

VDO
GP GHASIPURA

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
29 मार्च, 2025

## मंडावा आएंगे फिल्म अभिनेता सैफ अली खान

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** वेब सीरिज जम्हूरियत की शूटिंग के सिलसिले में फिल्म अभिनेता सैफअली खान मण्डावा आएंगे। फिल्म यूनिट्स के सदस्य मण्डावा पहुंचने शुरु हो गए है। कस्बे की अलग- अलग होटलो में शूटिंग वाले रूकेगे, चूड़ी, अजीतगढ़ व सैसवास गावं में फिल्म जम्हूरियत की शूटिंग होगी। फिल्म अभिनेता सैफ अली खान का मण्डावा आने का कार्यक्रम है। करीब 14 दिन फिल्म शूटिंग का शेड्यूल है। ज्ञात रहे सैफ अली खान फिल्म कच्चे धागे व लव आज कल की मण्डावा में पूर्व में शूटिंग कर चुके है। उल्लेखनीय है कि शूटिंग 30 व 31 मार्च को रघुनाथ गढ में निर्धारित है और दो अप्रेल से दस तक मण्डावा व उसके आस पास के इलाके में निर्धारित है। जिसमें फिल्म अभिनेता सेफअली खान आएंगे वे दो से 10 अप्रेल तक मण्डावा रहेंगे।

## लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट की बैठक आयोजित




जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट लक्ष्मणगढ़ की कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन अध्यक्ष श्याम सुंदर शर्मा अध्यक्षता में सेन मंदिर में किया गया। इस बैठक में समाज सेवा, सांस्कृतिक आयोजन और सहयोग अभियान से जुड़े तीन महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। नववर्ष की पूर्व संध्या पर दीपोत्सव व रंगोली उत्सव का आयोजन, दूसरा हाल ही में सैन समाज के एक परिवार में घटित दुखद दुर्घटना के कारण उत्पन्न आर्थिक संकट व बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए ट्रस्ट की ओर से एक विशेष सहयोग अभियान शुरू किया गया है और तीसरा शेखावाटी में 'सेवा संकल्प यात्रा' का शुभारंभ है। लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट ने सभी नगरवासियों से अपील की है कि वे इन सभी आयोजनों में सक्रिय भागीदारी निभाकर समाज सेवा की इस पवित्र भावना को और अधिक मजबूत करें। बैठक में संरक्षक दीनदयाल जोशी, प्रकाश पासोरिया, रामनिवास शर्मा, गिरधारीलाल जाजोदिया, अध्यक्ष श्याम सुंदर शर्मा, प्रभारी राजेंद्र कुमार शर्मा, दिव्यांग प्रकोष्ठ प्रभारी कमल कुमावत, सुनील कुमार माली, अमित कुमार सोनी, रमेश छिंछासवाला, लोकित दईया, रोहित दईया, सुरेंद्र भंडार, हर्ष मुरारका, महेंद्र घासोलिया, लक्ष्मीकांत शुक्ला सहित ट्रस्ट के अनेक संरक्षक पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गुढ़ागौड़जी नगरपालिका को पंचायत बनाने पर भारी विरोध



जयपुर टाइम्स

**गुढ़ागौड़जी(निस)।** स्वायत शासन विभाग से जारी अधिसूचना में गुढ़ागौड़जी नगरपालिका को वापस पंचायत बनाने को लेकर पालिका के चेयरमैन, पार्षद, सफाई कर्मचारियो सहित अन्य लोगो ने इस फैसले का भारी विरोध प्रकट किया। ग्रामवासियो ने स्वायत शाषन विभाग के इस फैसले को जनविरोधी फैसला बताया है। साथ ही सफाई कर्मचारी, नरेगा कर्मियों ने भी सरकार के इस फैसले को पेट पर लात मारना बताया है। इस दौरान पालिका के उपचेयरमैन नवल सिंह व पार्षद सहित अन्य ग्रामवासी मौजूद रहे। गुढ़ागौड़जी में 3 साल से बनी नगरपालिका के कारण सुबह शाम सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से होने लगी। मृत पशुओं को एक घण्टे में उठ जाते थे, साथ ही पालिका क्षेत्र के कस्बे व ढाणियों में सड़कों के जाल बिछाए जा रहे थे गांव का विकास हो रहा था परंतु अचानक से फरमान जारी होता है और पालिका को पंचायत बना दिया जाता है। इसका समस्त ग्रामवासियो में भारी विरोध है और हम इस फैसले को बदलने के लिए राजनीति से परे हटकर हम आंदोलन करेंगे, न्यायालय की शरण लेंगे।

## 70 चिकित्सकों को जल्द मिलेगा पदस्थापन

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** चिकित्सा विभाग में बिना चिकित्सकों वाले संस्थानों पर 70 यूटीबी चिकित्सकों लगाने की चयन प्रकिया गुरुवार को पूरी कर ली गई। चयनित चिकित्सकों को पदस्थापन स्थान आगामी 5 दिवस में दिया जाएगा। सीएमएचओ डॉ छोटेलाल गुर्जर ने बताया कि वर्तमान में लू ताप घात की सीजन और आने वाले समय में मौसमी बीमारियों के सीजन से निपटने के लिए जिला कलक्टर रामावतार मीणा ने गुरुवार जिलेभर में 70 यूटीबी चिकित्सकों की चयन सूची को हरी झंडी दे दी। उन्होंने बताया कि जिले में 64 ऐसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हैं जहां पर चिकित्सकों की कमी थी एक भी चिकित्सक पदस्थापित नहीं था। इसके साथ ही 6 ऐसी सीएचसी है जो केवल मात्र एक चिकित्सक के भरोसे चल रही थी। इसको जिला कलेक्टर रामवतार मीणा ने गंभीरता से लेते हुए जल्द प्रकिया पूरी करने के निर्देश अधिकारियों को दिए थे। गुरुवार को चयन सूची को अंतिम रूप दे दिया गया। चयनित चिकित्सकों को आगामी पांच दिवस में पदस्थापन स्थान दिया जाएगा। सीएमएचओ डॉ छोटेलाल गुर्जर ने बताया कि इस भर्ती से विभागीय योजनाओं की प्रगति में तेजी आयेगी और आमजन बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सकेगा।

### विंग कमांडर अंजलि अय्यर ने पेश की बेहतरीन नजीर

# सेना से सेवानिवृत्ति के बाद पर्यावरण संरक्षण और आत्मनिर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को दे रही बढ़ावा

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** विंग कमांडर अंजलि अय्यर भारतीय वायु सेना की एक प्रतिष्ठित अधिकारी रही हैं, जिन्होंने 23 वर्षों तक अनुशासन, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा के साथ राष्ट्र की सेवा की। लेकिन उनकी कहानी केवल सैन्य सेवा तक सीमित नहीं है। सेवानिवृत्ति के बाद, उन्होंने एक नई दिशा में कदम बढ़ाया, एक ऐसी दिशा, जो न केवल पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी थी, बल्कि आत्म-निर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा देने वाली थी। दक्षिण भारत के एक पारंपरिक परिवार में जन्मीं अंजलि अय्यर को भारतीय संस्कृति और मूल्यों की गहरी समझ विरासत में मिली। उनके परिवार में देश सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती रही है, और इसी परंपरा का अनुसरण करते हुए उन्होंने भारतीय वायु सेना में शामिल होने का निर्णय लिया। अपनी शिक्षा के प्रति समर्पित अंजलि अय्यर ने पर्यावरण विज्ञान में स्नातक और स्नातकोत्तर की उपाधियाँ प्राप्त कीं। इसी दौरान, उन्हें पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन और पर्यावरणीय चुनौतियों के समाधान विकसित करने में गहरी रुचि हो गई। वायु सेना में अपने 23 वर्षों की सेवा के दौरान, उन्होंने प्रशासनिक अधिकारी के रूप में विभिन्न महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ निभाईं। इस दौरान, उन्होंने देश के कई हिस्सों का दौरा किया और विशेष रूप से ग्रामीण इलाकों में पर्यावरण और कृषि की स्थिति को करीब से देखा। वायु सेना में रहते हुए अनुशासन और सेवा भावना ने उन्हें आगे भी समाज के लिए कुछ करने की प्रेरणा दी। सेवानिवृत्ति के बाद, उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास को अपनी प्राथमिकता बनाया। इस उद्देश्य से, उन्होंने कॉर्पोरेट सेक्टर में कुछ समय तक कार्य किया, ताकि वह आवश्यक संसाधन और अनुभव जुटा सकें। लेकिन जल्द ही उन्हें महसूस हुआ कि यह क्षेत्र उन्हें आंतरिक संतुष्टि नहीं दे रहा है। उन्होंने स्वयं से प्रश्न किया–"मैं यहाँ क्यों हूँ, और वास्तव में क्या कर रही हूँ?"इस आत्ममंथन ने उन्हें प्रकृति, पर्यावरण और प्राणी संरक्षण की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने '2 पार्क' नामक संस्था की स्थापना की। इसका उद्देश्य पर्यावरण और अर्थव्यवस्था के बीच संतुलन स्थापित करना था।

'ह्2 पार्क' की शुरुआत के साथ, अंजलि अय्यर ने गौशालाओं की स्थिरता पर काम करना शुरू किया। उन्होंने बंजर भूमि को उपजाऊ बनाने और गौवंश के लिए सात्विक, अवशेष-मुक्त चारा विकसित करने की दिशा में कार्य किया। उनके इस प्रयास से पशुओं के स्वास्थ्य और उत्पादकता में सुधार हुआ और भूमि को भी पुनर्जीवित किया जा सका। यह उनके लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि थी, जिसने उन्हें इस क्षेत्र में और अधिक कार्य करने के लिए प्रेरित किया। गौशालाओं के साथ काम करने के दौरान उन्होंने महसूस किया कि प्राकृतिक आवास और पर्यावरणीय संतुलन को पुनः स्थापित करना आवश्यक है। इसी विचार से द नेचुरल हेबिटेट पहल की नींव रखी गई। द नेचुरल हेबिटेट एक अनूठी पहल है, जिसका उद्देश्य लोगों को प्रकृति के करीब लाना और भारतीय पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को पुनर्जीवित करना है। इस पहल के माध्यम से अंजलि अय्यर प्राकृतिक चिकित्सा को बढ़ावा दे रही हैं, जिसमें नेचुरोपैथी, पंचमहाभूत चिकित्सा और पंचकर्म जैसी विधियाँ शामिल हैं। वे एग्रो-टूरिज्म और इको-टूरिज्म को भी बढ़ावा दे रही हैं, ताकि लोग प्रकृति के महत्व को समझ सकें और स्वस्थ जीवनशैली अपना सकें। उनकी इस पहल ने आधुनिक विलासिता की परिभाषा को पुनः परिभाषित किया है, जहाँ असली वैभव प्रकृति के साथ संतुलित जीवन में निहित है। विंग कमांडर अंजलि अय्यर की यात्रा भारतीय वायु सेना में राष्ट्र सेवा से लेकर ह्2 पार्क' और द नेचुरल हेबिटेट के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण तक स्पष्ट रूप से उनके समर्पण और प्रतिबद्धता को दर्शाती है। वे भारतीय पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक पर्यावरणीय समाधानों के साथ एकीकृत करने के लिए पूरी तरह समर्पित हैं। उन्हें गर्व है कि वे अपने देश और परिवार की विरासत को आगे बढ़ा रही हैं और अपने प्रयासों को पर्यावरणीय स्थिरता और राष्ट्र निर्माण की दिशा में निरंतर समर्पित कर रही हैं। उनकी यह यात्रा न केवल प्रेरणादायक है, बल्कि समाज के लिए एक मार्गदर्शक भी है।

## अलविदा जुम्मा की नमाज की अदा, एक-दूसरे को दी मुबारकबाद

जयपुर टाइम्स



झुंझुनूं(निस)। रमजान के पवित्र महीने के आखिरी जुम्मा जुमातुल विदा (अलविदा जुम्मा) को जिले की सभी मस्जिदों में उत्साह के साथ नमाज अदा की गई। सुबह से ही मुस्लिम समुदाय के लोग नमाज की तैयारियों में जुटे हुए थे। जुम्मे की नमाज के लिए मस्जिदों में भारी भीड़ उमड़ी। रमजान के आखिरी जुम्मे की फजीलत के बारे में मौलानाओं ने खुतबा दिया। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को मुबारकबाद दी और देश में अमन-चैन के लिए दुआ की। अलविदा जुम्मा रमजान के महीने का आखिरी जुम्मा होता है, इसलिए इसका बहुत महत्व है। माना जाता है कि इस दिन की गई दुआएं कबूल होती हैं।

### रमजान का आखिरी अशरा

रमजान के महीने का आखिरी अशरा चल रहा है, जिसे बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। इस दौरान, मुस्लिम समुदाय के लोग इबादत में ज्यादा समय बिताते हैं और अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी मांगते हैं।

### दुआओं का दौर

नमाज के बाद लोगों ने अपने और अपने परिवार के लिए दुआएं मांगी। उन्होंने देश में शांति और समृद्धि के लिए भी दुआ की। इत्तेहादुल मुस्लिमीन सोसाइटी ने वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 के खिलाफ शुक्रवार को जुम्मातुल विदा के मौके पर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार के इस विधेयक को मुस्लिम समुदाय के धार्मिक और सांस्कृतिक अधिकारों पर हमला करार दिया। सोसाइटी के अध्यक्ष जुबैर कुरैशी व पदाधिकारियों ने कहा कि वक्फ बिल में प्रस्तावित बदलाव मस्जिदों, दरगाहों और अन्य वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा को खतरे में डाल सकते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह विधेयक संविधान में दिए गए अल्पसंख्यक अधिकारों का उल्लंघन करता है। विरोध के दौरान सदस्यों ने काली पट्टी बांधकर और काले कपड़े पहन कर अपनी नाराजगी जाहिर की और सरकार से इस बिल को वापस लेने की मांग की।

### राजस्थान स्थापना दिवस सप्ताह के चौथे दिन सुशासन समारोह का आयोजन

## प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने बांटे लाभार्थियों को पट्टे

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निस)।** राजस्थान स्थापना दिवस के अवसर पर चले रहे सााप्ताहिक कार्यक्रम की कड़ी में शुक्रवार को जिला स्तरीय सुशासन समारोह सूचना केन्द्र सभागार में जिले के प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। समारोह को सम्बोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि आज डबल इंजन सरकार होने से प्रदेश में विकास के नए कीर्तिमान स्थापित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की ओर से सबको साथ लेकर चलने की भावना का ही परिणाम है कि प्रत्येक वर्ग और क्षेत्र के लोगों को मुख्य धारा में लाकर लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले के जनप्रतिनिधियों के सहयोग व जिला प्रशासन की सजगकता के साथ जनहित के कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से प. दीनदयाल उपाध्याय शहरी विकास योजना, राजस्थान पत्रकार हैल्थ योजना, सुशासन की कड़ी में शिकायत निस्तारण के लिए राजस्थान सम्पर्क पोर्टल 2.0 योजना का शुभारम्भ, ई गर्वनेंस अवार्ड, अन्नपूर्णा भण्डार, 150 यूनिट मुफ्त बिजली योजना, विधानसभावार जनसुनवाई केन्द्र स्थापित करने के कार्य से आमजन को फायदा मिलेगा। प्रभारी मंत्री ने कहा कि 26 करोड़ रूपये के शिलान्यास व एक हजार करोड रूपये के लोकार्पण के कार्य प्रदेश में करवाए जा रहे हैं। उन्होंने जिले की पंच गौरव पुस्तिका के विमोचन व सहकारिता वर्ष फोल्डर के विमोचन के बाद कहा कि यह पुस्तिका आमजन व किसानों के लिए उपयोगी साबित होगी। गहलोत ने 14 करोड़ रूपए की लागत से नगर परिषद में बंद पड़े ऑडिटोरियम के कार्य को पुन प्रारम्भ करवाने के लिए भी मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को धन्यवाद देते हुए झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू के प्रयासों को सराहा। समारोह के दौरान पंच गौरव पुस्तिका एवं सहकारिता वर्ष के फोल्डर का विमोचन और नगर परिषद की ओर से जारी किए गए पट्टों का वितरण भी अतिथियों ने किया। समारोह में झुंझुनू विधायक राजेन्द्र भाम्बू, जिला कलक्टर रामावतार मीणा, जिला प्रमुख हर्षिनी कुलहरी, पूर्व सांसद संतोष अहलावत, बनवारीलाल सैनी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, पुलिस महानिरीक्षक शरद चौधरी, प्यारेलाल ढूकिया, पवन मावंडिया, सरजीत चौधरी, कमलकांत शर्मा, महेश जीनगर, रवि सैनी नवलगढ़, चिड़ावा पंचायत समिति प्रधान रोहताश, सरोज श्योराण, जयसिंह मांठ, वर्षा सोमरा, रवि लांबा, विजय सैनी, इंद्राज सैनी, एसीईओ रामनिवास चौधरी, कार्यक्रम के नॉडल अधिकारी व नगर परिषद आयुक्त दलीप पूनिया, सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक डॉ पवन पूनिया, सहकारिता उपरजिस्ट्रार विभा खेतान, सीसीबी एमडी संदीप शर्मा, सांख्यिकी विभाग की उपनिदेशक पूनम कटेवा, पर्यटन विभाग के उप निदेशक देवेंद्र चौधरी, जिला जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु सिंह, बीएसएसओ निखिल कुमार, पार्षद चंदप्रकाश शुक्ला सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## जिले में 1 हजार लोगों को स्वामित्व योजना में मिले पट्टे

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनू(निस)।** राजस्थान दिवस पर राज्य सरकार के निर्देशानुसार आयोजित समारोह श्रृंखला के तहत गुरुवार को सूचना केंद्र सभागार में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में स्वामित्व योजना के पट्टे वितरित किए गए। जिला कलेक्टर रामावतार मीणा व जिला प्रमुख हर्षिनी कुलहरी की ओर से 55 लाभार्थियों को स्वामित्व योजना के तहत पट्टे वितरित किए। वही जिले भर में कुल 1000 पेट गुरुवार को वितरित किए गए इसके साथ ही सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग के संयुक्त सहायता अंग उपकरण वितरण योजना के 53 लाभार्थियों को ट्राई साइकिल वितरित की गई। वहीं माटी कला बोर्ड के तहत कुंभकारों को इलेक्ट्रिक चाक वितरित किए गए। कार्यक्रम में प्यारेलाल ढूकिया, जिला परिषद सीईओ रणजीत गोदारा, एडीएम अजय कुमार आर्य, एसीईओ रामनिवास चौधरी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक डॉ पवन पूनिया, जिला उद्योग केन्द्र के उपायुक्त नानूराम गहनोलिया समेत विभिन्न अधिकारी व कर्मचारी और लाभार्थी मौजूद रहे।

## रेवाड़ी में ठगी मामले में एक और गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**बावल (निस)**रेवाड़ी में रामपुरा थाना पुलिस ने बैंक खाते से 20 लाख रुपए की ठगी के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामले में आरोपी सोनू उर्फ सूरज को पहले पकड़ा जा चुका है। आरोपियों ने चालाकी से पीड़ित का नंबर इस्तेमाल किया। जिसके बाद खातों से पैसे निकाल लिए। पकड़े गए आरोपी की पहचान राजस्थान के अलवर जिले के गांव पलावा के रहने वाले हिमांशु के रूप में हुई है। मामला गांव धमलावास के अर्जुन सिंह के साथ हुई ठगी का है। उनके रेवाड़ी पीएनबी बैंक में दो खाते हैं। 24 अक्टूबर को जब उन्होंने अपने खाते चेक किए, तो पता चला कि दोनों खातों से करीब 20 लाख रुपए के जरिए निकाल लिए गए हैं। जांच में पता चला कि पैसे निकालने के लिए उनका रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर इस्तेमाल किया गया। यह मोबाइल नंबर उनका पोता कपिल इस्तेमाल कर रहा था। पूछताछ में कपिल ने बताया कि उसके दोस्त हिमांशु यादव और सोनू उर्फ सूरज ने खाने-पीने का लालच देकर उससे सिम कार्ड ले लिया था।

# उल्लू बेचने के नाम पर बनाया उल्लू, ठग लिए 5 लाख रूपए

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ(नि.सं.)।** उल्लू को कीमती बताकर एक व्यक्ति से लाखों रूपए ऐंठ लिए जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार नलिया बास निवासी मोहनलाल मेघवाल ने इस सम्बंध में थाने में शिकायत दी है कि फरवरी माह में मेरे पास महेंद्र व राकेश नामक व्यक्ति आए। महेंद्र ने बताया कि यह मेरा रिश्तेदार राकेश है, जो चौमू के पास में रहता है। महेंद्र ने बताया कि हमारे रिश्तेदार के पास एक उल्लू है, जिसके वो 7 लाख रूपए मांग रहा है, लेकिन हमारे पास केवल 5 लाख रूपए हैं, हमारे पास 2 लाख रूपए कम पड रहे हैं, इसलिए आप हमें 2 लाख रूपए दे दो। मोहनलाल का कहना है कि मैं दोनों की बातों में आ गया और दो लाख रूपए उनको दे दिए। उसके बाद महेंद्र व राकेश ने अपने रिश्तेदार को फोन करके बोबासर पुलिया के पास बुलाया। इस पर उन दोनों के साथ मैं और रफीक भी बोबासर पुलिया तक गए। जहां पर दो व्यक्ति व एक महिला बैठे गए थे, जिनको मैं नहीं जानता। उसके बाद एक स्कोर्पियो कार में तीन चार लोग आए, जिनमें से एक व्यक्ति अपना नाम सुमित सिंह शेखावत जयपुर होना बता रहा था। उसने कहा कि आपने जो उल्लू दिखाया है, उसको गिलोल की चोट लगी हुई है, हम इसके 25 लाख रूपए नहीं दे सकते। हमें तो एकदम फ्रेश उल्लू चाहिए। इसके कुछ दिनों बाद महेंद्र और राकेश ने मुझे फोन करके कहा कि फ्रेश उल्लू की व्यवस्था हो गई है, जो बुहाना में है, लेकिन उसके 11 लाख रूपए मांग रहे हैं, हमारे पास 7 लाख तो हैं और एक लाख की व्यवस्था मैं कर लूंगा, लेकिन 3 लाख और चाहिए। जिस पर मैंने 50 हजार की व्यवस्था की और अली खां कायमखानी से 2 लाख 50 हजार उधार लिए। 9 मार्च को दोपहर 2 बजे मैं, रफीक और अली खां बोबासर पुलिया के पास गए, जिस पर राकेश ने फोन करके कहा कि आप 3 लाख लेकर बुहाना पहुंच जाओ, हम लोग वहां पर 8 लाख लेकर आ रहे हैं। शाम को पांच बजे हम लोग बुहाना पहुंचे, जहां पर हमें बाईक से चौकड़ी गांव ले गए और वहां से एक उल्लू देकर रवाना कर दिया और हम बुहाना पहुंच गए। जहां पर राकेश ने सुमित सिंह शेखावत को फोन करके बुलाया, जिस पर एक फोर्चूनर गाड़ी से चार पांच व्यक्ति आए और राकेश ने उनको उल्लू दिखाया। इतने में अचानक सफेद रंग की कार आई और उसमें से चार-पांच फर्जी पुलिस वाले उतरे और राकेश को पकड़ लिया और कहा कि तुम उल्लू की तस्करी करते हो, ऐसा कहते हुए वो राकेश को अपने साथ ले गए, जबकि फोर्चूनर कार वाला उल्लू लेकर वहां से भाग गया। उसके अगले दिन राकेश की पत्नी का फोन आया, कि तुमने मेरे पति को थाने में पकड़वा दिया है, मैं तुम पर मुकदमे करूंगी। परिवादी मोहनलाल मेघवाल ने पुलिस को बताया है कि मैंने महेंद्र बनबावरिया को फोन किया, तो उसने कहा कि हमारा काम यही है, उल्लू की खरीद फरोख्त के नाम पर हम रूपए ठगते हैं। परिवादी मोहनलाल ने पुलिस से मांग की है कि राकेश, महेंद्र व सुमित सिंह के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाकर उसे 5 लाख रूपए वापस दिलवाकर न्याय किया जाए। वहीं इस सम्बंध में कॉमरेड रामनारायण रूलाणिया के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल भी सीआई बैगाराम मीणा से मिला और आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की।

# संयुक्त किसान मोर्चा ने मांगों को लेकर किया विरोध-प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय आह्वान पर शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर संयुक्त किसान मोर्चा व भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष रामरतन सिहाग के नेतृत्व में किसानों ने केंद्र सरकार की ओर से वादाखिलाफी करते हुए किसान आंदोलन को कुचलने, किसान नेताओं को वार्ता के नाम पर जेल में बंद करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर आक्रोश प्रकट करते हुए जमकर नारेबाजी की और राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन दिया। ज्ञापन के माध्यम से जिला अध्यक्ष रामरतन सिहाग ने बताया कि केंद्र सरकार ने किसान आंदोलन को स्थगित करने के लिए किसानों की छः सूत्री मांगों को लेकर लिखित में आश्वासन दिया था, जो आज तक लागू नहीं किया और ना ही उस पर कोई प्रभावी कार्यवाही की। सिहाग ने बताया कि केन्द्र सरकार अमेरिका सहित अन्य देशों के साथ राष्ट्रीय हितों के खिलाफ किए जा रहे



मुक्त व्यापार समझौते को तुरंत बंद करें और केंद्र व राज्य सरकार एन पी एफ ए एम केंद्रीय नीति प्रस्ताव को खारिज कर इसे लागू नहीं करने का प्रस्ताव पारित करें। केंद्र सरकार सभी फसलों के लिए सी 2 50 फीसदी पर एम एस पी घोषित कर खरीद का गारंटी कानून बनाने व स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करने के साथ किसानों और मजदूरों की सम्पूर्ण कर्ज माफी करें तथा कृषि व ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली दरों की वृद्धि बंद करें तथा स्मार्ट मीटर लगाने की योजना को वापस लेकर किसानों को कृषि के लिए मुफ्त बिजली देने व घरेलू विद्युत उपभोग के लिए 300 यूनिट फ्री बिजली प्रदान करने सहित अनेक मांगों को लेकर ज्ञापन दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ किसान नेता हरफूल सिंह भांबू व जाट महासभा के जिलाध्यक्ष रणवीर सिंह कस्वां ने भी विचार व्यक्त किए। किसानों के प्रतिनिधि मंडल में अमरसिंह दनेवा, सांवरमल बुडानिया, राजेन्द्र बुडानिया, धर्मपाल सहारण, सत्यप्रकाश बेनिवाल, किसान सभा के कोषाध्यक्ष दीपाराम प्रजापत, रामावतार भाम्बू, लिछमणराम न्यौल, राजेन्द्र बलारा, राजेन्द्र मील, आयूष खिचड़, रामकुमार कड़वासरा, मनीराम, रामकुमार फौजी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने आमजन की सुनी समस्या



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर विधानसभा से प्रत्याशी रहे भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने निवास पर पधारे क्षेत्रवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। जांगिड़ ने क्षेत्र की उक्त समस्याओं के बारे में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ को भी अवगत कराया तथा अधिकारियों से वार्ता कर समाधान करने का प्रयास किया। जांगिड़ ने बताया कि भाजपा सरकार में पूर्व नेता प्रतिपक्ष माननीय राजेन्द्र राठौड़ पर विश्वास जताते हुए पधारने वाले क्षेत्रवासियों की सेवा के लिए हम सदैव तत्पर है। जनसेवक राजेन्द्र राठौड़ का एक ही लक्ष्य है कि तारानगर परिवार की प्रत्येक समस्या का समाधान और क्षेत्र का विकास किया जाए।

## शान्ति पूर्वक त्यौहार मनाने की अपील



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर पुलिस उप अधीक्षक रोहित सांखला की अध्यक्षता में शुक्रवार को आगामी ईद, हिन्दू नववर्ष, रामनवमी आदि पर्व को लेकर तारानगर थाना परिसर में शान्ति समिति सदस्यों की बैठक आयोजित हुई। डीएसपी रोहित सांखला व थानाधिकारी गौरव खिड़िया ने सभी से आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी नागरिक एक परिवार की तरह त्यौहार मनाये। अपने आसपास के क्षेत्र को साफ सुथरा रखें व कानून व्यवस्था बनाने में प्रशासन का सहयोग करें। डीएसपी सांखला ने उपस्थित सदस्यों ने सुझाव मांगे एवं अपने विचार सांझे किये। इस मोके पर समाज सेवी अमर सिँह चारण, जमर दीन तेली, मोहरसिंह ज्याणी, मोहम्मद तैयब, संजय कुमार, शिव कुमार शर्मा, बाबू हुसैन कुरैशी, मानसिंह सैनी, कैलाश चाचान, संजय कुमार वाल्मीकि, कुंदन सैनी सहित कस्बे के कई नागरिक उपस्थित रहे।

## त्योहार को लेकर सीएलजी की बैठक आयोजित



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** आगामी त्योहारों को लेक राजलदेसर थाना परिसर में पुलिस उपाधीक्षक अनिल कुमार व थानाधिकारी कमलेश कुमार ने सीएलजी, ग्राम रक्षक, महिला सखी, व्यापार मण्डल के साथ बैठक आयोजित की। पुलिस उपाधीक्षक अनिल कुमार ने आगामी ईद, हिन्दू नववर्ष, रामनवमी, महावीर जयंती पर्व सद्भावना पूर्वक मनाने के लिए विचार विमर्श किया। सभी से शान्ति पूर्वक त्योहार मनाने में पुलिस आपके साथ है। किसी भी तरह की असमाजिक घटना का अंदेशा होने पर सूचना पुलिस को दे। बैठक में सीएलजी सदस्य, ग्राम रक्षक सदस्य,महिला सखी सदस्य, व्यापार मण्डल सदस्य सहित लोग उपस्थित रहे।

## शब ए कद्र का बताया महत्व

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** मस्जिद तौकीर हसन के अंदर माहे रमजान की पाक महीने में शब ए कद्र के मुबारक मौके पर शहर काजी मोहम्मद अकरम रिजवी ने शब ए कद्र की खूबियां बयान की। उन्होंने कहा कि शबे कद्र की रात हजार महीनों से बेहतर है व सीरत ए मुस्तफा पर तकरीर की और सीरत ए मुस्तफा पर जिंदगी गुजारने की अपील की। मुल्क हिंदुस्तान में अमन शांति के लिए दुआ की और शहर काजी ने कहा कि ईद की नमाज ईदगाह मस्जिद में 8 बजे अदा की जाएगी। इस मौके पर मस्जिद के सदर मैनुद्दीन खान, समीर खान खोखर, मोहम्मद अयूब, महबूब भाटी, अमिर भाटी, सैफ अली खान, यासीन खान, मासूम अली खोखर, माहिर खान फरमान खान, मोहम्मद अरमान व अन्य लोग मौजूद रहे।

## रोजगार सहायता शिविर आज

**चूरू(निस)।** रोजगार सेवा निदेशालय राजस्थान, जयपुर के दिशा-निर्देशानुसार राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में जिला रोजगार कार्यालय की ओर से शनिवार 29 मार्च को सवेरे 10 बजे जिला मुख्यालय स्थित टाउन हॉल में बेरोजगार युवाओं के लिए एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर व कैरियर मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया जाएगा। रोजगार सहायक निदेशक वर्षा जानू ने बताया कि शिविर में जिले के 8 वीं पास से लेकर स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त शिक्षित बेरोजगार आशार्थियों को निजी क्षेत्र की कंपनियों में रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे।

## विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया सम्मानित

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ के तत्वाधान में जिला स्तरीय तीन दिवसीय कब बुलबुल उत्सव का आयोजन एसबीडी राजकीय महाविद्यालय में किया जा रहा है। शिविर में दूसरे दिन के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कॉलेज प्राचार्य डॉ कविता शर्मा, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार पारीक, सीओ स्काउट महिपाल सिंह तंवर, ट्रेनिंग काउंसलर सत्यनारायण स्वामी, डॉ प्रभाकर दीक्षित, समाज सेवी ललित कुमार लखोटिया, सहायक आचार्य डॉ शेर सिंह, डॉ महेश शर्मा, डॉ लालचंद मीणा आदि अतिथियों की ओर से प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कब बुलबुल को प्रमाण पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कविता शर्मा ने कहा कि कब बुलबुल आज्ञाकारी होने के साथ ही स्वच्छ और विनम्र होते हैं। शिविर में एक साथ रहकर कार्य करने से सामुदायिकता के गुण का समावेश होता है। सीओ स्काउट तंवर ने कहा कि दीक्षा संस्कार के बारे में हम सबको जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कब बुलबुल को प्रतिदिन एक भलाई कार्य करना चाहिए एवं स्वयं का कार्य स्वयं को करने की आदत डालनी चाहिए। संघ के सचिव बाबूलाल स्वामी ने बताया कि शिविर में विभिन्न प्रतियोगिताओं का जैसे ड्राइंग, रंगोली, कहानी, कविता, टेलीफोन मोबाइल नंबर याद करना, पोस्टर प्रतियोगिता, अपना परिचय आदि का आयोजन किया गया। शिविर में प्रशिक्षक रामकरण सरावग, रतनलाल घींटाला, विनोद कुमार मीणा, इंदूबाला वर्मा, पुष्पा पूनियां, देवेश जोशी, विनोद कुमार नानवाल, रामजस बरोड़, सुरेश कुमार घोटड़, रवि रेगर, प्रेम प्रकाश नाई, कैलाश चंद्र मीणा आदि की ओर से विभिन्न विषयों जैसे कंपास के बारे में जानना, प्राथमिक उपचार, गुड टर्न एक उपयोगी, हस्तशील तैयार करना, तूफान, लालटेन, राष्ट्रीय ध्वज का महत्व आदि विषयों का प्रशिक्षण दिया गया।

## वीर हनुमान मंदिर में हनुमंत कथा का भव्य आयोजन, तैयारियों को लेकर चर्चा

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर में हनुमान जयंती के पावन अवसर पर वीर हनुमान मंदिर रत्ना गोगामेडी में हनुमंत कथा के आयोजन के लिए बैठक रखी गई। जिसमें आगामी 8 अप्रैल से 12 अप्रैल तक, दोपहर 2 बजे से शाम 5.30 बजे तक हनुमान कथा के आयोजन को लेकर तैयारियों पर चर्चा की गई। कथा वाचक परम श्रद्धय गुरुदेव राकेश मिश्र जानकी कथा का वाचन करेंगे। गुरुदेव ने बताया कि इस कथा में कलयुग के देवता हनुमान जी के चरित्र के बारे में हनुमान जी को प्राप्त तत्वज्ञान के बारे में श्रोताओं को भक्ति रस का रसपान करवाया जाएगा। हनुमंत कथा के समापन दिवस 12 अप्रैल को हवन करने के पश्चात प्रसाद सेवा का सौभाग्य ओम प्रकाश जोशी समाजसेवी नेपाल प्रवासी को प्राप्त हुआ है। 12 अप्रैल पूर्णिमा को शाम को भव्य जागरण लक्ष्मी मोदी एंड पार्टी की ओर से किया जाएगा। कथा का आयोजन वीर हनुमान भक्त मंडल के तत्वाधान में होगा। बैठक में कथा की तैयारियों को लेकर हनुमान भक्तों को जिम्मेदारी दी गई है। इस अवसर पर गणेश जी महाराज और हनुमान जी को प्रसाद व कार्ड भेंटकर कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी भक्त मंडल सदस्यों की ओर से प्रार्थना की गई। सभी भक्त मंडल के सदस्यों ने ज्यादा से ज्यादा भक्तों के कथा में उपस्थित होने की अपील की गई। सियाराम के परम लाडले हनुमान जी की अमृतमय कथा का रसास्वादन करने का आह्वान किया गया। बैठक में मंदिर पुजारी रमेश शर्मा, कन्हैयालाल घोड़ेला, किशनलाल खाती, सांवरमल सैनी, अशोक प्रजापत, अंजनी धरेंद्र, जितेंद्र प्रजापत, विनोद कुमार मीणा, रामलाल सैनी, प्रशांत सेवदा, देवीसिंह चौहान सहित भक्त मंडल सदस्य उपस्थित रहे।

## उत्कृष्ट कार्य करने पर परिहार का किया अभिनंदन



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में राजकीय सेवा में उल्लेखनीय कार्य करने पर शुक्रवार को सहायक प्रशासनिक अधिकारी जगदीश प्रसाद परिहार का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधीक्षण अभियंता चुन्नीलाल ने की। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि लेखाधिकारी मनीष आर्य, सहायक अभियंता सुशील कुमार, जिग्नेश कुमार व मीनाक्षी चौधरी थे। इस दौरान विभाग के निजी सचिव विपिन गोयल ने कहा कि परिहार ने राजकीय सेवा के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों में भी उल्लेखनीय कार्य किये हैं। महासंघ के पूर्व जिलाध्यक्ष औंकारमल सैनी ने कहा कि वर्तमान में नई पीढ़ी को परिहार से प्रेरणा लेनी चाहिए, क्योंकि उन्होंने अपनी सेवा के दौरान पूर्ण निष्ठा के साथ कीर्तिमान स्थापित किए हैं। कार्यक्रम में संस्थापक अधिकारी गोगराज जांगिड़, सहायक लेखा अधिकारी जुगल सिंह भाटी, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी मनोज राजपुरोहित, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी संजय कुमार वर्मा, होशियार सिंह, विनोद आर्य, दिलाराम सुंडा, कुलदीप जांगिड़, कल्पेश सिंह, देवी दत्त, मंजू चौधरी, करणी सिंह, मनोज नायक, राकेश परिहार, मुकेश पंवार, वीरेंद्र सिंह, राकेश पाटन आदि ने माल्यार्पण कर परिहार का स्वागत किया। यादव प्रकाश, करण राव व हजारीलाल मीणा ने कार्यक्रम में सहयोगी भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन उमेश दाधीच ने किया।

## रतनगढ़ के गांव सेहला में लगी आग, अफरा-तफरी मची

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** तहसील के गांव सेहला के बस स्टैंड पास स्थित बीहड़ में शुक्रवार की शाम हाईटेंशन लाईन के तार शॉर्ट सर्किट होने से घास में आग लग गई। आग की लपटे देखकर ग्रामीणों में अफरा- तफरी मच गई और मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। घटना की सूचना नगरपालिका दमकल को दी, जिस पर दमकल मौके पर पहुंची तथा आग पर काबू पाया। गांव के इंद्र सहारण ने बताया कि पंचायत की ओर से हाल ही में गांव के बस स्टैंड के पास स्थित बीहड़ का जीर्णोद्धार करते हुए सार्वजनिक पार्क विकसित किया था। इसके पास जोहड़ होने के कारण यहां पर पेड़-पौधे भी लगाए गए हैं। पार्क की भूमि पर फैली घास में शुक्रवार की शाम हाईटेंशन लाईन के शॉर्ट सर्किट से अचानक चिंगारियां उछली, जो घास पर गिर गई, जिससे आग लग गई। आग की लपटे देखकर गांव के शीशपाल खोथ, वसीम खान, नरेंद्र खोथ, नंदराम खोथ, फुलाराम मेघवाल, बाबूलाल मेघवाल, गिरधारीलाल खोथ सहित कई लोग मौके पर पहुंचे और पानी व मिट्टी डालकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। इसी दौरान नगरपालिका दमकल को भी सूचना दी, जिस पर दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

## दो बाईकों की भिड़ंत में एक की मौत

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** दो बाईकों की भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि बाईक पर सवार होकर दो भाई गुरुवार की शाम गांव हंसासर से छोटड़िया जा रहे थे कि सामने से आ रही बाईक के चालक ने तेज गति व लापरवाही से उनके टक्कर मार दी, जिससे एक युवक की मौत हो गई। इस संबंध में तहसील के गांव मेलूसर निवासी अरविंदसिंह ने पुलिस लिखित रिपोर्ट दी है, जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि अरविंद की ओर से दी गई रिपोर्ट में उल्लेख किया है कि वह और उसका चचेरा भाई निर्मलसिंह शेखावत एक ही बाईक पर सवार होकर हंसासर से छोटड़िया जा रहे थे कि सामने से आ रही बाईक ने उनके टक्कर मार दी। हादसे में निर्मलसिंह के गंभीर चोट आई, जिस पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां पर उसे प्राथमिक उपचार के बाद रैफर कर दिया। जयपुर ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लाश का पोस्टमार्टम करवाकर शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

## महाराणा सांगा का अपमान करने वाले सांसद के विरुद्ध कार्रवाई की मांग

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निस)।** विश्व हिंदू परिषद व बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को महाराणा सांगा को अपमानित करने वाले सांसद को सजा दिलवाने की मांग करते हुए आक्रोश जताया और राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार सज्जनकुमार लाटा को ज्ञापन सौंपा। विश्व हिंदू परिषद प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार महर्षि और बजरंग दल जिला सहसंयोजक विजयकुमार चौमाल ने बताया कि राज्यसभा में समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन ने महाराणा सांगा पर विवादित बयान देकर संपूर्ण सनातन समाज को अपमानित किया है। इन्होंने बताया कि राणा हमारे राजस्थान के वीर महापुरूषों में अग्रणी है, जिनके खिलाफ इस तरह के बयान देने वाले राज्य सभा सांसद को कठोर सजा दी जाए। इस अवसर पर प्रखंड संयोजक एडवोकेट मनीष चीनिया, सहसंयोजक मुरली प्रजापत, पार्षद निखिल इंदौरिया, वासुदेव भुढाढरा, परिषद के महावीर प्रसाद महर्षि, अजय गार्गी, जगदेव सांखोलिया, रामदेव चंदनिया, राजेंद्र चांदगोठिया, विजय नायक, हरिओम पारीक, बिट्?टूसिंह, अक्षय दाधीच, अनुराग भार्गव, राहुल सैन, मारूति सैनी, अरविंद मिश्रा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## समस्या के समाधान की मांग, सभापति को ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर की गिनाणी के नालों के चेम्बरों की जालियों पर चदर लगवाने व वार्ड में जोन के कार्य करवाने की मांग को लेकर वार्ड के पार्षद लालबहादुर सेवदा ने सभापति राजकरण चौधरी को दिया ज्ञापन देकर वार्ड की समस्या के समाधान की मांग की हैं। वार्ड पार्षद ने ज्ञापन में बताया कि मुख्य गिनाणी का नाला वार्ड 10 से होकर गुजरता है। नाले के ऊपर बहुत बड़े लोहे कि जालियों के चेंबर बने हुये है। इन चेंबरों से बहुत खतरनाक दुर्गंध व बदबू हमेशा ही आती रहती है। लेकिन मौसम बदलने के साथ ही इनका प्रकोप बढ़ गया है। जिसके कारण इन गलियों के लोगों का श्वांस लेना दुबर हो गया है और सुबह ओर शाम के समय यहां मच्छरों का प्रकोप भयकंर बढ़ जाता है। जिसके कारण मौसमी बीमारियां फैल रही है। मुख्य मार्ग होने की वजह से आसपास के वार्डो से भी लोगों का आवागमन बहुत अधिक रहता है। कई वार्डों के लोगों को अंतिम यात्रा व शादी विवाह के ढुकाव आदि आवागमन इसी मार्ग से होकर जाना पड़ता हैं। जिससे यहां से गुजरने वाले राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। वार्ड की समस्या के बारे में पहले भी कई बार अवगत करवाया गया है। लेकिन अभी तक कोई भी कार्य नहीं किया गया है। वार्ड में कई जालियां व सड़के टुट्टी पड़ी है। जिनके बारे में भी पहले कई बार अवगत करवाया गया। प्रत्येक वार्ड पार्षद का वार्ड विकास के लिए वार्षिक 5 लाख तक का कार्य तय किया गया। लेकिन अभी तक ठेकेदार की ओर से वार्ड में कोई कार्य नहीं किया गया है। वार्ड पार्षद ने सभापति को ज्ञापन देकर वार्ड की समस्या के समाधान की मांग की है।

## राजस्थान स्थापना दिवस पर होगा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं.)** राजस्थान स्थापना दिवस का जिला स्तरीय समारोह 30 मार्च को जिले में बडे ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस संबंध में जिला कलक्टर रामावतार मीणा ने संबंधित अधिकारियों को विभिन्न गतितिविधियों के आयोजन करने के निर्देश दिए है। इसी कड़ी में स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को मुख्य स्थलों व स्मारकों पर रोशनी की व्यवस्था की जाएगी। मेडतनी बावडी पर छात्र-छात्राओं को भ्रमण करवाया जाएगा। स्काउट गाईड कार्यालय में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन होगा। जिला मुख्यालय पर देवस्थान में पूजा अर्चना व अन्य कार्यक्रम आयोजित होंगे। रन फॉर फिट राजस्थान का आयोजन किया जाएगा। शाम 6 बजे से स्काउट गाईड कार्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## राजेंद्र राठौड़ सहित भाजपा नेताओं ने किए सालासर बालाजी के दर्शन

जयपुर टाइम्स

**सालासर(निस)।** सिद्ध पीठ सालासर बालाजी धाम में शुक्रवार को सुबह भाजपा नेता राजेंद्र राठौड़, चूरू लोकसभा प्रत्याशी रहे देवेंद्र झाझडिया, चूरू विधायक हरलाल सारण सहित कई भाजपा नेता सालासर पहुंचे और बालाजी महाराज के दर्शन किए। सालासर पहुंचने पर विजय सिंह शेखावत, गोपाल ढाका, मांगीलाल पुजारी, धर्मवीर पुजारी, हनुमान, आलोक पुजारी, जीतमल शर्मा, प्रहलाद सिंह शेखावत, भंवरसिंह शेखावत, जसवंत सिंह सहित भाजपा नेताओं का दुपट्टा पहन कर स्वागत किया गया। उसके पश्चात राजेंद्र राठौड़ ने सालासर भाजपा कार्यालय में पहुंचकर भाजपा नेता मनोज शर्मा का केक काटकर जन्मदिन मनाया और उज्जवल भविष्य की कामना की।

## सूचना केन्द्र में माहेश्वरी ने किया एयर कंडीशनर भेंट, जनसंपर्क कर्मियों ने किया संयुक्त निदेशक का अभिनंदन



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला मुख्यालय स्थित सूचना केन्द्र में डीओआईटी संयुक्त निदेशक मनोज कुमार माहेश्वरी ने अपने माता-पिता सुशीला देवी व रामस्वरूप माहेश्वरी की स्मृति में एयर कंडीशनर भेंट किया। इस अवसर पर एपीआरओ मनीष कुमार, सहायक प्रशासनिक अधिकारी रामचंद्र गोयल, वरिष्ठ सहायक मंगेज सिंह, संजय गोयल, बजरंग मीणा, विजय रक्षक, सिंकदर खान आदि जनसंपर्क कर्मियों ने संयुक्त निदेशक माहेश्वरी का मार्ल्यापण कर अभिनंदन किया। एपीआरओ मनीष कुमार ने संयुक्त निदेशक मनोज माहेश्वरी के इस उत्कृष्ट कार्य के लिए आभार व्यक्त किया। जनसंपर्क कर्मियों ने डीओआईटी एसीपी नरेश टुहानिया, प्रोग्रामर राजेन्द्र प्रजापत, प्रेरक सहायक प्रोग्रामर अभिषेक सरोवा, सहायक प्रोग्रामर प्रमोद प्रजापत, सहायक प्रोग्रामर निर्मल कुमार, सहायक प्रोग्रामर गुरप्रीत लबाना का अभिनंदन किया। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक मनोज कुमार माहेश्वरी ने कहा कि उनके माता-पिता की सेवा भावना से ही यह संभव हुआ। संसाधनगत विकास में सहयोग से देश-प्रदेश की सेवा एक अच्छी पहल है।

## रोजगार सहायता शिविर आज

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** रोजगार सेवा निदेशालय राजस्थान, जयपुर के दिशा-निर्देशानुसार राजस्थान दिवस के उपलक्ष में जिला रोजगार कार्यालय, चूरू की ओर से शनिवार को सवेरे 10 बजे जिला मुख्यालय स्थित मातुश्री कमला गोयनका टाउन हॉल में बेरोजगार युवाओं के लिए एकदिवसीय रोजगार सहायता शिविर व कैरियर मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया जाएगा। रोजगार सहायक निदेशक वर्षा जानू ने बताया कि शिविर में जिले के 8 वीं पास से लेकर स्नात्तकोत्तर उपाधि प्राप्त शिक्षित बेरोजगार आशार्थियों को निजी क्षेत्र की कम्पनियों में रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। बेरोजगार आशार्थी अपने मूल शैक्षणिक/ फोटोयुक्त पहचान पत्रा दस्तावेज मय प्रतिलिपि व पासपोर्ट साइज फोटो के साथ रोजगार सहायता शिविर में भाग ले सकते हैं।

## विशेष अभियान 'खुशी-नवम' की बैठक कल

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (सिविल राईट्स व एएचटी), पुलिस मुख्यालय, राजस्थान के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक जय यादव की अध्यक्षता में 30 मार्च को दोपहर 12.15 बजे पुलिस लाइन सभागार में विशेष अभियान 'खुशी-नवम' को लेकर बैठक आयोजित की जाएगी। पुलिस अधीक्षक जय यादव ने बताया कि विशेष अभियान 'खुशी-नवम' का प्रमुख उद्देश्य गुमशुदा नाबालिग बच्चों की अधिक से अधिक दस्तयाबी कर गुमशुदगी के प्रकरणों में कमी लाना है। उन्होंने अभियान को सफल बनाने के लिए अभियान से जुड़े समस्त स्टेक होल्डर्स को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश प्रदान किए हैं।

## 50 लाख की फिरौती मांगने के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** झुंझुनूं शहर में फिरौती के लिए दहशत फैलाने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बदमाशों ने एक कारोबारी की स्विफ्ट डिजायर कार को कैंपर गाड़ी से कई बार टक्कर मारी और इलाके में दहशत फैला दी थी। कोतवाली थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए सोनू, राहुल, इमरान और अमित को गिरफ्तार किया है। मामला झुंझुनूं के वारिसपुरा रेलवे फाटक का है, जहां मंगलवार शाम करीब 6 बजे बदमाशों ने कारोबारी पंकज की खड़ी कार को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। बदमाशों ने बिना नंबर प्लेट की कैंपर गाड़ी से कार को आठ बार टक्कर मारी, जिससे वह दीवार और खंभे के बीच फंस गई। घटना के बाद आरोपी फरार हो गए, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। पीड़ित पंकज और उसके साथी बबलू झुंझुनूं में ज्वेलरी और पिग फार्म का कारोबार करते हैं। पंकज ने बताया कि पिछले एक महीने से बदमाश 50 लाख रुपए की फिरौती मांग रहे थे और धमकी दे रहे थे कि पैसे नहीं देने पर गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। मंगलवार को जब पंकज सब्जी लेने के लिए गाड़ी से उतरे, उसी दौरान बदमाशों ने उनकी खाली कार पर हमला कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चार आरोपियों सोनू, राहुल, इमरान और अमित को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली थाना अधिकारी हरजिंदर सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है और उन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा।



# भजनलाल सरकार का विचार-सुशासन, विकास और समर्पण : वंदना आर्य

### राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष में आयोजित सुशासन व विकास उत्सव

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला प्रमुख वंदना आर्य ने कहा है कि सुशासन, विकास और समर्पण ही प्रदेश की भजनलाल सरकार की विचारधारा है। जिला प्रमुख वंदना आर्य शुक्रवार को राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष में आयोजित किया जा रहे सप्ताहिक समारोह अंतर्गत जिला मुख्यालय स्थित मातुश्री कमला गोयनका टाउन हॉल में आयोजित सुशासन एवं विकास उत्सव में संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य अतिथि में भीलवाड़ा में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम से जिला स्तरीय कार्यक्रम वीसी के जरिए जुड़ा रहा। इस अवसर पर जिला प्रमुख वंदना आर्य, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, जिला उप प्रमुख महेंद्र न्यौल, एडीएम अर्पिता सोनी सहित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों ने शिरकत की। एडीएम अर्पिता सोनी व सांख्यिकी उपनिदेशक डॉ. आरजी सेपट ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर आर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार सुशासन के लिए प्रतिबद्ध है। अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों के माध्यम से प्रत्येक पात्र व्यक्ति को सुविधाओं व जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए सरकार समग्र प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में विकास की गति तीव्र हुई है। उन्होंने कहा कि हम सभी सुशासन की अवधारणा को साकार करने के लिए संकल्पित होकर आगे बढ़े। जिला उप प्रमुख महेन्द्र न्यौल ने कहा कि सरकार की योजनाओं का सभी वंचित व पात्र व्यक्तियों तक लाभ पहुंचे। इसके लिए हम सभी स्थानीय स्तर पर सजग प्रयास करें। सरकार का सुशासन व विकास का संकल्प हम सभी मिलकर पूरा करें।



### समृद्ध और विकसित प्रदेश की राह पर राजस्थान

प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान समृद्ध और विकसित प्रदेश बनने की राह पर अग्रसर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राजस्थान विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपनी कल्याणकारी नीतियों में अंतिम छोर के व्यक्ति को लाभान्वित करने के लिए संकल्पबद्ध है। हम अपने घोषणा पत्र में शामिल नीतियों व योजनाओं को शत-प्रतिशत धरातल पर उतारने का काम करेंगे। प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में सीएम भजनलाल शर्मा ने पत्रकारों को हेल्थ कवरेज (आरजीएचएस) योजना का विमोचन किया और यूडीएच, एलएसजी व राजस्व विभाग की ओर से डेलिगेशन के ऑर्डर, पं.दीनदयाल उपाध्याय शहरी विकास योजना, उप पंजीयक कार्यालय का समय सप्ताह में दो दिन सवेरे 8 बजे से सांय 8 बजे तक करने, फायर एनओसी प्राप्त करने की प्रक्रिया के सरलीकरण के आदेश, अन्नपूर्णा भंडार के दिशा-निर्देश, जल जीवन मिशन (शहरी) के दिशा-निर्देश, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली 150 यूनिट मुफ्त बिजली के दिशा-निर्देश, राजस्थान सर्कुलर इकोनॉमी इंसेंटिव स्कीम के दिशा-निर्देश, मा योजना के तहत न्यू पैकेज व नेत्र वाउचर स्कीम के निर्देश, हरित अरावली विकास परियोजना के निर्देश, नए जिलों में डीएमएफटी गठन के आदेश, विधायक जन सुनवाई केन्द्र के संबंध में दिशा-निर्देश, भवन निर्माण उपनियम, चिकित्सा एप्प लॉन्चिंग, ई-वर्क पोर्टल व ई-वर्क मोबाइल एप्प लॉन्चिंग, राजस्थान सम्पर्क 2.0 परियोजना का शुभारंभ किया।

### पंच गौरव पुस्तिका का किया विमोचन

सुशासन एवं विकास उत्सव के जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान जिला प्रमुख वंदना आर्य, जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा, जिला उप प्रमुख महेन्द्र न्यौल, एडीएम अर्पिता सोनी, डीएफओ वीरेन्द्र कृष्णिया, सांख्यिकी उपनिदेशक डॉ. आरजी सेपट, सीपीओ भागचंद खारिया, जिला खेल अधिकारी सीताराम प्रजापत, आत्मा परियोजना निदेशक राजकुमार कुल्हरि, उद्योग महाप्रबंधक उजाला सहित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों ने पंच गौरव पुस्तिका का विमोचन किया। उपनिदेशक सेपट ने बताया कि पंच गौरव कार्यक्रम के तहत चूरू जिले की विरासत व पारिस्थितिकी को ध्यान में रखते हुए पंच गौरव के रूप में एक जिला-एक वनस्पति प्रजाति के रूप में खेजड़ी, एक जिला-एक पर्यटन स्थल के रूप में सालासर बालाजी मन्दिर, एक जिला-एक उपज के रूप में ग्वारपाठा, एक जिला एक खेल के रूप में एथलेटिक्स, एक जिला-एक उत्पाद में वुडन उत्पाद चिन्हित किए गए हैं।

## नगर निकायों के सीमांकन, परिसीमन पुनर्गठन व पंचायती राज संस्थाओं में पुनःसीमांकन जनभावना के विपरितः खीचड़



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** नगर निकाय और पंचायतों के पुनर्गठन में भेदभाव और गड़बडी को लेकर कांग्रेस अब राज्य सरकार के खिलाफ मुखर हो गई है। इसी के तहत शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित शहर व देहात ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय मंडेलिया हाउस में जिलाध्यक्ष इन्द्राज खीचड़ के नेतृत्व में एक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर निकाय और पंचायतों के पुनर्गठन में भेदभाव और गडबड़ी का आरोप लगाते हुए कांग्रेस जनों ने जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष इन्द्राज खीचड़ ने कहा कि भजनलाल सरकार ने नगर निकायों के सीमांकन परिसीमन पुनर्गठन व पंचायती राज संस्थाओं में पुनसीमांकन जनभावना के विपरित और नियम विरूद्ध है। इसके साथ ही राजनीतिक द्वेषता से किया जा रहा है। इस दौरान पीसीसी महासचिव रामजीलाल शर्मा, डीसीसी संगठन महामंत्री उम्मेद सिंह, शहर ब्लॉक अध्यक्ष असलम खोखर, देहात ब्लॉक अध्यक्ष किशोर धान्धू, कोषाध्यक्ष डीसीसी रामनारायण व्यास, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहम्मद हुसैन निर्वाण, तारानगर प्रधान संजय कस्वां, रमजान खां, शिवकुमार शर्मा, अली मो. भाटी, विधाधर बेनीवाल, सीताराम खटीक, प्रदीप कुमार तोदी, रामेश्वर प्रजापति, लालचंद सैनी, श्रवण बसेर, रामप्रताप कांटिवाल, प्यारेलाल दानोदिया, चन्दनमल मेघवाल, विजयपाल भुवाल, मोहन आर्य, विनोद खटीक, असलम खान मोयल, अजीज दिलावरखनी, गणेष ढ़ाका, धर्मेन्द्र, राजेन्द्र रणवां, घनष्याम अलवरिया, दिनेष कस्वां, डूंगरसिंह राठौड, विधाधर मेघवाल, हर्ष लाम्बा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट सद्दाम हुसैन व ब्लॉक प्रवक्ता विमल शर्मा ने किया।

## *जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा को बढ़ता बचपन कार्यक्रम के लिए स्कॉच अवार्ड - 2025*

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा को जिले में महिला व बाल विकास विभाग में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों, बच्चों के सर्वांगींण विकास व डिजिटल लर्निंग के तहत एक ''बढ़ता बचपन'' के लिए स्कॉच अवॉर्ड -2025 के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। आईसीडीएस उपनिदेशक डॉ नरेन्द्र शेखावत ने बताया कि जिला कलक्टर को बढ़ता बचपन कार्यक्रम को सफलतम ढंग संचालित करवाने के फलस्वरूप राष्ट्रीय स्तर की स्वतंत्र एजेन्सी स्कोच कंसलटेन्सी सर्विसेज प्रा. लि. वसंत विहार, नई दिल्ली की ओर से अपने 100वां स्कोच अवार्ड समिट -2025 के लिए चयन किया गया है। 29 मार्च, 2025 को जैकरांडा हॉल, इंडिया हैबिटेट सेंटर, लोधी रोड़, नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में स्कॉच अवार्ड से समीर कोचर की ओर से नवाजा जाकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 'बढता बचपन' कार्यक्रम में जिले में महिला व बाल विकास विभाग में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों पर भौतिक सुदृढ़ीकरण के तहत 340 मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र विकसित किए गए हैं, जिसमें चाईल्ड फ्रैंडली पैंटिंग बनवाई और खिलौने, फर्नीचर, ऑडियो-वीडियो प्रदान किए गए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को विशेष प्रशिक्षण दिया जाकर उनकी दक्षता बढाई गई है। रॉकेट लर्निंग स्वयंसेवी संस्था के माध्यम से सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को डिजिटल लर्निंग का प्रशिक्षण देकर 03-06 वर्ष के बच्चों को ईसीसीई गतिविधियां डिजिटल करवाई गईं। सभी बच्चों के माता - पिता को व्हाट्सएप्प ग्रुप में जोड़कर डिजिटल लर्निंग से अवगत कराया गया और साथ ही जिला मुख्यालय पर कामकाजी माता-पिता के बच्चों की देखभाल के लिए फुलवारी (क्रेच) पायलेट प्रोजेक्ट के रूप मे संचालित करवाया जा रहा है।

## एक जिला- एक उत्पाद से संबंधित इकाईयां एसएसओ पोर्टल से करें ऑनलाइन पंजीयन

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** एक जिला- एक उत्पाद (वुड प्रोडक्टस) से संबंधित जिले की विनिर्माता इकाईयों को एसएसओ पोर्टल से ऑनलाइन पंजीयन करने के लिए कहा गया है। उद्योग महाप्रबंधक उजाला ने बताया कि बिजनेस रिफॉर्म एक्शन प्लान-2024 के तहत भारत सरकार के निर्देशानुसार राज्य की समस्त ओडीओपी विनिर्माता इकाइयों का ऑनलाईन पंजीकरण किया जाना अपेक्षित है। इस क्रम में सूचना, प्रौद्योगिकी व संचार विभाग की ओर से ओडीओपी पंजीकरण की प्रक्रिया के लिए आवेदन पत्र एसएसओ पोर्टल पर ऑनलाईन कर दिया गया है। एक जिला एक उत्पाद से संबंधित इकाइयों को प्रोत्साहित किये जाने के लिए प्रारम्भ की गई राजस्थान एक जिला एक उत्पाद नीति-2024 में देय समस्त लाभ भी इसी पोर्टल के माध्यम से दिये जाने प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि जिले की एक जिला- एक उत्पाद (वुड प्रोडक्ट्स) विनिर्माता इकाई एसएसओ पोर्टल पर ओडीओपी आइकॉन पर क्लिक कर पंजीयन कराएं। पंजीयन के लिए आवेदक की फोटो, इकाई का पैन कार्ड, उद्यम रजिस्ट्रेशन, प्रथम विक्रय बिल, अंतिम विक्रय बिल, निर्मित उत्पाद की फोटो व अन्य दस्तावेज आवश्यक है।

# कार्यकर्ता निकाय व पंचायत चुनाव के लिए रहें तैयार: राजेंद्र राठौड़

### भोजलाई बास में किया सड़कों का शिलान्यास

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय भोजलाई बास स्थित राजकीय नागरिक परिषद विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने वार्ड में 60 लाख की लागत से बनने वाली सड़कों का शिलान्यास किया। इस दौरान पद्मश्री देवेंद्र झाझड़िया, चूरू विधायक हरलाल सारण, भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, नेता प्रतिपक्ष जयश्री दाधीच, बीदासर की प्रधान संतोष मेघवाल, पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया, सीबीईओ सुनीता पूनिया, बुद्धिप्रकाश सोनी, वैद्य भंवरलाल शर्मा आदि मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन कर रही नेता प्रतिपक्ष जयश्री दाधीच ने आयोजकीय पृष्ठभूमि को रेखांकित किया। इसके बाद चित्रा बागड़ा की टीम की ओर से शिव स्तुति पर योगा नृत्य की प्रस्तुति दी गई, जिस पर उनकी टीम का राजेंद्र राठौड़ ने पारितोषिक प्रदान कर स्वागत किया। इसी प्रकार जादूगर सम्राट दीपक की ओर से मैजिक के कारनामे दिखाए गए कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि उप चुनावों के दौरान गली गली में घूमकर कांग्रेस के नेताओं ने केवल वादे किए थे, लेकिन भाजपा की डबल इंजन की सरकार आने के बाद हम लोगों ने जनता को काम करके राहत प्रदान की है। राठौड़ ने कहा कि आज पूरे विश्व में भारत की साख बढ़ी है। अब दुश्मन को मुंह तोड़ जवाब दिया जाता है। यदि पाकिस्तान की तरफ से गोली चलती है, तो भारत की तरफ से गोला चलता है। उन्होंने कहा कि अब वक्त आ गया है जब सुजानगढ़ में नगरपरिषद और पंचायत के चुनावों में भी भाजपा का कब्जा होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से चुनाव के लिए अभी से तैयारी करने की अपील की। गोपालपुरा के प्रेमसिंह पंवार ने तलवार भेंट कर राजेंद्र राठौड़ का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में पद्मश्री देवेंद्र झाझड़िया, भाजपा नेता संतोष मेघवाल, चूरू विधायक हरलाल सारण ने भी विचार प्रकट किए। इससे पहले अतिथियों का स्वागत मांगीलाल स्वामी, कमल दाधीच, विनोद प्रजापत, संपत सिंह, धनपति जांगिड़, रामलाल गुलेरिया, पुसराज प्रजापत, बनवारीलाल बिजारणियां, विश्वनाथ बारवासा, बुद्धिप्रकाश सोनी, भंवरलाल, टीकमचंद, लक्ष्मीनारायण, शिवभगवान दर्जी, संतोष जागीड, दिलीप प्रजापत आदि ने माल्यार्पण कर व साफा पहनाकर किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, नेता और वार्डवासी मौजूद रहे।




स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।